


# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

₹4

वर्ष 21 | अंक-222 | मुंबई, सोमवार, 10 मार्च 2025 | मुंबई | पृष्ठ 12 | मूल्य









## रोहित ब्रिगेड की दुबई में 'दबंगई'



# भारत फिर बना विश्व विजेता

**दुबई।** भारत ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के खिताब का सूखा समाप्त कर लिया है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने रविवार को न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 अपने नाम की। भारत ने तीसरी बार टूर्नामेंट का खिताब जीता है। रोहित ब्रिगेड की दुबई में 'दबंगई' देखने को मिली। भारत ने हाईब्रिड मॉडल के तहत अपने सभी मैच दुबई के मैदान पर खेले और एक भी हार नहीं झेली। न्यूजीलैंड ने फाइनल में 252 रनों का टारगेट दिया, जिसे भारत ने 49 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर चेज किया। भारत ने न्यूजीलैंड से फाइनल में हार का हिसाब बराबर कर लिया है। न्यूजीलैंड ने साल 2000 में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत को हराया था। कीवी टीम ने इसके अलावा 2021 में भारत से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल जीता था।

## तीसरी बार जीती आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी

### डकेट को गोल्डन बैट, मैट को गोल्डन बॉल

न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज बेन डकेट को गोल्डन बैट से सम्मानित किया गया। जबकि मैट हेनरी को गोल्डन बॉल का खिताब दिया गया। बेन ने एक शतक की मदद से 227 रन बनाए। दूसरे स्थान पर दो शतक की मदद से रचिन रविंद्र ने 226 रन बनाए। गोल्ड बॉल जीतने वाले मैट हेनरी ने 4 मैचों 10 विकेट चटकाए। दूसरे स्थान पर भारत के स्टार गेंदबाज मोहम्मद शमी रहे।

### रचिन को प्लेयर ऑफ दी सीरीज, रोहित प्लेयर ऑफ दी मैच

न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र को प्लेयर ऑफ दी टूर्नामेंट से नवाजा गया। वहीं रोहित शर्मा को प्लेयर ऑफ दी मैच दिया गया। रचिन ने 226 रन बनाए और विकेट भी लिए। भारत के खिलाफ फाइनल मुकाबले में रचिन ने एक विराट कोहली का अहम विकेट चटकाया।

### राहुल ने पार लगाई जीत की नैया

विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल एक छोर पर डटे रहे। उन्होंने हार्दिक पांड्या (18 गेंदों में 18) के साथ छठे विकेट के लिए 38 रनों की पार्टनरशिप की। भारत को आखिरी तीन ओवर में 12 रनों की दरकार थी। राहुल ने विलियम ओरूर्के के खिलाफ विजयी चौका लगाया। वह 33 गेंदों में 34 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने एक चौका और एक छक्का मारा।

### भारत की सातवीं ICC ट्रॉफी

भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया है। यह भारत का लगातार दूसरा आईसीसी टूर्नामेंट खिताब है। इससे पहले 2024 में टीम इंडिया ने टी20 विश्व कप जीता था। वहीं यह भारत की सातवीं आईसीसी ट्रॉफी है। इससे पहले टीम 1983 और 2011 वनडे विश्व कप, 2007 और 2024 टी20 विश्व कप और 2002, 2013 और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीत चुकी है। भारत इस पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहा। उसने लगातार पांच मैच जीते।

### रोहित शर्मा ने खेली शानदार पारी

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने अच्छी शुरुआत की। रोहित और शुभमन गिल ने पहले विकेट के लिए 105 रनों की पार्टनरशिप की। गिल 50 गेंदों में 30 रन बनाने के बाद 19वें ओवर में कप्तान मिचेल सैंटनर का शिकार बने। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का बल्ला नहीं चला। वह दो गेंदों में एक रन ही बना सके। उन्हें माइकल ब्रेसवेल ने 20वें ओवर में एलबीडब्ल्यू किया। भारत का तीसरा विकेट रोहित के रूप में गिरा, जिन्हें रचिन रविंद्र ने 27वें ओवर में पवेलियन की राह दिखाई। उन्होंने 83 गेंदों में 76 रन की बेहतरीन पारी खेली, जिसमें सात चौके और तीन छक्के शामिल हैं। रोहित के आउट होने बाद श्रेयस अय्यर (62 गेंदों में 48) और अक्षर पटेल (40 गेंदों में 20) ने बखूबी मोर्चा संभाला।

### धोनी-गांगुली की सूची में रोहित

फाइनल मुकाबले में रोहित ने अर्धशतक लगाया। ये उनके करियर की 58वीं फिफ्टी थी। इसी के साथ वह आईसीसी फाइनल में अर्धशतक जमाने वाले भारत के तीसरे कप्तान बन गए हैं। इससे पूर्व गांगुली ने 2000 में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड खिलाफ ये काम किया था। धोनी ने साल 2011 में वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में ये काम किया था।

### फाइनल खेलने में 'रो-को' नं. 1

रोहित और कोहली आईसीसी टूर्नामेंट का सबसे ज्यादा नौ फाइनल खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह और चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के लिए भारतीय टीम में शामिल ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 8-8 फाइनल खेला है।

### लगातार 15 टॉस हारा भारत

भारतीय टीम ने वनडे में लगातार 15वां टॉस गंवाया है। टीम 2023 वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के मैच के बाद से कोई टॉस जीत नहीं सकी है। वहीं रोहित का नाम वनडे में लगातार सबसे ज्यादा टॉस हारने वाले कप्तानों की लिस्ट में दर्ज हो चुका है। उन्होंने लगातार 12 मैचों में टॉस गंवाकर वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर ब्रायन लारा की बराबरी कर ली है।

### रोहित-गिल के नाम कीर्तिमान

रोहित शर्मा और शुभमन गिल की जोड़ी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में शतकीय साझेदारी करने वाली तीसरी ओपनिंग जोड़ी बन गई है। यह कारनामा पहली बार 2000 में सौरव गांगुली और सचिन तेंदुलकर की जोड़ी ने किया था।









## मुंबई में सफाई के दौरान दर्दनाक हादसा

# पानी टंकी में 5 मजदूरों की मौत

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के नागपाड़ा में बड़ी दुर्घटना हुई है। पानी की टंकी साफ करते समय दम घुटने से पांच मजदूरों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि निर्माणाधीन भवन में पानी की टंकी सफाई की जा रही थी। पांच मजदूर टंकी में सफाई करने उतरे। अचानक एक-एक कर मजदूर बीमार पड़ने लगे। उन्होंने घुटन महसूस करने की शिकायत की। मजदूरों को पानी की टंकी से बाहर निकाला गया और मौके पर फायरब्रिगेड के कर्मियों को बुला लिया गया था। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने पानी की टंकी से मजदूरों को निकालकर इलाज के लिए जेजे अस्पताल में भर्ती कराया।



जानकारी मिल रही है कि हादसे के बाद पांचों मजदूरों को जब अस्पताल पहुंचाया गया, तो उनमें से 4 को मृत अवस्था में लाया गया था जबकि एक को भर्ती कराया गया था। पुलिस ने चार मौतों की पुष्टि की है, जबकि बीएमसी द्वारा जानकारी मिली है कि पांचों मजदूरों की जान चली गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।

### 'काल' बनी पानी की टंकी

▪ जानकारी के मुताबिक पानी की टंकी निर्माणाधीन बिल्डिंग की बताई जा रही है। दर्दनाक हादसा रविवार (9 मार्च) को सुबह 11.00-11.30 बजे के करीब हुआ। पांचों ठेका सफाई कर्मी थे। मृतकों के बारे में ज्यादा जानकारी का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर बचाव अभियान चलाया गया।

### सफाई के दौरान हादसा

▪ ठेका सफाई कर्मी पानी की टंकी में बेहोश हो गए थे। पानी की टंकी से सफाई कर्मियों को बाहर निकाला गया। लेकिन जेजे अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि तफ्तीश की जा रही है कि काम के दौरान सफाई कर्मी सुरक्षा का पालन कर रहे थे या नहीं। ठेका एजेंसी की लापरवाही सामने आने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सेप्टिक टैंकों की सफाई को बने थे नियम

पिछले साल अप्रैल में मुंबई और उसके आसपास के इलाकों में सीवर में उतरने से पांच सफाई कर्मचारियों की मौत के बाद महाराष्ट्र सरकार ने सेप्टिक टैंकों और सीवर लाइनों की मैन्युअल सफाई के लिए नगर निकायों और जिला कलेक्टरों को नए दिशानिर्देश जारी किए थे। महाराष्ट्र के शहरी विकास विभाग ने दिशानिर्देश में कहा था कि ऐसी सीमित जगहों की सफाई के लिए मशीनों का इस्तेमाल किया जाए। सफाई कर्मचारियों को केवल तभी सेप्टिक टैंकों और सीवर लाइनों में उतारा जाए, जब बहुत जरूरी हो।

### मृतकों के नाम

| | |
|---|---|
| 1. हसीपाल शेख | पुरुष /19 वर्ष |
| 2. राजा शेख | पुरुष /20 वर्ष |
| 3. जियाउल्ला शेख | पुरुष /36 वर्ष |
| 4. इमांडू शेख | पुरुष /38 वर्ष |
| 5. पुरहान शेख | पुरुष /31 वर्ष |

## विविध मुद्दों पर विपक्ष रहेगा आक्रामक

# संसद का बजट सत्र आज से

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार से शुरू होगा। इस सत्र में सरकार और विपक्ष के बीच में ईपीआईसी के अलावा अन्य कई मुद्दों को लेकर टकराव होने की संभावना है। वहीं विपक्ष वोटर लिस्ट में कथित हेराफेरी के साथ ही मणिपुर में हिंसा और ट्रंप प्रशासन से निपटने को लेकर भारत के रवैये जैसे मुद्दों को सदन में उठाने की योजना बना रहा है। वहीं दूसरी तरफ सरकार का फोकस अनुदान मांगों के लिए संसद की मंजूरी प्राप्त करना होगा। इसके साथ ही बजटीय प्रक्रिया को पूरा करने व मणिपुर बजट के लिए अनुमोदन प्राप्त करना और वक्फ संशोधन विधेयक को पारित करने पर ध्यान रहेगा। विपक्ष ने कहा कि वह मतदाता फोटो पहचान पत्र क्रमांक के दोहराव के मसले पर सरकार को घेरने की तैयारी में है। टीएमसी ने इस मुद्दे को उठाने में अहम भूमिका निभाई है, जिसके बाद इलेक्शन कमीशन ने कहा है कि वह अगले तीन महीनों में सुधारात्मक कदम उठाएगा।



▪ वक्फ विधेयक व मतदाता सूची में गड़बड़ी का मुद्दा गूंजेगा

### मणिपुर पर आएगा वैधानिक प्रस्ताव!

▪ गृह मंत्री अमित शाह मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की घोषणा के लिए संसद की मंजूरी लेने के लिए एक वैधानिक प्रस्ताव भी पेश कर सकते हैं। बता दें कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को ही मणिपुर का बजट भी प्रस्तुत करेंगी। क्योंकि एन। बीरेन सिंह के मणिपुर के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद 13 फरवरी से मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू है।

### मणिपुर के लिए पेश होगा बजट

▪ वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को मणिपुर के लिए बजट पेश कर सकती हैं। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद से मणिपुर में 13 फरवरी से राष्ट्रपति शासन लगाया गया है। वहीं, डुप्लिकेट इलेक्टोरल फोटो आइडेंटिटी कार्ड (ईपीआईसी) नंबरों के मुद्दे पर विपक्ष सरकार को घेरने की तैयारी कर रहा है।

## न्यूज BRIEF

### संभल में मस्जिद से उतारे लाउडस्पीकर

**संभल।** यूपी के संभल चंदौसी में हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद मस्जिद में तेज आवाज में अजान हुई। मस्जिद के इमाम हाफिज शकील शम्सी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस से लाउडस्पीकर उतरवा कब्जे में ले लिया है। चंदौसी नगर के पंजाबीयान मोहल्ले की एक मस्जिद में मानक से अधिक ऊंची आवाज में लाउडस्पीकर से अजान दिए जाने की शिकायत मिली थी।

### उपराष्ट्रपति धनखड़ एम्स में भर्ती

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ (73) को रविवार की सुबह एम्स दिल्ली के कार्डियक विभाग में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। उन्हें देर रात बेचैनी और सीने में दर्द हुआ था, उन्हें सीसीयू में निगरानी में रखा गया है। उपराष्ट्रपति का इलाज डा. राजीव नारंग की निगरानी में चल रहा है।

### जापान में दो बार आया तेज भूकंप

**टोक्यो।** जापान में रविवार को दो बार तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता दोनों बार पांच से ज्यादा रही, जिसकी वजह से दोनों बार जोरदार झटके लगे। भूकंप का केंद्र 39 किलोमीटर की उथली गहराई में था। इसलिए इस भूकंप के झटके ज्यादा महसूस किए गए और लोग दहशत में आ गए। नागरिकों को सतर्क रहने को सरकार ने अपील की है।

## वाइट हाउस के बाहर गोलीकांड

# सीक्रेट सर्विस की हथियारबंद से मुठभेड़

**वाशिंगटन।** वॉशिंगटन डीसी में वाइट हाउस के बाहर देर रात गोलीकांड की सनसनीखेज घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार, अमेरिकी सीक्रेट सर्विस ने हथियारबंद संदिग्ध को गोली मार दी। बताया जा रहा है कि गोलीबारी दोनों पक्षों से हुई। गनीमत यह रही कि घटना के समय अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फ्लोरिडा में थे। आरोपी जिंदा है या नहीं? इसका पता अभी चल पाया है। घटना के बाद वाइट हाउस के बाहर सुरक्षा और बढ़ा दी गई है। जानकारी मिली है कि अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों को घटना से एक दिन पहले शनिवार को टिप मिली थी कि एक व्यक्ति इंडियाना से वाशिंगटन डीसी वाइट हाउस पहुंच सकता है।

# बिहार : 51 हजार शिक्षकों को मिला नियुक्ति-पत्र

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) से चयनित 51 हजार 389 शिक्षिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर कहा कि उनकी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरी के लिए कई कदम उठाए हैं। कुमार ने यहां गांधी मैदान में नवनियुक्त 51389 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज जिन नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।



उन्होंने कहा कि गांधी मैदान में 10 हजार शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया जबकि शेष लोगों को जिलों से नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम लोगों को यहां काम करने का मौका मिला तो शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरी के लिए कई कदम उठाए गए। नियोजित शिक्षकों की बहाली की गई। वर्ष 2023 में बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा नये शिक्षकों की बहाली की गई। पहले चरण में एक लाख 20 हजार 336 शिक्षकों की तथा द्वितीय चरण में 94 हजार 833 शिक्षकों की बहाली की गई है। दोनों चरणों के नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र पहले ही प्रदान किया जा चुका है।

**बेहतर शिक्षा के लिए उठाए कई कदम : नीतीश कुमार**

# संगम में नहीं लगाऊंगा डुबकी : राज ठाकरे

**मुंबई।** मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने गंगा नदी के पानी की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मैं कभी भी नदी में पवित्र डुबकी नहीं लगाऊंगा। लोगों से मेरा कहना है कि वे अंधविश्वास से बाहर आएं और दिमाग का इस्तेमाल करें। राज ठाकरे ने कहा कि हमारी पार्टी के नेता बाला नंदगांवकर प्रयागराज में हुए महाकुंभ से पवित्र जल लेकर आए थे। लेकिन मैंने इसे पीने से इनकार कर दिया। मैंने उनसे कहा चले जाओ। मैं नहाने नहीं जा रहा हूं। वह पानी कौन पीएगा? कोविड अभी-अभी गुजरा है और लोग दो साल से चेहरे पर मास्क लगाकर घूम रहे थे। अब वे वहां जा रहे हैं और स्नान कर रहे हैं।



## टनल हादसा : एक शव मिला

**नागरकुरनूल।** तेलंगाना के नागरकुरनूल में एसएलबीसी सुरंग में फंसे आठ लोगों को बचाने के प्रयास लगातार जारी हैं। 16 दिनों के बाद भी कोई सफलता नहीं मिल पाई है। रविवार को बचाव दल को सुरंग के अंदर एक शव मिला है। शव मशीन में फंसा हुआ है। शव को निकालने के लिए मशीन को काटा जा रहा है। 22 फरवरी को सुरंग का एक हिस्सा ढह जाने के बाद से ये आठ लोग अंदर फंसे हुए हैं। केरल पुलिस के शव खोजने वाले विशेष प्रशिक्षित कुत्तों को भी बचाव अभियान में शामिल किया है। इन कैडेवर डॉग्स को विशेष रूप से लापता लोगों और शवों का पता लगाने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। तेलंगाना के सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी ने सुरंग स्थल का दौरा किया था।

# पहली 'रात' बनी आखिरी

**अयोध्या।** यूपी के अयोध्या जिले के सहादतगंज स्थित मुरावन टोला में एक नवविवाहित जोड़े की सुहागरात के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार सुबह सात बजे तक जब दूल्हा-दुल्हन का दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों को शक हुआ। घरवालों ने दरवाजा खटखटाया। हालांकि कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद घबराए परिजनों ने दरवाजा तोड़ दिया। कमरे में 22 वर्षीय दुल्हन शिवानी बिस्तर पर मृत पड़ी थी तो 24 वर्षीय दूल्हा प्रदीप छत के हुक से लटका हुआ था। आनन फानन में पुलिस और लड़की के घरवालों को सूचना दी गई। साथ ही तुरंत दोनों को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



▸▸ बेड पर दुल्हन शिवानी, तो पंखे से लटका था दूल्हे प्रदीप का शव

### रविवार को था रिसेप्शन, जली चिता

प्रदीप और शिवानी की सात मार्च को शादी हुई। आठ मार्च को बरात सोहावल के ड्योढ़ी से वापस लौटी थी। रविवार को घर में रिसेप्शन का आयोजन होना था। लेकिन जश्न की तैयारी में डूबे परिजनों को दोनों की चिता सजानी पड़ी। परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं।

## महिला सिपाही से दुष्कर्म

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के वजीराबाद इलाके में दिल्ली पुलिस की एक महिला कॉन्स्टेबल ने विभाग के ही एक कॉन्स्टेबल पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर वजीराबाद थाने में शुक्रवार को आरोपी कॉन्स्टेबल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। अभी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पीड़ित महिला कॉन्स्टेबल रोहतक की रहने वाली है। उसकी शादी दिल्ली पुलिस के कॉन्स्टेबल से हुई थी। 2018 में पति की मौत के बाद वर्ष 2019 में उसे दिल्ली पुलिस में बतौर कॉन्स्टेबल अनुकंपा नियुक्ति मिली। एफआईआर के अनुसार, वर्ष 2022 में आईपीएल मैच की ड्यूटी के दौरान पीड़िता की मुलाकात रोहतक के ही रहने वाले कॉन्स्टेबल मोनू से हुई थी।

# नारी हमारी संस्कृति की शान : सतीश कुमार

## रेलवे बोर्ड के चेयरमैन ने किया पीयू-पीएसयूस से चयनित 33 उत्कृष्ट महिलाएं का सम्मान









**मुंबई/ नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रेलवे महिला कल्याण केंद्रीय संगठन (आरडब्ल्युडब्लयुसीओ) द्वारा नेशनल रेल म्यूज़ियम ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।समारोह के मुख्य अतिथि रेलवे बोर्ड के चेयरमैन एवं सीईओ श्री सतीश कुमार ने भारतीय रेल के प्रत्येक जोन, प्रोडक्शन यूनिट (पीयू) और कुछ सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयूस) से चयनित 33 उत्कृष्ट महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि नारी न सिर्फ पुरुषों के बराबर बल्कि उनसे अधिक काम कर देश के विकास में योगदान दे रही है। श्री सतीश कुमार ने भारतीय रेल में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रेलवे में महिलाओं की भागीदारी सिर्फ कार्यक्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि वह हमारे संगठन की शक्ति और सफलता का अभिन्न हिस्सा हैं। उनकी मेहनत, समर्पण और नेतृत्व ने भारतीय रेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने एक कविता का पाठ करते हुए कहा कि नारी मान है, सम्मान है। नारी हमारी संस्कृति की शान है। नारी शक्ति है, भक्ति है, नारी जीवन ज्योति की अभिव्यक्ति है। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्ष श्रीमती (डॉ.) रूबी रानी सिंह ने महिला कर्मचारियों के सशक्तिकरण, कार्यस्थल पर उनकी सुरक्षा और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रेल द्वारा उठाए जा रहे विभिन्न कदमों की चर्चा की।इस अवसर पर संगठन की सचिव श्रीमती अमृता शर्मा , कोषाध्यक्ष श्रीमती निर्देश सिंह व संयुक्त सचिव श्रीमती अंजलि वर्मा समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

### उत्कृष्ट महिला कर्मचारियों की सूची - 2025

| क्र. सं. | नाम | पदनाम | रेलवे |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती दीपा संजय कैथवास | कांस्टेबल | आरपीएफ सेंट्रल रेलवे |
| 2 | श्रीमती रित्विका सरकार | तकनीशियन | ईस्टर्न रेलवे |
| 3 | श्रीमती पिंकी कुमारी | पॉइंट्समैन ईस्ट | सेंट्रल रेलवे |
| 4 | श्रीमती सुसोभिनी नाइक | चीफ नर्सिंग अधीक्षक | ईस्ट कोस्ट रेलवे |
| 5 | श्रीमती वीणा | तकनीशियन | नॉर्दर्न रेलवे |
| 6 | श्रीमती रचना | कांस्टेबल/आरपीएफ | एनसीआर |
| 7 | श्रीमती सुनीता शर्मा | ऑफिस अधीक्षक | नॉर्थ ईस्टर्न रेलवे |
| 8 | श्रीमती नुपुर तापदार | वरिष्ठ तकनीशियन | नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर रेलवे |
| 9 | श्रीमती पिंकी जाट | कांस्टेबल/आरपीएफ | नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे |
| 10 | श्रीमती महिता के | वरिष्ठ तकनीशियन | साउथर्न रेलवे |
| 11 | श्रीमती रजिता मुनागाला | टी.टी.आई. | साउथ सेंट्रल रेलवे |
| 12 | श्रीमती सुमिता चौधरी | वरिष्ठ डीटीआई (सुरक्षा) | साउथ ईस्टर्न रेलवे |
| 13 | श्रीमती सुनीता दशरथ बरमाइया | लेखा सहायक | साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे |
| 14 | श्रीमती शिल्पा एस. | कांस्टेबल/आरपीएफ साउथ | वेस्टर्न रेलवे |
| 15 | श्रीमती सीमा एस. कुशवाहा | तकनीशियन | वेस्टर्न रेलवे |
| 16 | श्रीमती कल्पना चौरे | वेल्डर | वेस्ट सेंट्रल रेलवे |
| 17 | श्रीमती पूर्णिमाकर्माकर | तकनीशियन | मेट्रो रेलवे |
| 18 | श्रीमती बन्हिशिखा चक्रवर्ती | पीजीटी/भूगोल | चित्रंजन लोकोमोटिव वर्क्स |
| 19 | श्रीमती उषा सिंह | चीफ नर्सिंग अधीक्षक | बनारस लोकोमोटिव वर्क्स |
| 20 | श्रीमती एल.आर. सुबथ्रा | तकनीशियन | इंटीग्रल कोच फैक्ट्री |
| 21 | श्रीमती सुनीता देवी | मुख्य कार्यालय अधीक्षक | रेल कोच फैक्ट्री |
| 22 | श्रीमती हरजीत कौर | कार्यालय अधीक्षक | पटियाला लोकोमोटिव वर्क्स |
| 23 | श्रीमती अनुराधा शर्मा | प्रबंधक, अतिथि सेवाएँ | एन.ए.आई.आर. |
| 24 | श्रीमती रेनू पांडेय | पीएस | आर.डी.एस.ओ. |
| 25 | श्रीमती शाइनी स्वरूपी | लेखा सहायक | रेल व्हील फैक्ट्री |
| 26 | श्रीमती अफसाना बेगम | मुख्य कार्यालय अधीक्षक | मॉडर्न कोच फैक्ट्री |
| 27 | श्रीमती अश्विनी शालिकराम मेशराम | वरिष्ठ एएलपी/सीटीसीसी | सी.आर.आई.एस. |
| 28 | श्रीमती रुचि लौहरी | एचआर सहायक | एम.आर.वी.सी. |
| 29 | श्रीमती सुनीता स्वामी | सहायक अनुभाग अधिकारी | रेलवे बोर्ड |
| 30 | श्रीमती मंजीता देवी | अनुभाग अधिकारी (एचआर) | आरआईटीईएस |
| 31 | श्रीमती निशा वासन | प्रबंधक/प्रशासन/सिविल | डीएफसीसीआईएल |
| 32 | श्रीमती ए.दीपिका बालमूचु | प्रबंधक (वित्त) | आर.वी.एन.एल. |
| 33 | श्रीमती दीपावली कुहाड़ | सहायक अधिकारी (सी एंड ओ) सी.ओ. | एन.सी.ओ.आर |

# नासिक मनपा का 'माझी गोदावरी माझी जबाबदारी' अभियान का आयोजन

## 'माझी वसुंधरा 5.0' के तहत पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई



**नासिक।** नासिक महानगरपालिका द्वारा विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में 'माझी गोदावरी माझी जबाबदारी' अभियान चलाया गया। नासिक शहर मनपा और महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल के संयुक्त तत्वावधान में सह्याद्री हॉस्पिटल और एक निजी चैनल के सहयोग से यह अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्घाटन नासिक मनपा आयुक्त तथा प्रशासक मनिषा खत्री द्वारा किया गया। मनिषा खत्री ने गोदावरी स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और हरित कुंभ विषयों पर उपस्थित विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों और नासिकवासियों का मार्गदर्शन किया तथा 'माझी वसुंधरा 5.0' के तहत पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त ने स्वच्छ और निर्मल गोदावरी का संकल्प लिया। मनपा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रयासरत है। उपायुक्त एवं घनकचरा प्रबंधन निदेशक अजित निकत ने नागरिकों से 'नासिक स्वच्छतेचा हरित कुंभ' अभियान में अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की। इसके बाद होरायजन सीबीएसई विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रार्थना गीत गाकर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। इस अभियान में नासिक प्लॉगर संस्था, स्टूडेंट पुलिस कैडेट, सेंट लॉरेंस विद्यालय, केबीटी महाविद्यालय के विद्यार्थी तथा गोदामाई प्रतिष्ठान के 1000 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। उन्होंने 500 किलो से अधिक कचरा एकत्र कर मनपा घनकचरा प्रबंधन विभाग के कर्मचारियों को सौंपा। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त आयुक्त स्मिता झगडे, उपायुक्त नितीन पवार, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल के राहुल बोबे, कालाराम मंदिर संस्थान के ट्रस्टी धनंजय पुजारी, देवांग जानी, सह्याद्री अस्पताल के डॉ. चेतन जोशी, सन मराठी चैनल के अभिनेता प्रतीक्षा पोखरे, अमेय बर्वे, किरण भालेराव सहित मनपा के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## नवी मुंबई मनपा लोकतंत्र दिवस सात अप्रेल को

नवी मुंबई। महाराष्ट्र शासन के निर्देशानुसार नवी मुंबई महानगरपालिका स्तर पर प्रत्येक माह के पहले सोमवार को नवी मुंबई मनपा मुख्यालय में लोकतंत्र दिवस का आयोजन किया जाता है। अप्रेल माह का लोकतंत्र दिवस सात अप्रेल को आयोजित किया जाएगा। आवेदकों को अपने आवेदन दो प्रतियों में, निर्धारित प्रारूप में 24 मार्च तक आयुक्त, नवी मुंबई मनपा के नाम से, आवेदन के बाहरी भाग पर 'लोकतंत्र दिवस के लिए आवेदन' यह स्पष्ट रूप से उल्लेखित करते हुए प्रस्तुत करना होगा। उक्त आवेदन में उल्लिखित शिकायत/ निवेदन व्यक्तिगत स्वरूप में होना आवश्यक है। आवेदन एक ही विभाग से संबंधित और एक ही विषय पर आधारित होना चाहिए।

# गोरखपुर स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य, कुछ ट्रेनें प्रभावित रहेगी



**गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे के कुसम्ही-गोरखपुर-गोरखपुर कैंट स्टेशनों के बीच तीसरी लाइन के संबंध में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते अहमदाबाद मंडल से चलने/ गुजरने वाली कुछ ट्रेन प्रभावित रहेगी। जिसका विवरण निम्नानुसार है।

**पूर्णतः निरस्त ट्रेनें**

**1.**17, 19, 24, 26 अप्रैल तथा 1 मई 2025 को साबरमती से चलने वाली ट्रेन संख्या 19409 साबरमती-गोरखपुर एक्सप्रेस। **2.** 19,21, 26, 28 अप्रैल तथा 3 मई 2025 को गोरखपुर से चलने वाली ट्रेन संख्या 19410 गोरखपुर-साबरमती एक्सप्रेस। **3.** 25 अप्रैल 2025 को गांधीधाम से चलने वाली ट्रेन संख्या 09451 गांधीधाम-भागलपुर स्पेशल। **4.** 28 अप्रैल 2025 को भागलपुर से चलने वाली ट्रेन संख्या 09452 भागलपुर-गांधीधाम स्पेशल। **5.** 24 अप्रैल और 01 मई 2025 को गोरखपुर से चलने वाली ट्रेन संख्या 15045 गोरखपुर-ओखा एक्सप्रेस। **6.** 27 अप्रैल और 04 मई 2025 को ओखा से चलने वाली ट्रेन संख्या 15046 ओखा-गोरखपुर एक्सप्रेस।

**आंशिक निरस्त ट्रेनें**

**1.** 12 अप्रैल से 3 मई 2025 तक (सोमवार को छोड़कर) अहमदाबाद से चलने वाली ट्रेन संख्या 19489 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस वाराणसी स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा यह ट्रेन वाराणसी-गोरखपुर के बीच आंशिक निरस्त रहेगी। **2.** 13 अप्रैल से 4 मई 2025 तक (मंगलवार को छोड़कर) ट्रेन संख्या 19490 गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस वाराणसी से शॉर्ट ऑरिजिनेट होगी तथा गोरखपुर-वाराणसी के बीच आंशिक निरस्त रहेगी।

**परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनें**

**1.**11 अप्रैल 2025 की ट्रेन संख्या 09451 गांधीधाम-भागलपुर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग बाराबंकी-गोंडा-गोरखपुर-पनियाहवा-मुजफ्फरपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाया बाराबंकी-अयोध्या केंट-शाहगंज-वाराणसी-औंडिहार-छपरा-मुजफ्फरपुर के रास्ते चलेगी।**2.** 14 अप्रैल 2025 की ट्रेन संख्या 09452 भागलपुर-गांधीधाम एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मुजफ्फरपुर- पनियाहवा-गोरखपुर-गोंडा-बाराबंकी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाया मुजफ्फरपुर-छपरा-औंडिहार- वाराणसी-शाहगंज-अयोध्या केंट-बाराबंकी के रास्ते चलेगी। 3 10,11,24 अप्रैल और एक मई 2025 की ट्रेन संख्या 19269 पोरबंदर-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग बाराबंकी-गोंडा-गोरखपुर-पनियाहवा-मुजफ्फरपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाया बाराबंकी-शाहगंज-मऊ-फेफना-छपरा-मुजफ्फरपुर के रास्ते चलेगी।

# पश्चिम रेलवे चलाएगी और आठ जोड़ी स्पेशल ट्रेनें

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा होली एवं ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराए पर और आठ जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार इन ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है।

**1. ट्रेन संख्या 09189/09190 [08 फेरे]**

ट्रेन संख्या 09189 मुंबई सेंट्रल-कटिहार स्पेशल हर शनिवार को मुंबई सेंट्रल से 11.00 बजे प्रस्थान करेगी और सोमवार को 07.30 बजे कटिहार पहुंचेगी। यह ट्रेन 8 मार्च से 29 मार्च तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09190 कटिहार-मुंबई सेंट्रल स्पेशल हर मंगलवार को कटिहार से 00.15 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 18.40 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। यह ट्रेन 11 मार्च से एक अप्रेल 2025 तक चलेगी।

**2. ट्रेन संख्या 04714/04713 [08 फेरे]**

ट्रेन संख्या 04714 बांद्रा टर्मिनस-बीकानेर स्पेशल हर शुक्रवार को बांद्रा टर्मिनस से 16.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 14.30 बजे बीकानेर पहुंचेगी। यह ट्रेन सात से 28 मार्च तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 04713 बीकानेर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल हर गुरुवार को बीकानेर से 15.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 13.40 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन छह से 27 मार्चतक चलेगी।

**3. ट्रेन संख्या 04828/04827 [08 फेरे]**

ट्रेन संख्या 04828 बांद्रा टर्मिनस- भगत की कोठी स्पेशल प्रत्येक रविवार को बांद्रा टर्मिनस से 10.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 04.30 बजे भगत की कोठी पहुंचेगी। यह ट्रेन नौ से 30 मार्चतक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 04827 भगत की कोठी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल प्रत्येक शनिवार को भगत की कोठी से 11.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 07.25 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 8 से 29 मार्च 2025 तक चलेगी।

**4. ट्रेन संख्या 04826/04825 [6 फेरे]**

ट्रेन संख्या 04826 बांद्रा टर्मिनस-जोधपुर सुपरफास्ट स्पेशल बांद्रा टर्मिनस से प्रत्येक मंगलवार को 11.15 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 04.00 बजे जोधपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन 11 से 25 मार्चतक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 04825 जोधपुर-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल हर सोमवार को जोधपुर से 17.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 09.30 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 10 से 24 मार्च तक चलेगी।

**5. ट्रेन संख्या 03418/03417 [4 फेरे]**

ट्रेन संख्या 03418 उधना-मालदा टाउन स्पेशल मंगलवार और सोमवार को उधना से 12.30 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 02.55 बजे मालदा टाउन पहुंचेगी। यह ट्रेन 18 और 24 मार्च को चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 03417 मालदा टाउन-उधना स्पेशल रविवार और शनिवार को मालदा टाउन से 12.20 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 00.45 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन 16 और 22 मार्च 2025 को चलेगी।

**6. ट्रेन संख्या 09417/09418 [08 फेरे]**

ट्रेन संख्या 09417 अहमदाबाद-दानापुर स्पेशल प्रत्येक सोमवार को अहमदाबाद से 09.10 बजे रवाना होगी और अगले दिन 20.30 बजे दानापुर पहुंचेगी। यह ट्रेन 10 से 31 मार्चतक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09418 दानापुर-अहमदाबाद स्पेशल प्रत्येक मंगलवार को दानापुर से 23.50 बजे रवाना होगी और गुरुवार को 12.15 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। यह ट्रेन 11 मार्च से एक अप्रेल तक चलेगी।

**होली एवं ग्रीष्मकाल के दौरान यात्रियों को होगी सुविधा**



**7. ट्रेन संख्या 09425/09426 [14 फेरे]**

ट्रेन संख्या 09425 साबरमती-हरिद्वार स्पेशल प्रत्येक गुरुवार और रविवार को साबरमती से 17.20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 17.00 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। यह ट्रेन 9 से 30 मार्च तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09426 हरिद्वार- साबरमती स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार और सोमवार को हरिद्वार से 21.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 22.30 बजे साबरमती पहुंचेगी। यह ट्रेन 10 से 31 मार्च तक चलेगी।

**ट्रेन संख्या 09031/09032 [34 फेरे]**

ट्रेन संख्या 09031 उधना-जयनगर स्पेशल प्रत्येक रविवार को उधना से 11.25 बजे रवाना होगी और अगले दिन 21.30 बजे जयनगर पहुंचेगी। यह ट्रेन 9 मार्च से 29 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09032 जयनगर-उधना स्पेशल प्रत्येक सोमवार को जयनगर से 23.00 बजे रवाना होगी और बुधवार को 14.30 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन 10 मार्च से 30 जून तक चलेगी।

### नवी मुंबई मनपा के स्वास्थ्य विभाग

# 10 से 22 तक 'सक्रिय क्षयरोगी खोज अभियान'

**नवी मुंबई।** समाज में अनिर्दिष्ट क्षयरोगियों की कम से कम समय में पहचान कर उन्हें उपचार के दायरे में लाना और क्षयरोग के प्रति जनजागृति करना, इस उद्देश्य से केंद्र व राज्य सरकार की मार्गदर्शक सूचनाओं के अनुसार 10 से 22 मार्च के दौरान "सक्रिय क्षयरोगी खोज अभियान" नवी मुंबई मनपा क्षेत्र में उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में चलाया जाएगा। नवी मुंबई मनपा के स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह अभियान सरकार की मार्गदर्शक सूचनाओं के अनुसार उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में संचालित किया जाएगा। मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में गठित 64 टीमों के माध्यम से कुल 31,803 घरों का सर्वेक्षण कर अनुमानित 1,59,014 लोगों की जांच की जाएगी। साथ ही क्षयरोग को लेकर व्यापक जनजागृति भी की जाएगी। प्रत्येक टीम को प्रतिदिन कम से कम 50 घरों का दौरा करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आवश्यक जानकारी एकत्र की जा सके। इस अभियान के तहत दो सप्ताह से अधिक समय से खांसी, दो सप्ताह से अधिक बुखार, वजन में अचानक कमी, थूक में खून आना, सीने में दर्द, गले में गांठ जैसी लक्षणों के बारे में पूछताछ की जाएगी। जिन व्यक्तियों में क्षयरोग के लक्षण पाए जाएंगे, उनकी थूक जांच और एक्स-रे के माध्यम से अंतिम निदान किया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से प्रशिक्षित टीमों द्वारा अधिक से अधिक अज्ञात क्षयरोगियों की पहचान कर उन्हें आवश्यक दवाओं और उपचार से जोड़ा जाएगा। नागरिकों से अपील की जाती है कि वे इस अभियान में सहयोग करें और यदि उनमें क्षयरोग के लक्षण हों तो जांच के लिए थूक नमूना देकर इस अभियान को सफल बनाने में योगदान दें। नवी मुंबई मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे ने नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की है।

- **64 टीमें करेंगी 31,803 घरों का सर्वेक्षण**
- **1,59,014 लोगों की जांच की जाएगी**

## पश्चिम रेलवे कल चलायेगी होली स्पेशल ट्रेन

**अहमदाबाद।** पश्चिम रेलवे द्वारा होली त्यौहार के मद्देनजर, यात्रियों की मांग व सुविधा को ध्यान में रखते अहमदाबाद और दानापुर के बीच होली स्पेशल ट्रेन की दो ट्रिप विशेष किराये पर चलाने का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है।

**ट्रेन संख्या 09407/09408 (2 ट्रिप)**

ट्रेन संख्या 09407 अहमदाबाद-दानापुर स्पेशल 11 मार्च को अहमदाबाद से प्रातः 09:20 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 19.00 बजे दानापुर पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 09408 दानापुर-अहमदाबाद स्पेशल ट्रेन 12 मार्च को दानापुर से 22:00 बजे प्रस्थान करेगी तथा तीसरे दिन 10:30 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी।

# मध्य रेल की 34 अतिरिक्त होली विशेष ट्रेन सेवा

**मुंबई।** मध्य रेल अपने प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त 34 होली विशेष ट्रेन सेवाएं चलाएगा। इन विशेष ट्रेन सेवाओं का उद्देश्य होली के त्यौहार पर यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए सुगम और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करना है। निम्नलिखित विशेष ट्रेन सेवाएं निम्न स्टेशनों के बीच चलेंगी। विवरण इस प्रकार है।

**1) सीएसएमटी-बनारस-सीएसएमटी विशेष (2 सेवा)**

- 01013 विशेष 13 मार्च को 22.30 बजे सीएसएमटी से रवाना होगी और तीसरे दिन 05.30 बजे बनारस पहुंचेगी। 01014 विशेष 15 मार्च को बनारस से 08.00 बजे रवाना होगी और अगले दिन 13.30 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी।

**2) सीएसएमटी- मऊ- सीएसएमटी विशेष (2 सेवा)**

- 01015 विशेष 12 मार्च को 22.30 बजे सीएसएमटी से रवाना होगी और तीसरे दिन 10.30 बजे मऊ पहुंचेगी। 01016 विशेष 14 मार्च को मऊ से 17.00 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन 00.40 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी।

**3) एलटीटी-दानापुर-एलटीटी विशेष (2 सेवा)**

- 01011 विशेष 10 मार्च को 10.30 बजे एलटीटी से रवाना होगी और अगले दिन 18.45 बजे दानापुर पहुंचेगी। 01012 विशेष 11 मार्च को दानापुर से 21.30 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन 04.50 बजे एलटीटी पहुंचेगी।

**4) एलटीटी-मडगांव-एलटीटी विशेष (4 सेवा)**

- 01103 विशेष 17 मार्च और 24 मार्च को एलटीटी से 08.20 बजे रवाना होगी और उसी दिन 21.40 बजे मडगांव पहुंचेगी। 01104 विशेष 16 मार्च और 23 मार्च को मडगांव से 16.30 बजे रवाना होगी और अगले दिन 06.25 बजे एलटीटी पहुंचेगी।

**5) पनवेल-मडगांव विशेष (4 सेवा)**

- 01101 विशेष 15 मार्च और 22 मार्च को 18.20 बजे पनवेल से रवाना होगी और अगले दिन 06.45 बजे मडगांव पहुंचेगी। 01102 विशेष 15 मार्च और 22 मार्च को मडगांव से 08.00 बजे रवाना होगी और उसी दिन 17.30 बजे पनवेल पहुंचेगी।

**6) पनवेल- चिपलून अनारक्षित विशेष (8 सेवा)**

- 01017 अनारक्षित विशेष 13 मार्च से 16 मार्च तक पनवेल से 21.10 बजे रवाना होगी और अगले दिन 02.00 बजे चिपलून पहुंचेगी। 01018 अनारक्षित विशेष 13 मार्च से 16 मार्च तक चिपलून से 15.25 बजे रवाना होगी और उसी दिन 20.45 बजे पनवेल पहुंचेगी।

**7) पुणे-दानापुर-पुणे विशेष (2 सेवा)**

- 01419 विशेष 11 मार्च को पुणे से 19:55 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन 04.30 बजे दानापुर पहुंचेगी। 01420 विशेष 13 मार्च को दानापुर से 06:30 बजे रवाना होगी और अगले दिन 17:35 बजे पुणे पहुंचेगी।

**8) पुणे-मालदा टाउन विशेष (2 सेवा)**

- 03426 विशेष 23 मार्च को 22.00 बजे पुणे से रवाना होगी और तीसरे दिन 16.30 बजे मालदा टाउन पहुंचेगी। 03425 विशेष 21 मार्च को 17.30 बजे मालदा टाउन से रवाना होगी और तीसरे दिन 11.35 बजे पुणे पहुंचेगी

**9) हडपसर-हिसार विशेष (4 सेवा)**

- 04726 विशेष 10 मार्च और 17 मार्च को 17.00 बजे हडपसर से रवाना होगी और अगले दिन 22.25 बजे हिसार पहुंचेगी। 04725 विशेष नौ मार्चऔर 16 मार्च को 05.50 बजे हिसार से रवाना होगी और अगले दिन 10.45 बजे हडपसर पहुंचेगी।

**10) कलबुरगि-सर एम विश्वेसरैया टर्मिनल बेंगलुरु विशेष-(4 सेवा)**

- 06520 विशेष 14 मार्च 03025 और 15 मार्च को 09.35 बजे कलबुरगि से रवाना होगी और उसी दिन 20.00 बजे बेंगलुरु पहुंचेगी। 06519 विशेष 13 मार्च को 03025 और 14 मार्च को 21.15 बजे बेंगलुरु से रवाना होगी और अगले दिन 07.40 बजे कलबुरगि पहुंचेगी।

# कोपरखैरणे में अवैध निर्माण पर तोड़क कार्रवाई

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई महानगरपालिका के अतिक्रमण विभाग द्वारा नोटिस देने के बावजूद संबंधित व्यक्तियों द्वारा नोटिस की अवहेलना किए जाने के कारण अनधिकृत निर्माण के विरुद्ध नवी मुंबई मनपा द्वारा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त आयुक्त (2) डॉ. राहुल गेठे और उप आयुक्त (अतिक्रमण) भागवत डोईफोडे के मार्गदर्शन में अतिक्रमण विभाग द्वारा कोपरखैरणे विभाग में निष्कासन की कार्रवाई की गई। नवी मुंबई मनपा के कार्यक्षेत्र में कोपरखैरणे विभाग अंतर्गत नारायण नामदेव थोमरे, एस. एस. टाइप, कमरा नं. 21, सेक्टर 15, कोपरखैरणे, नवी मुंबई के निर्माण कार्य को महाराष्ट्र प्रादेशिक योजना और नगर रचना अधिनियम, 1966 की धारा 54 के तहत 06 मार्च को नोटिस जारी की गई थी। इस निर्माण पर निष्कासन की कार्रवाई की गई। इसी तरह, शालिक हल्लया नाईक, घर नं. 1123, कुकरेजा रूबी के पीछे, सेक्टर 12डी, रामनगर, बोनकोडे, कोपरखैरणे, नवी मुंबई के निर्माण कार्य को महाराष्ट्र प्रादेशिक योजना और नगर रचना अधिनियम, 1966 की धारा 54 के तहत 12 दिसंबर 2023 को नोटिस जारी की गई थी। इस निर्माण पर भी निष्कासन की कार्रवाई की गई। इन अनधिकृत निर्माणों को हटाने के लिए कोपरखैरणे विभाग द्वारा तोड़क अभियान का आयोजन किया गया।

### पश्चिम रेलवे का अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष लेख

# इंजीनियर शिवांगी सोनी ने सफलता की नई परिभाषा गढ़ी



मुंबई। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हम उन महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाते हैं जो न केवल अपने क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त कर रही हैं, बल्कि बाधाओं को भी तोड़ रही हैं और भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण स्थापित कर रही हैं। इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का विषय है "कार्य में गति लाना"। ऐसी ही एक उल्लेखनीय कहानी है

## सशक्त और प्रेरणादायक : विरार ईएमयू कारशेड की

श्रीमती शिवांगी सोनी की, जो पश्चिम रेलवे के विरार ईएमयू कारशेड में एक सीनियर सेक्शन इंजीनियर हैं। अपनी लगन, कड़ी मेहनत और उल्लेखनीय तकनीकी विशेषज्ञता के साथ, शिवांगी एक ऐसी महिला का असाधारण उदाहरण हैं जो रेलवे क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

**समर्पण और उत्कृष्टता की यात्रा**

- श्रीमती शिवांगी सोनी का कॅरियर इस बात का प्रमाण है कि जुनून, दृढ़ संकल्प और बुद्धिमत्ता से सबसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में भी क्या हासिल किया जा सकता है। इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बी.टेक पूरा करने के बाद, शिवांगी ने एक ऐसा रास्ता अपनाया, जिसमें उन्हें ईएमयू कारशेड में कुछ सबसे महत्वपूर्ण और तकनीकी प्रणालियों का प्रबंधन करना था। वह जिस क्षेत्र में काम करती हैं, वह पारंपरिक रूप से पुरुषों का वर्चस्व वाला क्षेत्र है, लेकिन उनकी हिम्मत, निर्भीकता और अथक प्रयास ने उन्हें इस माहौल में नेतृत्व की भूमिका निभाने में मदद की है। अपनी डिग्री पूरी करने के बाद, शिवांगी की अपने काम के प्रति प्रतिबद्धता ने उन्हें पश्चिम रेलवे की एक प्रमुख परिचालन इकाई, विरार ईएमयू कारशेड में जूनियर इंजीनियर के प्रतिष्ठित पद पर पहुँचाया। उनके पास जो ज़िम्मेदारी है, वह उन प्रणालियों की जटिलता और महत्वपूर्ण प्रकृति को देखते हुए बहुत बड़ी है, जिनकी वह देखरेख करती हैं।

**जटिल प्रणालियों का उत्कृष्टता के साथ प्रबंधन**

- शिवांगी की भूमिका में यह सुनिश्चित करना शामिल है कि स्वचालित चेतावनी प्रणाली (एडब्लयुएस), जो ट्रेनों में एक आवश्यक सुरक्षा तंत्र है, बिना किसी त्रुटि के काम करे, दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ट्रेन ऑपरेटरों को वास्तविक समय पर अलर्ट प्रदान करे। वह यात्री घोषणा और सूचना प्रणाली (पीएपीआईएस) का प्रबंधन भी करती है, यह सुनिश्चित करते हुए कि यात्रियों को ट्रेन शेड्यूल और सुरक्षा जानकारी से संबंधित नवीनतम अपडेट के बारे में जानकारी मिलती रहे। इसके अतिरिक्त, शिवांगी यह सुनिश्चित करती हैं कि सीसीटीवी निगरानी प्रणाली को बनाए रखा जाए और चालू रखा जाए, जिससे ट्रेनों में सवार यात्रियों और कर्मचारियों दोनों की सुरक्षा की गारंटी हो।

**बाधाओं को तोड़ना और भावी पीढ़ियों को प्रेरित करना**

- उनकी यात्रा इस बात का उदाहरण है कि जब एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) के क्षेत्र में महिलाएं चुनौतियों का डटकर सामना करती हैं तो क्या संभव है। एक ऐसे पेशे में जहां महिलाओं को अक्सर कम प्रतिनिधित्व दिया जाता है, वह प्रेरणा की किरण के रूप में खड़ी हैं, यह दिखाते हुए कि कड़ी मेहनत, समर्पण और स्पष्ट दृष्टि से कुछ भी संभव है। एक लीडर के रूप में अपनी जिम्मेदारियों के साथ बेहद तकनीकी और महत्वपूर्ण भूमिका से जुड़ी मांगों को संतुलित करने की उनकी क्षमता उनकी उल्लेखनीय बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाती है।

### नागपुर में पतंजलि फूड और हर्बल पार्क का उद्घाटन

# संतरा उत्पादन के लिए पैकेजिंग-प्रोसेसिंग की होगी सुविधा: सीएम



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में पतंजलि फूड एवं हर्बल पार्क का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राजमंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। बाबा रामदेव ने दोनों स्वागत किया। सीएम फडणवीस ने कहा कि सबसे पहले मैं विदर्भ वासियों की ओर से बाबा रामदेव को और हमारे आचार्य बालकृष्ण को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। सीएम फडणवीस ने कहा कि मुझे याद है कि आज से नौ साल पहले हमने मेगा फूड पार्क की नींव रखी थी। कई तकलीफें आईं, मैंने जब भी रामदेव और आचार्य से बात की तो उन्होंने कहा था कि आप नागपुर की चिंता नहीं करिए हम वहां का काम पूरा करेंगे और उन्होंने इसे पूरा करके भी दिखाया। सीएम ने बातचीत के दौरान जूस पीते-पीते कहा कि ये वाकई में बहुत अच्छा है।



#### हमने फ्री में जमीन नहीं दी

■ सीएम फडणवीस ने कहा कि जिस समय हमने बाबा रामदेव से नागपुर में आने का अनुरोध किया था, कई राज्यों की सरकारें उन्हें मुफ्त में जमीनें दे रहीं थी और उन्हें बुला रही थीं। मैंने और गडकरी जी ने बाबा रामदेव से निवेदन किया तो उन्होंने कहा कि मैं नागपुर में ही आऊंगा। बाबा जी को मुफ्त में जमीन नहीं दी और न ही इसका टेंडर दिया।

#### संतरे की कटाई और पैकेजिंग का होगा काम

■ सीएम ने कहा कि इस पार्क में संतरे की संपूर्ण प्रक्रिया, कटाई से लेकर प्रोसेसिंग और पैकेजिंग तक, एक ही स्थान पर होगी। इससे संतरे के अपव्यय को कम किया जा सकेगा और किसानों को ज्यादा लाभ मिलेगा। पतंजलि सभी प्रकार के संतरे का उपयोग करेगा, चाहे वह किसी भी आकार या गुणवत्ता का क्यों न हो। इसके अलावा, छिलके और गुठली तक का उपयोग करके बर्बादी को रोका जाएगा और अधिकतम उत्पादन हासिल किया जाएगा।

#### पार्क में आधुनिक कोल्ड स्टोरेज की सुविधा

■ पार्क में आधुनिक कोल्ड स्टोरेज सुविधाएं भी होंगी, जहां किसान अपने उत्पादों को सुरक्षित रख सकते हैं और जब चाहें उसे बेच सकते हैं। इससे उन्हें बाजार की उतार-चढ़ाव से बचाने में मदद मिलेगी। एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि पतंजलि यहां एक नर्सरी भी स्थापित करेगा जिससे संतरे के पौधे उगाए जा सकेंगे। इससे क्षेत्र में संतरा उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। संतरा बोर्ड बनाने की घोषणा से संतरा उत्पादकों को और अधिक सहायता मिलने की उम्मीद है।

#### नेट जीरो लक्ष्य की ओर बढ़ेगा आईआईएम

आईआईएम नागपुर में सौर ऊर्जा परियोजना के माध्यम से संस्थान की ऊर्जा आवश्यकता पूरी की जाएगी, जिससे यह नेट जीरो लक्ष्य की ओर बढ़ेगा। यह बात महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कही। उन्होंने कहा कि 2030 तक महाराष्ट्र में कुल ऊर्जा उत्पादन का 52% गैर-पारंपरिक स्रोतों से प्राप्त करने का लक्ष्य पूरा किया जाएगा। नागपुर के मिहान क्षेत्र में स्थित आईआईएम नागपुर में मुख्यमंत्री के हाथों दो मेगावाट क्षमता वाले सौर ऊर्जा प्रकल्प का भूमिपूजन और कोनशिला अनावरण संपन्न हुआ। इस अवसर पर कृषि राज्य मंत्री एड. आशीष जयस्वाल, विधायक डा. आशीष देशमुख, राज्य विद्युत पारेषण कंपनी के प्रबंध निदेशक डा. संजीव कुमार, आईआईएम नागपुर के निदेशक डा.भीमराय मैत्री उपस्थित थे।

# राजस्थान प्रवासी फाउंडेशन का होली स्नेह मिलन समारोह संपन्न

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**पुणे।** राजस्थान प्रवासी फाउंडेशन द्वारा आयोजित होली स्नेह मिलन समारोह पुणे में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन की ओर से कार्यक्रम में शामिल सभी प्रवासी 36कौम के विशेष मीडिया बंधुओं का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, आप सभी की गरिमामयी उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। यह आयोजन सिर्फ होली के रंगों का नहीं, बल्कि अपने-अपने घरों से दूर बसे प्रवासी राजस्थानियों के स्नेह, एकता, अपनापन और भाईचारे का भी अनूठा संगम रहा है। इस अवसर पर विशेष रूप से शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी एवं राजस्थान प्रवासी फाउंडेशन के संस्थापक ज्ञानसिंह पीलवा के सान्निध्य में कार्यक्रम भव्य और प्रेरणादायक बन गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। राजस्थान प्रवासी फाउंडेशन की ओर से सभी को होली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की गईं।




#### नालासोपारा में एक मजदूर की मौत

**वसई।** नालासोपारा पूर्व में विवांता होटल के पास खुदाई करते समय मिट्टी का ढेर गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। यह घटना शनिवार दोपहर करीब 12:30 बजे नगरपालिका के सीवरेज चैनल के लिए खुदाई करते समय हुई। मृतक मजदूर का नाम ढेना हौसदा (48) है। ढेना हौसदा मूल रूप से झारखंड के रहने वाले हैं और वर्तमान में वसई विरार में मजदूरी कर रहे थे।

# उड़ान संस्था का 27वां होलिकोत्सव 14 को



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी उड़ान संस्था मुंबई द्वारा 27वां होलिकोत्सव 14 मार्च (शुक्रवार) को आजाद मैदान में होगा, जिसमें अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन होगा। इससे पूर्व प्राणी मात्र कल्याणार्थ हेतु समस्त जैन समाज की महिला मंडलों द्वारा पंच कल्याणक महापूजा के साथ अन्य धार्मिक आयोजन होंगे। संस्था के अध्यक्ष कवि युगराज जैन संयोजक सुरेश हिंसावत ने जागरूक टाइम्स प्रतिनिधि को बताया कि सम्मेलन में देश के प्रख्यात कवियों द्वारा हास्य व्यंग,श्रंगार रस, विररस, औजरस, पिरोडियों की प्रस्तुति पेश कि जाएगी। सम्मेलन के मुख्य आकर्षण वयोवृद्ध राष्ट्रीय कवि हरिओम पवार का रहेगा। समारोह के मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के उपमुख्य मंत्री एकनाथ शिंदे, कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, सांसद अरविंद सावंत, राज्यसभा सदस्य मिलिंद देवरा, विशेष अतिथि पूर्व विधायक राज. के. पुरोहित, नगर सेवक आकाश पुरोहित,सम्माननीय अतिथि महाराष्ट्र के प्रशासनिक अधिकारियों एवं सर्व समाज के वरिष्ठगण होंगे। कार्यक्रम में राजस्थान प्रवासियों की समस्त संस्थाओं के साथ सर्वधर्म समाज के महानुभाव शिरकत करेंगे।

# जरूरतमंद मरीजों को मिलेगी आर्थिक सहायता

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुख्यमंत्री सहायता निधि कक्ष (सीएमआरएफ) के माध्यम से राज्य के जरूरतमंद मरीजों को विभिन्न बीमारियों के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस कक्ष की व्यापकता बढ़ाने के लिए टाटा ट्रस्ट व्यक्तिगत अनुदान कार्यक्रम (आईजीपी) के समन्वय से अधिक से अधिक जरूरतमंद मरीजों को आर्थिक सहायता दी जाएगी, ऐसा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा। टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा पिछले कई दशकों से जरूरतमंद मरीजों के इलाज के लिए टाटा ट्रस्ट व्यक्तिगत अनुदान कार्यक्रम (आईजीपी) के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान कर रहे हैं। अब तक लाखों मरीज इस चिकित्सा सहायता का लाभ उठा चुके हैं। टाटा ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे चिकित्सा क्षेत्र के कार्यों को देखते हुए मुख्यमंत्री सहायता निधि कक्ष और टाटा ट्रस्ट व्यक्तिगत अनुदान कार्यक्रम का संयुक्त रूप से कार्य करना अधिक प्रभावी होगा।

**मुख्यमंत्री सहायता निधि व टाटा ट्रस्ट की अनुदान योजना**

#### इलाज योग्य बीमारियों की सूची को बढ़ाया जाएगा

■ इस पहल के अंतर्गत मुख्यमंत्री सहायता निधि कक्ष में इलाज योग्य बीमारियों की सूची को बढ़ाया जाएगा। इससे मरीजों और उनके परिवारों को गंभीर चिकित्सा स्थितियों से जुड़े खर्चों के लिए बड़े पैमाने पर सहायता प्राप्त होगी। यदि मुख्यमंत्री सहायता निधि कक्ष और टाटा ट्रस्ट व्यक्तिगत अनुदान कार्यक्रम संयुक्त रूप से कार्य करते हैं, तो इलाज योग्य बीमारियों की संख्या में वृद्धि होगी और अधिक अस्पतालों में मरीजों का इलाज संभव होगा। इससे जरूरतमंद मरीजों को चिकित्सा खर्च में सहायता प्राप्त करने में आसानी होगी। मुख्यमंत्री फडणवीस ने विश्वास जताया कि जल्द ही मुख्यमंत्री सहायता निधि कक्ष और टाटा ट्रस्ट व्यक्तिगत अनुदान कार्यक्रम के बीच एक समझौता (एमओयू) किया जाएगा और इस पहल पर तेजी से कार्य शुरू किया जाएगा।




■ **मुंबई।** दक्षिण मुंबई के कालबादेवी स्थित एक सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री राज के.पुरोहित ने महानगरपालिका की कनिष्ठ पर्यवेक्षक श्रीमती लक्ष्मी कोली का शॉल ओढ़ाकर सत्कार किया। साथ में श्रीमती हेमा आकाश पुरोहित भी थे।

# होली सामाजिक समरसता का पावन पर्व : भरत मिश्रा



■ सामाजिक संस्था जलधारा ने मनाई फूलों की होली

**राकेश विश्वकर्मा/ जागरूक टाइम्स**

**भायंदर।** सामाजिक संस्था 'जलधारा' ने मीरा रोड में भव्य होली स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया। लोक गायक सुरेश शुक्ला ने अपने चिरपरिचित अंदाज के उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। सुरेश शुक्ला और उनकी टीम की सुंदर गीत संगीत की प्रस्तुति के साथ ही राधा कृष्ण की रासलीला झांकी पेश की। राघा कृष्ण के साथ लोग झूमते थिरकते नजर आए। आयोजक भरत मिश्रा ने कहा कि होली का पावन पर्व समाजिक समरसता का पर्व है इसलिए सभी सनातनी इसे हर्षोल्लास के साथ मनाते है। इस अवसर पर महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक, पूर्व विधायक गीता जैन, सिद्धिविनायक ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी, शिक्षाविद लल्लन तिवारी, शिवसेना जिला प्रमुख राजू भोईर, विक्रम प्रताप सिंह, मनसे प्रमुख संदीप राणे, पूर्व नगरसेवक मनोज दुबे पूर्व नगरसेविका नीला सौन्स, स्नेहा पांडेय, नयना वसानी सहित सभी राजनैतिक पार्टियों के प्रमुख पदाधिकारी और सामाजिक संस्थाओं से जुड़े गणमान्य लोग इसमें शामिल हुए। ख़ास बात ये रही की महिला दिवस पर हुए इस कार्यक्रम मे नारी शक्ति का सम्मान किया गया और महिलाओं ने इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। संस्था के प्रमुख संरक्षक भरत मिश्रा ने बताया कि हम जल संरक्षण के साथ ही अपनी संस्कृति, संस्कार और पहचान को बनाए रखना चाहते है, इसलिए अब ये होली इस शहर की पहचान बन गई है। कार्यक्रम में उपस्थित होली रसिकों के लिए ठंडाई और सुरुचि पूर्ण भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। इस आयोजन को सफल बनाने मे संस्था के सचिव सुशील मिश्रा, सत्यप्रकाश दुबे, नवीन पाठक एवं संस्था से जुड़े कई जलमित्रों का सहयोग रहा।

# भायंदर में होली महा स्नेह सम्मेलन 14 को

■ घांची समाज विकास मंच मुंबई का कार्यक्रम

**मुंबई।** घांची समाज विकास मंच मुंबई द्वारा होली सम्मेलन का कार्यक्रम 14 मार्च, शुक्रवार को श्री राज, क्षत्रिय घांची समाज की वाडी राईगांव, उत्तन रोड, सुरभि होटल के सामने, भायंदर(वेस्ट) में किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह आठ बजे शुरू होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं आगामी सम्मेलन के चढ़ावों की बोलियां दोपहर दो बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगी। इस शुभ अवसर पर सभी को अपने परिवार के साथ आने का निमंत्रण दिया गया है। अतिथियों का सम्मान दोपहर 12 बजे से एक बजे तक। चढ़ावा लेने वालों का सम्मान दोपहर एक से दो बजे तक। मेधावी छात्रों का पारितोषिक वितरण समारोह दोपहर तीन बजे से रात आठ बजे तक आयोजित किया जाएगा। गणेश पूजन सुबह आठ बजे से नौ बजे तक। श्री चारभुजा आरती सुबह नौ बजे से प्रारंभ होगी। ढुंढोत्सव सुबह नौ बजे से दस बजे तक आयोजित की जाएगी। अल्पहार सुबह नौ बजे से 11 बजे तक। महाप्रसादी दोपहर दस बजे से शाम पांच बजे तक वितरित की जाएगी। सांस्कृतिक शिवम इवेंट ग्रुप रानी, देवपुरी (जालोर) और और संजूराव (पाली) करेंगे। मंच का संचालन मांगीलाल डी. भाटी(मुंबई), अशोक परिहार(रानी) करेंगे। यह जानकारी घांची समाज विकास मंच मुंबई के अध्यक्ष गणेशमल डी. भाटी ने दी।

# अभय एजुकेशन सेंटर की महिलाएं सम्मानित




**मुंबई।** महिला दिवस के अवसर पर आठ मार्च को 'अभय एजुकेशन सेंटर' द्वारा विक्रोली विभाग की मेधावी महिलाओं को वरिष्ठ पत्रकार राही भिड़े द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन डा. सुचिता पाटिल ने किया। सांसद एवं मुंबई कांग्रेस की अध्यक्ष प्रो. वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि आज के आधुनिक युग में न केवल भारत में बल्कि विश्व भर में महिलाओं ने शिक्षा, सामाजिक कार्य, राजनीति, खेल, चिकित्सा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाई है। इस कार्यक्रम में विधायक ज्योति गायकवाड़, संयुक्त श्रम आयुक्त शिरीन लोखंडे, विधि अधिकारी स्मिता गायकवाड़, केईएम अस्पताल की डा. नीलम साठे, राजर्षि शाहू विधि महाविद्यालय की शिक्षिकाएं और कार्यालय की महिला कर्मचारी सहित विभिन्न क्षेत्रों की बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

**उत्साह के साथ मनाया अंतराष्ट्रीय महिला दिवस**

# डंपिंग ग्राउंड में हो रहा भ्रष्टाचार



■ डंपरों की फेरी बढ़ाकर हो रही लूट: रवि व्यास

**भायंदर।** मीरा भायंदर बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष रवि व्यास ने मनपा आयुक्त को ज्ञापन देकर भायंदर उत्तन डंपिंग ग्राउंड में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। रवि व्यास के अनुसार उन्होंने खुद देखा कि डंपिंग ग्राउंड में डंपर खाली कर वापस ले जाने की बजाय कचरे से भरे डंपर को वापस शहर में ले जा रहे ताकि डंपर की फेरी बढ़ाकर बताया जाए। ठेकेदार डंपरों की फेरी बढ़ाकर मनपा को लूट रहा है। इस पर मनपा आयुक्त को संज्ञान ले कर कार्रवाई करनी चाहिए। व्यास ने तीन डंपरों की सचित्र जानकारी मनपा आयुक्त को दी है। पत्र में व्यास ने लिखा है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जाए तो आसानी से सच मनपा आयुक्त के समक्ष आ जाएगा और भ्रष्टाचार से पर्दा उठ जाएगा।



# कैंसर मरीजों को भेंट की व्हीलचेयर्स

**मुंबई।** महिला दिवस के अवसर पर आठ मार्च को कुर्ला के स्थानिक बचत गट और महिला सखियों के सहयोग से मुंबई के महालक्ष्मी स्थित किंग जॉर्ज अस्पताल में कैंसर पेशेंट और जरूरतमंद एवं गरीब मरीजों को व्हीलचेयर्स, खाने की चीजें और डायपर्स भेंट की गईं। हॉस्पिटल के महिला स्टाफ एंव महिला मरीजों के साथ मिलकर केक काटकर महिला दिवस मनाया गया। महिला सखी संजीवनी सावंत, स्नेहा दर्वेश, वनिता चव्हाण, नम्रता पटेल, ऍड. दुर्गा पुजारी, शारदा शिरसागर, योगिता घोडके, छाया बोटे, कर्णे मैडम, राजकुमारी व्हटकर उपस्थित थीं।

# मुंबई से खाटू धाम तक पैदल यात्रा

■ बच्चों सहित कुल 32 सदस्यों की टीम ने लिया भाग
■ श्याम उत्सव मंडल ट्रस्ट की तृतीय निशान यात्रा संपन्न

**भायंदर।** श्री श्याम उत्सव मंडल ट्रस्ट (रजि.) भायंदर की पांच दिवसीय तृतीय निशान यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। संस्थापक, ट्रस्टी विकास केडिया के अनुसार निशान यात्रा मुंबई से शुरू होकर राजस्थान के रिंगस से पैदल खाटू धाम तक संपन्न हुई जिसमें सभी भक्तगण बाबा की भक्ति में नाचते हुए एवं भक्ति करते हुए खाटू धाम तक पहुंचे एवं बाबा के चरणों में निशान अर्पित करने के बाद में वहां से मथुरा वृंदावन की यात्रा के लिए रवाना हुए। तदोपरांत नंदगांव,बरसाना में कीर्ति एवं राधारानी मंदिर, गिरिराज परिक्रमा,वृंदावन में प्रेमानंद महाराज के दर्शन लाभ लेने के बाद प्रेम मंदिर,बांके बिहारी,राधा वल्लभ,बैकुंठनाथ मंदिर,गोपेश्वर महादेव,श्याम एवं इस्कॉन मंदिर के दर्शन करते हुए मथुरा में गोकुल, द्वारकाधीश व श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का दर्शन करने के बाद में वापस मुंबई के लिए रवाना हुए। यात्रा में विकास केडिया,पवन क्याल,नरेश पी केडिया,पंकज जैन, इंद्रजीत जैन, राजकुमार सर्राफ, अनिल केडिया,अमित जांगिड, रिषभ अग्रवाल,धीरज सोनी, प्रदीप बुधिया, राजेश हेतमपुरिया, राकेश साहेवाल, सुमित सर्राफ, मनोहर बियानी, गिरीश गुप्ता, मनोज गुप्ता,आशु नेडिया,विजय यादव, श्रीकृष्ण गुप्ता एवं महिलाओं में रितु केडिया, आशा क्याल,नीलम साहेवाल, रंजू हेतमपुरिया, विभा बुधिया,ममता बियानी, नीता गुप्ता एवं बच्चों सहित कुल 32 सदस्य टीम ने भाग लिया।





# पैट् ऑक्सफोर्ड स्कूल में 'उड़ान फेस्टिवल' आयोजित

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर कैंप क्रमांक 3 पंजाबी कॉलोनी में स्थित पैट् ऑक्सफोर्ड स्कूल में दो दिवसीय उड़ान फेस्टिवल 2025 का आयोजन किया गया। इस आयोजन में छात्र-छात्राओं के द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट ने अभिभावकों का मनमोहन लिया। स्कूल में प्रयागराज के महाकुंभ की झांकी भी बनाई गई जिसमें साधु संत और तमाम लोगों को गंगा संगम स्नान करते हुए दिखाया गया। यह झांकी लोगों को अपनी तरफ आकर्षित कर रही थी और लोग इस झांकी की तारीफ कर रहे थे। भगवान झूलेलाल की प्रतिमा बनाई गई। यह झांकी भी अपने आप में आकर्षण का केंद्र बनी रही। कक्षा 9वीं के छात्रों द्वारा रोबोटिक जॉव बनाया गया जो अभिभावकों को अपनी तरफ आकर्षित कर रही थी। पैट् ऑक्सफोर्ड स्कूल के प्रिंसिपल विजय माखिजा ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पैट् ऑक्सफ़ोर्ड स्कूल में दो दिवसीय उड़ान फेस्टिवल का आयोजन किया गया जो बहुत ही अच्छी तरह से सफल हुआ है। छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट को देखकर अभिभावक भी खुश हैं इससे बच्चों का मानसिक विकास होगा और भविष्य में कुछ करके दिखाएंगे।



# डोंबिवली में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**डोंबिवली।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार (नौ मार्च) को डोंबिवली के विघ्नहर्ता पार्क परिसर में स्थानीय निवासियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सीबीसी, लिवर, किडनी, थायराइड जांच, एचबीए 1 सी, सीआरपी, एचबीएसएजी और महिलाओं के लिए कैंसर निदान और परीक्षण निःशुल्क किए गए। सभी निवासियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिसाद दिया। स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम में सोसायटी के सभी सदस्य एवं सभी स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

#### विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- **9930850102** पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

# वनरक्षक भर्ती : पेपर लीक मामले का मुख्य आरोपी हीराराम इंदौर से गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** एसओजी ने वनरक्षक भर्ती परीक्षा-2020 के मुख्य आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। पेपर लीक के संबंध में एसओजी में मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही वह फरार चल रहा था। उसे एसओजी ने इंदौर से गिरफ्तार किया है। उसकी गिरफ्तारी पर एसओजी ने 25 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया था। एसओजी के एडीजी वीके सिंह ने बताया कि 13 नवंबर 2022 को हुई वन रक्षक भर्ती परीक्षा की दोनों पारियों का पेपर लीक होने की जानकारी मिलने पर 30 जून 2024 को बांसवाड़ा जिले के राजतलाब थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में अनुसंधान एसओजी कर रही है। इस मामले में पेपर लीक का मुख्य सरगना हीराराम उर्फ हरीश सारण मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही फरार चल रहा था। वह मूलतः गुढ़ामालानी (बाड़मेर) के सारणों की ढाणी का रहने वाला है और उदयपुर के भागलिया गांव की राजकीय प्राथमिक स्कूल में तृतीय श्रेणी शिक्षक है।



### दोनों पारियों का पेपर किया लीक

एसओजी की जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी हीराराम ने 13 नवंबर 2022 को दोनों पारियों में वनरक्षक भर्ती परीक्षा का सॉल्वड लीक पेपर अपने साथी डूंगरपुर निवासी अभिमन्यु सिंह के साथ मिलकर अलग-अलग जगहों पर अभ्यर्थियों को पढ़वाया था। उन्होंने स्थानीय दलाल छगन पारगी, सकन सिंह खड़िया और प्रवीण मालवीया के जरिए अभ्यर्थियों को इकट्ठा कर परीक्षा से पहले दोनों पारियों में पेपर पढ़वाया था। एसओजी ने इस मामले में तीनों दलालों के साथ ही अभिमन्यु सिंह, नौ अभ्यर्थियों और चार अन्य आरोपियों को अब तक गिरफ्तार किया है।

### खुद डमी अभ्यर्थी बना, दूसरों को भी दिलवाया पेपर

अब तक की पूछताछ में सामने आया है कि उसने जूनियर अकाउंटेंट परीक्षा-2015, ग्राम विकास अधिकारी व हॉस्टल वार्डन भर्ती परीक्षा-2016 में अन्य अभ्यर्थियों के स्थान पर डमी अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा देकर उनकी नौकरी लगवाई थी। रीट- 2021 और तृतीय श्रेणी अध्यापक भर्ती परीक्षा- 2023 में अन्य अभ्यर्थियों को स्थानीय दलालों के जरिए उसने डमी अभ्यर्थी भी मुहैया करवाए हैं। अब एसओजी पड़ताल में जुटी है कि वनरक्षक भर्ती परीक्षा का पेपर उसके पास कहां से और कैसे आया था। इसे लेकर एसओजी अनुसंधान और जांच कर रही है।

### इंदौर से बांसवाड़ा लाकर किया गिरफ्तार

इस घटना के बाद से ही मुख्य आरोपी हीराराम फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर एसओजी ने 17 अगस्त 2024 को 25 हजार रुपए का ईनाम भी घोषित किया था। उन्होंने बताया कि हीराराम का ससुराल इंदौर में है। उसके पांच मार्च को ससुराल (इंदौर) आने की जानकारी मुखबिर के जरिए कांस्टेबल बनवारी लाल और गंगासहाय को मिली थी। उसे इंदौर पुलिस की मदद से हिरासत में लेकर बांसवाड़ा लाया गया। जहां पूछताछ के बाद उसे पेपर लीक के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। उसे कोर्ट में पेश कर 12 मार्च तक रिमांड पर लिया गया है। उसके कब्जे से एक कार भी जब्त की गई है।

# जोधपुर में बजरी डंपर ने फैलाई दहशत

■ सड़क पर बिखेरी बजरी, झालामंड में दो बिजली के पोल तोड़े

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर में बजरी माफिया पुलिस की सख्ती के बावजूद बेरोकटोक अवैध बजरी परिवहन कर रहे हैं। शहर के झालामंड इलाके में शनिवार देर रात बजरी डंपर ने दहशत फैला दी। डंपर ड्राइवर ने खनन विभाग की टीम से बचने के लिए सड़क पर ही डंपर खाली कर दिया। इस दौरान बिजली के तार भी तोड़ दिए। बाद में चालक डंपर लेकर मौके से फरार हो गया। घटना को लेकर वीडियो भी सामने आया है जिनमें डंपर चालक सड़क पर बजरी खाली कर भागते हुए नजर आ रहा है। डंपर चालक



लिफ्ट ऊपर कर डंपर को भगाता रहा। इसके चलते दो बिजली के पोल क्षतिग्रस्त हो गए। बाद में लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। वहीं विद्युत विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और पोल को दुरुस्त करवाया। फिलहाल डंपर चालक का पता नहीं चल पाया।

### ▶▶ लोग बोले-तेज स्पीड में दौड़ाते हैं डंपर

बजरी डंपर की इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों और व्यापारी में भी रोष है। उनका कहना है कि तेज स्पीड में दौड़ते डंपर की वजह से हादसा हो सकता था। अवैध बजरी के परिवहन पर पुलिस को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

# होली के चंग पर क्रिकेट का खुमार, 'कोहली, रोहित और पांड्या' की डिमांड



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** राजस्थान में होली में चंग पर थाप के साथ ही फागुनी माहौल बनता है। होली की तैयारियां जोरों पर हैं। साथ ही रात को गली मौहल्लों से चंग बजाने की आवाज आने लगी है, जो बताती है कि चंग की बिक्री शुरू हो गई है।
होली पर बजाए जाने वाले इस परंपरागत वाद्य की बिक्री में कमी है, लेकिन इसमें नवाचार कर युवाओं को जोड़ कर इसे जीवित रखा जा रहा है।
चंग बनाने वाले जितेंद्र चौहान ने इस बार चैंपियन ट्रॉफी का खुमार देखते हुए चंग पर भारतीय क्रिकेटर के फोटो उकेरे, जिसका उनको फायदा भी मिला। जितेंद्र ने बताया कि विराट कोहली, रोहित शर्मा और हार्दिक पांड्या के फोटो के चंग की डिमांड है। वे इस सीजन में 100 से ज्यादा चंग क्रिकेटर के फोटो के बेच चुके हैं।
इससे हमारी बिक्री में भी इजाफा हुआ है। चंग बनाने वाले गणपतलाल चौहान ने बताया कि वे 50 साल से चंग बना रहे हैं। चंग की बिक्री गांवों पर ही निर्भर हो गई है। शहरी लोग होली के एक दो दिन पहले ही खरीदते हैं। ग्रामीण अभी खरीदने आने लगे हैं, लेकिन पहले वाली बात नहीं रही। ग्राहक कम हो रहे हैं।

# जैसलमेर के मेडिकल कॉलेज में अभ्यर्थियों का प्रवेश शुरू



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में पिछड़ा माने जाने वाला जैसलमेर से चिकित्सा व्यवस्था को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। जैसलमेर जिले में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में रामगढ़ बाइपास मार्ग पर बन रहे मेडिकल कॉलेज में नए सत्र से एमबीबीएस में अभ्यर्थी का प्रवेश शुरू होगा। जून-जुलाई में 150 सीटों पर जैसलमेर मेडिकल कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया होगी। भविष्य के चिकित्सकों की पढ़ाई-लिखाई और प्रयोगात्मक प्रशिक्षण भी शुरू हो सकेगा। मरीजों को गुजरात और जोधपुर रेफर करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मेडिकल कॉलेज का 80 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो चुका है। चिकित्सा महकमे की मानें तो आवश्यक एकेडमिक ब्लॉक का निर्माण लगभग पूरा हो चुका। आगामी समय में इसको संबंधित विभाग को सौंप दिया जाएगा। नए जिला अस्पताल का कार्य भी इसी साल पूरा हो जाएगा।
गौरतलब है कि सरहदी जिले में उच्चस्तरीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी उम्मीदें रामगढ़ बाइपास पर बन रहे मेडिकल कॉलेज और 345 बेड्स की क्षमता वाले नए जिला अस्पताल पर टिकी हैं। सरहदी जिला अब अब चिकित्सकों की पोस्टिंग को तरसता रहा है। वहां अब चिकित्सक बनेंगे। पहले चरण में मेडिकल कॉलेज 159 करोड़ रुपए की लागत से बनवाया जा रहा है। अस्पताल पर करीब 110 करोड़ रुपए खर्च होंगे। केंद्र व राज्य सरकार के साझा खर्च से मेडिकल कॉलेज व अस्पताल कार्यों के लिए 325 करोड़ रुपए का बजट तय किया है। केंद्र 60 और राज्य सरकार 40 प्रतिशत खर्च करेगी।

# बाड़मेर में होने वाला थार महोत्सव स्थगित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** 11 और 12 मार्च को आयोजित होने वाला थार महोत्सव अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। हालांकि, प्रशासन और पर्यटन विभाग ने इसके आयोजन की तैयारियां लगभग पूरी कर ली थी। पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक कमलेश्वर सिंह सोलंकी ने बताया कि जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 11 और 12 मार्च को बाड़मेर शहर में आयोजित होने वाले थार महोत्सव 2025 को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। उम्मीद है कि आयोजक जल्द ही एक नई तारीख तय करेंगे और थार की प्रतिभाओं को फिर से मंच प्रदान करेंगे। होली के रंगों से पहले थार की पारंपरिक कलाओं, नृत्य, संगीत, हस्तशिल्प और लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बाड़मेर में 'थार महोत्सव' 11-12 मार्च को



मनाया जाना था। इस दो दिवसीय महोत्सव में अधिकतर कार्यक्रम जिला मुख्यालय पर तय किए गए। ऐसे में जिले के महाबार व चोहटन के रेतीले धोरों पर और केराड़ आदि स्थानों को इसमे शामिल नहीं किए जाने के चलते महोत्सव को लेकर सवाल उठ रहे थे, जिसको देखते हुए प्रशासन और पर्यटन ने फिलहाल थार महोत्सव को स्थगित करने का फैसला लिया। यह फैसला थार की प्रतिभाओं के लिए अपने आप में एक बड़ा झटका है, जिन्होंने इस महोत्सव में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बहुत मेहनत की थी। प्रशासन व पर्यटन विभाग के इस फैसले के बाद थार की प्रतिभाओं को एक बार फिर निराशा हाथ लगी है, क्योंकि इससे पहले वर्ष मार्च 2023 में थार महोत्सव का आयोजन किया गया था। पिछले साल चुनाव की वजह से यह महोत्सव नहीं हो पाया था। ऐसे में एक साल के अंतराल के बाद अब फिर से बाड़मेर में थार महोत्सव का आयोजन होने जा रहा था, लेकिन आयोजकों ने अपरिहार्य कारणों का हवाला देते हुए इसे स्थगित कर दिया है।

# बहला-फुसलाकर महिला से रेप-लूट का आरोपी गिरफ्तार

### ▶▶ पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश, 15 दिन पहले की थी वारदात

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया, वहां से उसे जेल भेज दिया। राह चलते महिला को बहला-फुसलाकर ले जाकर रेप और लूट की वारदात करने वाले आरोपी को बालोतरा जिले की सिणधरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना 15 दिन पहले की है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया गया। वहां से उसे जेल भेज दिया ।
पुलिस के अनुसार सिणधरी थाने में पीड़िता ने 21 फरवरी को एक रिपोर्ट दी थी। जिसमें बताया कि 19 फरवरी को राह चलने के दौरान माधाराम उर्फ माधिया पुत्र राणाराम निवासी गोलिया महेचान ने रोक और बहला-



फुसलाकर ले गया। गलत हकरतें कीं। चांदी की बेड़ियां छीन कर वहां से भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया। पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआयना कर पीड़िता के बयान दर्ज करवाए गए। सिणधरी थाने के हेड कॉन्स्टेबल आइदानराम के अनुसार जांच के दौरान जुर्म प्रमाणित होने पर आरोपी माधाराम को पकड़ने के प्रयास शुरू किए गए। वांटेड आरोपी माधाराम उर्फ माधिया को पुलिस थाना सिणधरी थाने के टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल किया गया। पुलिस ने टीम बनाकर गई। टीम ने तकनीकी और सूचना के आधार पर माधाराम को डिटेन किया गया। पूछताछ के आरोपी को रेप सहित अलग-अलग धाराओं में गिरफ्तार किया गया। आरोपी माधाराम उर्फ माधिया से पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया गया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# चितौड़गढ का वांटेड बाड़मेर से गिरफ्तार

■ 10 हजार रुपए का इनामी, एनडीपीएस व आर्म्स एक्ट का है आरोपी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले की डीएसटी टीम ने एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट मामले का वांटेड और 10 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी बीते डेढ़ साल से फरारी काट रहा है। आरोपी चितौड़गढ़ पुलिस का वांटेड है। बाड़मेर पुलिस ने विजयपुर थाने को सूचना दे दी है। उनके आने के बाद सुपुर्द की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि चितौड़गढ़ पुलिस का वांटेड हरजीराम पुत्र कानाराम निवासी पोषाल नागड़दा पुलिस थाना शिव अपने गांव आया हुआ है। जो 10 हजार रुपए का इनामी है। जिले की डीएसटी प्रभारी सुमेर सिंह और नागाणा थानाधिकारी जमीन खान की टीमों ने गांव में दबिश दी गई। टीम ने आरोपी हरजीराम को डिटेन किया गया। पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ चितौड़गढ़ जिले के विजयपुर थाने में जनवरी 2024 में एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। डीएसटी प्रभारी सुमेरसिंह ने बताया- आरोपी को पकड़ने की सूचना चितौड़गढ़ जिले के विजयपुर थाने को दी गई है। उनके आने के बाद आरोपी को सुपुर्द किय जाएगा। कार्रवाई में कांस्टेबल नींबसिंह व मालाराम की अहम् भूमिका रही है। इसके अलावा डीएसटी टीम के हेड कॉन्स्टेबल प्रेमाराम, कॉन्स्टेबल हनुमानराम, रमेश कुमार और स्वरूपसिंह शामिल रहे।

# व्यापार जगत

## एनसीएलटी से मर्जर अप्रूवल के बाद आईपीओ-ड्राफ्ट-पेपर्स फाइल करेगी टाटा-कैपिटल

**मुंबई।** टाटा ग्रुप की फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनी टाटा कैपिटल एनसीएलटी (नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल) से टाटा मोटर्स फाइनेंस के मर्जर का अप्रूवल मिलने के बाद आईपीओ के लिए ड्राफ्ट पेपर्स फाइल करेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंपनी को इसके लिए एनसीएलटी के फाइनल आदेश का इंतजार है। टाटा कैपिटल के इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी आईपीओ का साइज करीब दो बिलियन डॉलर यानी 17 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा होगा। इस साइज के बेसिस पर कंपनी की वैल्यूएशन करीब 11 बिलियन डॉलर यानी 95,864 करोड़ रुपए हो सकती है। रिपोर्ट्स के अनुसार, टाटा मोटर्स फाइनेंस के मर्जर पर एनसीएलटी से फाइनल ऑर्डर वित्त-वर्ष 2024-25 के आखिरी तक मिल सकता है। जून 2024 में टाटा कैपिटल, टाटा मोटर्स फाइनेंस और टाटा मोटर्स के बोर्ड ने एनसीएलटी स्कीम ऑफ अरेंजमेंट के जरिए टाटा मोटर्स फाइनेंस और




टाटा कैपिटल के मर्जर को मंजूरी दी थी। गौरतलब है की मर्जर के तहत टाटा कैपिटल, टाटा मोटर्स फाइनेंस के शेयरहोल्डर्स को अपने इक्विटी शेयर जारी करेगी। इसके चलते टाटा मोटर्स के पास नई उभरने वाली एंटिटी में 4.7% हिस्सेदारी होगी। कॉम्पिटिशन कमीशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) ने इस मर्जर को सितंबर 2024 में मंजूरी दी थी। टाटा संस, टाटा कैपिटल की होल्डिंग कंपनी है। इसके पास टाटा कैपिटल में 92.83% हिस्सेदारी है। टाटा कैपिटल को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की ओर से अपर लेयर आरबीआई (नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी) का दर्जा मिला हुआ है। आरबीआई के आदेश के अनुसार, अपर लेयर आरबीआई के लिए यह मान्यता मिलने के तीन साल के अंदर शेयर बाजारों में लिस्ट होना जरूरी है।
टाटा कैपिटल ने सितंबर 2022 में अपर लेयर आरबीआई में क्वालिफाई किया था। टाटा कैपिटल को आईपीओ के लिए अपने बोर्ड की मंजूरी पहले ही मिल चुकी है। आईपीओ के तहत कंपनी 2.3 करोड़ नए शेयर जारी करेगी। इसके अलावा कुछ मौजूदा शेयरहोल्डर्स की ओर से ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) भी रहेगा। टाटा कैपिटल ने पब्लिक लिस्टिंग से पहले अपनी वित्तीय स्थिति को और मजबूत करने के लिए राइट्स इश्यू के जरिए फंड जुटाने का भी ऐलान किया है। इससे पहले टाटा ग्रुप की टाटा टेक्नोलॉजीज की लिस्टिंग नवंबर 2023 में हुई थी।

## अब एटीएम से निकाल पाएंगे अपने पीएफ का पैसा!

**हैदराबाद।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) अपने सदस्यों के लिए एक क्रांतिकारी कदम उठाने जा रहा है, जो भविष्य निधि (पीएफ) निकालने की प्रक्रिया को पूरी तरह से बदल देगा। संगठन 'ईपीएफओ 3.0' नामक एक नई प्रणाली शुरू करने की तैयारी में है, जिसके तहत ग्राहक सीधे एटीएम से अपना पीएफ निकाल सकेंगे। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया ने हैदराबाद में एक कार्यक्रम के दौरान इस महत्वपूर्ण घोषणा की।
उन्होंने कहा कि यह नई प्रणाली बैंकिंग जैसी सुविधा प्रदान करेगी और लेनदेन को आसान बनाने के लिए कई डिजिटल सुविधाएं भी उपलब्ध कराएगी। मंडाविया ने कहा, "आने वाले दिनों में ईपीएफओ 3.0 संस्करण आएगा। इसका मतलब है कि ईपीएफओ एक बैंक के बराबर हो जाएगा। जैसे बैंक में लेनदेन किया जाता है, वैसे ही आपके (ईपीएफओ ग्राहकों) पास आपका यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) होगा और आप अपने सभी काम कर पाएंगे।" यह अपग्रेड मौजूदा प्रणाली का एक उन्नत संस्करण है, जिसे निकासी प्रक्रिया को तेज और अधिक उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। ईपीएफओ 3.0 के साथ, सदस्यों को अब अपने पीएफ पैसे तक पहुंचने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने या अपने नियोक्ताओं से अनुमोदन प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी।
वे आसानी से एटीएम के माध्यम से अपने पैसे निकाल सकेंगे, जैसे वे बैंक खाते से नकदी निकालते हैं। ग्राहक अपने यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) का उपयोग करके अपने खातों का प्रबंधन भी कर सकेंगे। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि एटीएम से पीएफ निकासी के लिए क्या सीमा तय की जाएगी।
अब लंबी कागजी कार्यवाही और समय लेने वाली प्रक्रिया से मुक्ति मिलेगी। एटीएम से पीएफ निकालना बैंक से पैसे निकालने जितना आसान हो जाएगा। सदस्यों को अब पीएफ निकालने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने की आवश्यकता नहीं होगी। पीएफ निकालने के लिए अब नियोक्ता से अनुमोदन लेने की झंझट खत्म हो जाएगी।
ग्राहक अपने यूएएन का उपयोग करके अपने खातों को प्रबंधित कर सकेंगे, जिससे उन्हें अपने पीएफ बैलेंस और लेनदेन पर पूरा नियंत्रण मिलेगा।
मौजूदा प्रणाली की कमियांः वर्तमान में, पीएफ का पैसा निकालने में कागजी कार्रवाई शामिल है और इसे संसाधित होने में काफी समय लगता है। सरकार की योजनाः सरकार इस साल मई या जून तक ईपीएफओ 3.0 ऐप लॉन्च करने की योजना बना रही है। यह ऐप उपयोगकर्ताओं को अपने पीएफ बैलेंस की जांच करने, लेनदेन को ट्रैक करने और आसानी से निकासी करने की अनुमति देगा।
मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि चूंकि इन खातों में जमा धन कर्मचारियों का है, इसलिए उन्हें बिना किसी अनावश्यक देरी के इसे किसी भी समय और कहीं भी प्राप्त करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए। ईपीएफओ 3.0 इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## आप का राशिफल 10 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-1-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-2-4-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-5-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। शुभांक-2-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-5-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-4-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-3-5-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-8

# 70 से 90 घंटे काम की वकालत करने वालों को सौम्या स्वामीनाथन ने दिया जवाब

**नई दिल्ली।** देश में सप्ताह में कभी 70 घंटे तो कभी 90 घंटे काम करने को लेकर जारी चर्चाओं के बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक एवं स्वास्थ्य मंत्रालय में सलाहकार रहीं सौम्या स्वामीनाथन ने अपने विचार रखे हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक ज्यादा काम करने से 'बर्नआउट' की स्थिति पैदा होती है।
इससे दक्षता भी कम होती है। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने शरीर की सुननी चाहिए। उन्हें यह ध्यान रखना चाहिए कि उन्हें कब आराम की जरूरत है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, दफ्तर में काम के दबाव के कारण होने वाली थकान को 'बर्नआउट' कहते हैं। उन्होंने कहा कि बर्नआउट भावनात्मक, शारीरिक और मानसिक थकावट की स्थिति है। यह अत्यधिक और लंबे समय तक तनाव के कारण होती है। डब्ल्यूएचओ ने इसे बीमारी के रूप में वर्गीकृत किया है।
सौम्या स्वामीनाथन ने दिए गए साक्षात्कार में कहा कि लंबे समय तक जी-जान लगाकर काम नहीं किया जा सकता। यह बस कुछ वक्त तक ही संभव है जैसा कि कोविड-19 के दौरान देखा गया। स्वामीनाथन ने जोर देकर कहा कि उत्पादकता काम के घंटे के बजाए काम की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। लंबे समय तक ज्यादा घंटे काम करने का मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की पूर्व महानिदेशक ने कहा कि मैं बहुत से ऐसे लोगों को जानती हूं जो बहुत मेहनत करते हैं।
मेरा मानना है कि यह व्यक्ति पर निर्भर करता है और आपका शरीर बता देता है कि वह कब थकान महसूस कर रहा है। उस समय आपको अपने शरीर की सुननी चाहिए। सौम्या स्वामीनाथन ने कहा कि आप वाकई कड़ी मेहनत कर सकते हैं पर कुछ महीनों के लिए। कोविड के दौरान हम सभी ने ऐसा किया है न? लेकिन क्या हम इसे वर्षों तक जारी रख सकते है? मुझे नहीं लगता। स्वामीनाथन ने कहा



कि उन दो-तीन साल में हमने ऐसा किया। हम ज्यादा नहीं सोते थे, हम ज्यादातर समय तनाव में रहते थे, चीजों को लेकर चिंता में रहते थे, खास तौर पर स्वास्थ्य सेवा में लगे लोग। वे चौबीसों घंटे काम करते थे तब भी बर्नआउट के मामले सामने आते थे। उसके बाद कई लोगों ने वह पेशा ही छोड़ दिया।
यह थोड़े वक्त के लिए किया जा सकता है, लंबे वक्त तक नहीं। उन्होंने कहा कि अच्छे तथा लगातार प्रदर्शन के लिए मानसिक स्वास्थ्य और आराम जरूरी है।
स्वामीनाथन ने कहा कि सिर्फ काम के घंटों की संख्या को नहीं उन घंटों में किए गए काम की गुणवत्ता के बारे में भी सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि आप 12 घंटे तक अपनी मेज पर बैठ सकते हैं लेकिन हो सकता है कि आठ घंटे के बाद आप उतना अच्छा काम न कर पाएं। इसलिए मुझे लगता है कि हमें हर चीज पर ध्यान देना चाहिए। दरअसल, इस साल की शुरुआत में लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के अध्यक्ष एस एन सुब्रह्मण्यन ने कहा था कि कर्मचारियों को घर पर रहने के बजाय रविवार सहित सप्ताह में 90 घंटे काम करना चाहिए जिसके बाद काम के घंटों को लेकर बहस छिड़ गई थी।
सुब्रह्मण्यन से पहले इन्फोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति ने कहा था कि लोगों को सप्ताह में 70 घंटे काम करना चाहिए जिस पर अधिकतर लोगों ने उनसे असहमति जताई थी।

रसद विभाग द्वारा गिव-अप अभियान

# जालोर : 31 तक लाभार्थी हटाएं नाम

**नाम नहीं हटाने पर 105 को नोटिस**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जालोर।** रसद विभाग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में 'गिव-अप अभियान' के तहत योजना का लाभ स्वेच्छा से नहीं छोड़ने वाले 20 अपात्र परिवारों को 6 मार्च को वसूली नोटिस जारी किए गए हैं। जिले में अब तक वसूली के लिए 105 नोटिस जारी किए जा चुके हैं। जिला रसद अधिकारी एवं जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी आलोक झरवाल ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में अपात्र लाभार्थियों को स्वैच्छिक रूप से लाभ त्याग करने को लेकर सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए 'गिव-अप अभियान' के तहत जिले में अब तक 4070 परिवारों के कुल 14718 सदस्यों ने जिला रसद कार्यालय में आवेदन किया है एवं अब तक जिले में 834 उपभोक्ता स्वेच्छा से गिव अभियान में विभाग की वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन कर अपनी पात्रता छोड़ चुके हैं। यह योजना 31 मार्च, 2025 तक प्रभावी है। 31 मार्च तक त्याग नहीं करने वाले अपात्र लाभार्थियों के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

**ऐसे परिवार नहीं ले सकते लाभ**

विभागीय निर्देशानुसार ऐसे परिवार जिसमें कोई आयकरदाता हो, जिसका कोई सदस्य सरकारी/अर्द्ध सरकारी/स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मचारी-अधिकारी हो, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो एवं परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रेक्टर आदि जीविकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोड़कर) निष्कासन सूची में आते है।

**ऐसे हटवा सकते हैं अपना नाम**

योजना से नाम हटाने के लिए 31 मार्च, 2025 तक संबंधित व्यक्ति को अपनी उचित मूल्य दुकान या जिला रसद कार्यालय जालोर पर जाकर निर्धारित फॉर्म भरना होगा अथवा विभाग के पोर्टल https://rrcc.rajasthan.gov.in/ पर ऑनलाइन आवेदन कर लाभ का त्याग कर सकते है। इस प्रक्रिया के तहत उन्हें यह घोषणा करनी होगी कि वे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनांतर्गत आने के लिए अयोग्य है।

# सांचौर में जाट धर्मशाला में छात्रावास तैयार

▶▶ वीर तेजाजी की मूर्ति का अनावरण दो जून को
▶▶ बैठक कर व्यवस्थाओं के लिए बनाई रूपरेखा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** बलदेवराम मिर्धा जाट समाज सेवा संस्थान, सांचौर की मासिक बैठक समाज अध्यक्ष लक्ष्मणराम सारण की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि संस्था परिसर के आगे श्री वीर तेजाजी की मूर्ति स्थापित की जाएगी, जिसका अनावरण आगामी वार्षिक उत्सव पर 2 जून को किया जाएगा। बैठक में समाज परिसर में निर्माणाधीन बालिका छात्रावास के बचे हुए कार्य को जल्द पूरा कर इसे प्रारंभ करने पर भी चर्चा हुई। संस्था परिसर में व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए नए दिशा-निर्देश भी जारी किए गए।

**28 कमरों वाला बालिका छात्रावास तैयार**

■ समाज अध्यक्ष लक्ष्मणराम सारण ने बताया कि जाट समाज में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए धर्मशाला परिसर में बालिका छात्रावास का निर्माण किया गया है। इस छात्रावास में 28 कमरे बनकर पूरी तरह तैयार हो चुके हैं। इसका उद्‌घाटन भी 2 जून को वार्षिक उत्सव के दौरान किया जाएगा।



**पंचधातु से बनी वीर तेजाजी की मूर्ति का अनावरण**

उन्होंने आगे बताया कि पंचधातु से निर्मित वीर तेजाजी की मूर्ति जयपुर में तैयार करवा ली गई है। इस मूर्ति का अनावरण भी वार्षिक उत्सव के अवसर पर 2 जून को किया जाएगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष देराजराम जाणी, उपाध्यक्ष रमेशकुमार जाखड़, कोषाध्यक्ष रामलाल सारण, सचिव देरावर सिंह आंसू, चेनाराम बेरा, चेनाराम जाखड़, करनाराम, पूनमाराम, जेरुपाराम, मोतीराम, सुखराम गोदारा, गणेश गोदारा, आदूराम एडवोकेट, सोनाराम गोदारा सहित अन्य समाजसेवी और जाट समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## चोरी के तार खरीदने के आरोप में व्यापारी गिरफ्तार



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** स्थानीय पुलिस ने चोरी के विद्युत ट्रांसफार्मर के तार खरीदने के मामले में एक व्योपारी को गिरफ्तार किया गया।पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव के निर्देशानुसार संपति संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए संचालित अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा व पुलिस उप अधीक्षक अन्नराजसिंह राजपुरोहित के सुपरविजन में थाना अधिकारी रामेश्वरलाल भाटी के नेतृत्व एएसआई देवाराम,कास्टेबल मदनलाल, रामलाल,पवनसिंह व प्रकाश कुमार की टीम द्वारा गत 28 फरवरी को दर्ज प्रकरण विद्युत ट्रांसफार्मर के तार चुराने के मामले में गिरफ्तार पुलिस थाना जसवंतपुरा अंतर्गत पावली निवासी दीपाराम पुत्र भूराराम चौधरी व पुलिस थाना रामसीन अंतर्गत आंबातरी निवासी हिरसिंह उर्फ हरिसिंह पुत्र शक्तिसिंह चारण को गिरफ्तार कर पूछताछ करने पर उनके द्वारा जुर्म स्वीकार कर चोरी के तार स्थानीय महावीर चौराया स्थित शिव ट्रेडर्स नामक दुकान पर बेचना बताया,जिस पर पुलिस ने दुकानदार स्थानीय नीलकंठ महादेव मंदिर के पास निवासी माधव कुमार पुत्र कस्तूरा राम माली को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही से चोरी के 90 किलो तार जब्त किए गए।

जालोर नागरिक सहकारी बैंक शाखा रानीवाड़ा

# ज्यादा से ज्यादा पैसा जमाकर बैंक योजना का उठाएं लाभ

### धनराज दवे ने कार्यक्रम में पेंशन नियमों की दी जानकारी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जालोर नागरिक सहकारी बैंक शाखा रानीवाड़ा की ओर से अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष केअवसर पर पंचायत समितिसभागार में पेंशनर संवाद किया। कार्यक्रम में पेंशनर समाज के जिलाध्यक्ष धनराज दवे, उपाध्यक्ष जालोर नागरिक सहकारी बैंकललित दवे, बैंक सदस्य हरीशमाहेश्वरी और कर्मियों की पूर्ति के संबंधमें जानकारी दी। हरीश माहेश्वरीकी ओर से बैंक की प्रगति के बारेमें चर्चा की गई। महाप्रबंधकमहेश शर्मा ने बैंक योजना कालाभ लेने व ज्यादा से ज्यादाराशि जमा करवाने का आह्वानकिया। इस दौरान 50 हजार रुपएकी एफडीआर बैंक में कराई।कार्यक्रम में पेंशन कार्यालय सेप्राप्त सामग्री का पेंशनरों कोवितरण किया गया। कार्यक्रम केसंरक्षक छैलसिंह ताराचंद्रभारद्वाज,




बैंक महाप्रबंधकमहेश शर्मा का सान्निध्य रहा।पेंशनर समाज शाखा रानीवाड़ाके अध्यक्ष पुखराज जीनगर,कोषाध्यक्ष चोखाराम, सचिवरतनाराम जीनगर की ओर सेअतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में धनराज दवे ने पेंशननियमों की जानकारी दी। ललितदवे ने पेंशन फॉर्म रहने वालीविशेष मो. अलि विरदारामदेवीचंद, जबराराम चौधरी,अशोक अग्रवाल, अर्जुनलालसोलंकी, ओखाराम पांचाल सहितसदस्य उपस्थित रहे। मंचसंचालन ताराचन्द भारद्वाज नेकिया। इस दौरान स्थानीय शाखाके प्रबंधक की पप्पूलाल मीणा,दलपत सिंह राव, यश देवरा,निशार खान और तलसाराम उपस्थित थे।

सांचौर में कांग्रेस सेवादल की बैठक

# महिला और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर

### बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने की बनाई रणनीति



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** राजस्थान के सांचौर में कांग्रेस सेवादल की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस सेवादल के राजस्थान प्रभारी गोविंद भाई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सहप्रभारी ज्योति खन्ना, संभाग प्रभारी मोहनलाल हटेला, जालोर जिला अध्यक्ष भेरूपाल सिंह दासपां और सांचौर जिलाध्यक्ष महेंद्र माली विशिष्ट अतिथियों के रूप में मौजूद थे।

सांचौर महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष प्रियंका कंवर भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। राजस्थान प्रभारी गोविंद भाई ने बताया कि बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा हुई। बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने की रणनीति पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए अपनी जिम्मेदारियों का सही निर्वहन करने का आह्वान किया। सुखराम बिश्नोई ने कार्यकर्ताओं से एकजुटता का आह्वान किया।

उन्होंने बताया कि समाज के हर वर्ग से जुड़ना और उनके मुद्दों को हल करना सेवादल का मुख्य उद्देश्य है। प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर संगठन विस्तार की योजना बनाई जा रही है। जिलाध्यक्ष महेंद्र माली ने महिला कांग्रेस और यंग ब्रिगेड की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में हिंदू सिंह दूठवा, पपसिंह हाड़ेचा, अभयसिंह हाड़ेचा, पार्षद प्रवीण राणा और स्मृति वन कमेटी के अध्यक्ष अमराराम माली सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अभिभावक सम्मेलन का आयोजन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** आदर्श विद्या मंदिर उच्च प्राथमिक विद्यालय मालवीय नगर में अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्कॉम कनिष्ठ अभियंता कीर्तिसिंह रावत व मुख्य वक्ता हरिश सुथार थे।इस दौरान मुख्य वक्ता हरिश सुथार ने अभिभावकों को बालकों के प्रति दायित्वों व विद्या भारती के आधारभूत विषयों के बारे में जानकारी दी।उन्होंने सामाजिक समरसता,कुटुंब प्रबोधन ओर स्वयं का भाव पर्यावरण व नागरिकों के कर्तव्य को लेकर जानकारी दी। प्रधानाचार्य प्रमोद दवे ने कहा कि बालकों के विकास में अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है तथा घर का आचरण ही बालक को श्रेष्ठ बनाता है,जिसमें माता-पिता का बड़ा योगदान होता है। इस अवसर पर समिति के सेवा प्रमुख संदीप देसाई, प्रचार प्रमुख अंकित दुआ, प्रधानाचार्य, मुकेश कुमार व जिला शिशु वाटिका प्रमुख श्रीमती ललिता सांखला सहित करीब 200 अभिभावक मौजूद थे।




## स्नेह मिलन एवं नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल ।** भीनमाल पूर्व विधायक पुराराम चौधरी के नीजि आवास कावतरा मे रविवार को स्नेह मिलन एवं नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक का कुछ समय से तबियत खराब होने की वजह से मुम्बई के एक प्रतिष्ठित अस्पताल में भर्ती थे। जो पूर्ण स्वस्थ होकर सकुशल वापिस लौटने एवं भीनमाल विधानसभा क्षेत्र से पहली बार भारतीय जनता पार्टी द्वारा जसराज राजपुरोहित को संगठन का जिलाध्यक्ष बनने का मौका मिलने के उपलक्ष में आज भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में सम्पूर्ण भीनमाल विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित एवं पूर्व विधायक पुराराम चौधरी ने संबोधित भी किया। दोनों नेताओं ने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने एवं जनता जनार्दन के सुख-दुख में सहभागिता निभाने का आह्वान किया। साथ ही पार्टी के लिए काम करने वाले समर्पित एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओ को संगठन एवं सरकार में उचित मान सम्मान देने का भी भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में बागोडा उप प्रधान प्रतिनिधि जोगसिह नरसाणा, भीनमाल प्रधान प्रतिनिधि भरत मेघवाल, पीराराम गोरसिया, टीकमसिंह राणावत, रमेश रावल, प्रवीण एम दवे, महेंद्र सोलंकी, भरत सिंह भोजाणी, किशोर सांखला, जोरावर सिंह राव, भंवरलाल विश्नोई, सांवलाराम भील, पुखराज बगौटी, भागीरथराम विश्नोई,रतन खिलेरी,छैलपुरी गोस्वामी, हीराराम चौधरी वाली, चेलाराम चौधरी बगोटी, इन्दरसिंह राणावत,एडवोकेट हेमलता जैन,लता व्यास, स्वामी दिव्यस्वरूप जी महाराज, बागोडा विकास अधिकारी अंकित जी, विधुत विभाग के अधिशाषी अभियंता पुनमाराम विश्नोई, तहसीलदार रामलाल जी जाट, एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सांचौर में अंबेडकर जयंती की तैयारियां शुरू

# सांचौर : 14 को भव्य रैली का आयोजन



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** सांचौर में अंबेडकर सेवा समिति की बैठक अंबेडकर पार्क में हुई। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष नरेश पातलिया ने की। इस बैठक में 14 अप्रैल 2025 को मनाए जाने वाले अंबेडकर जयंती महापर्व की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। महासचिव कानाराम पारीक ने बताया कि इस अवसर पर चार दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ. भीमराव अंबेडकर और संविधान विषय पर प्रतियोगिता होगी। इसके अलावा वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। ज्योतिबा फुले जयंती और अंबेडकर जयंती महापर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। अध्यक्ष नरेश पातलिया ने कहा कि 14 अप्रैल को भव्य रैली निकाली जाएगी। उन्होंने एससी-एसटी वर्ग के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और बुद्धिजीवी नागरिकों से सहयोग की अपील की। युवाओं से अनुशासित रहकर अपनी भूमिका निभाने का आग्रह किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष नेमीचंद खोरवाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष केशाराम मेहरा, युवा नेता सेंधाराम बावरला, पूर्व कोषाध्यक्ष मसराराम गर्ग, संगठन मंत्री प्रकाशचंद्र जीनगर, उपाध्यक्ष जयकृष्ण मेघवंशी, मूलाराम वाघेला, विधि सलाहकार राजेंद्र हिंगड़ा, तगाराम पहाड़पुरा, एड. केशाराम पातलिया और महेंद्र जगत सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सांचौर : टूटी सड़कों की मरम्मत शुरू

**सांचौर।** सांचौर में जलदाय विभाग ने शहर की टूटी सड़कों की मरम्मत का काम शुरू कर दिया है। पानी की लाइन बदलने के दौरान खोदी गई सड़कों को अब दुरुस्त किया जा रहा है। शहर के प्रमुख मार्ग गौरव पथ पर मरम्मत का काम चल रहा है। कनिष्ठ अभियंता विमला बिश्नोई की देखरेख में 500 मीटर लंबी टूटी सड़क की मरम्मत की जा रही है। एलआईसी सर्कल से शहर की तरफ जाने वाले इस मार्ग का निर्माण चार करोड़ रुपये की लागत से किया गया था।

## 17 यूनिट रक्त संग्रहित



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** फोटोग्राफी एसोसिएशन द्वारा समाजसेवा के तहत स्थानीय नाहर ब्लड सेंटर रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 17 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध करावाना है। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के शिविर आयोजित करने की बात कही।इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और समाज के प्रति उनकी सेवा की सराहना की। नाहर ब्लड सेंटर के अधिकारियों और सिविल अस्पताल प्रशासन ने फोटोग्राफी एसोसिएशन के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में रक्तदान करने वाले सभी लोगों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अवैध बजरी खनन के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

# रामसीन में ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, एक गिरफ्तार



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** अवैध बजरी खनन के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। ऑपरेशन अखरोट के तहत रामसीन पुलिस ने अवैध बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी तालबखां उर्फ तालीबखां (35) को गिरफ्तार किया है। आरोपी सेरणा का रहने वाला है। जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव के नेतृत्व में 6-7 मार्च को विशेष अभियान चलाया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम और वृत्ताधिकारी भीनमाल अन्नराज सिंह राजपुरोहित के सुपरविजन में थानाधिकारी तेजू सिंह की टीम ने यह कार्रवाई की। आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना रामसीन में मुकदमा दर्ज किया गया है। उस पर बीएनएस एक्ट, एमएमडीआर एक्ट और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत कार्रवाई की जा रही है। मामले की जांच जारी है।

## जालोर में जहरीला चारा खाने से 35 भेड़ों की मौत

### डाक्टर और अधिकारियों की टीम कर रही जांच

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जालोर के आहोर उपखण्ड के मुलेवा गांव में शनिवार को अज्ञात कारणों से एक साथ करीब 35 से ज्यादा भेड़ों की मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर डॉक्टर और अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची और कारणों का पता करने की कोशिश की जा रही है। भाद्राजून थाना क्षेत्र के मुलेवा निवासी भेड़ मालिक कानाराम पुत्र सवाराम देवासी ने बताया कि शनिवार को सुबह भेड़ों को चराने के लिए मुलेवा के आसपास जंगल में ले गया था। दिन भर चराने के बाद शाम करीब 5 से 6 बजे घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में ही 11 भेड़ों ने दम दौड़ दिया। उनको वही छोड़ अन्य



भेड़ों को लेकर वह अपने निवास स्थान पर पहुंचा। लेकिन देर शाम को 24 भेड़ों ने और दम तोड़ दिया। इस दौरान करीब 35 भेड़ों की मौत हो गई। हालांकि अभी तक भेड़ों की मौत का कारण पता नहीं चला है। जिसकी जांच की जा रही है। लेकिन ग्रामीणों के द्वारा कुछ जहरीला पदार्थ चारे के साथ खाने से मौत होने का अनुमान लगाया जा रहा है। देवासी ने बताया कि करीब 2 माह पहले करीब 60 भेड़ों को खरीद कर लाया था। लेकिन अचानक मौत से बड़ा नुकसान हुआ। उसने सरपंच से मदद की अपील की है।

जसवंतपुरा स्कूल प्रिंसिपल का एपीओ विवाद

# सांचौर : निष्पक्ष जांच और बहाली की मांग

▶▶ राजस्थान शिक्षक संघ ने कार्रवाई को बताया अन्यायपूर्ण

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सांचौर।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जसवंतपुरा के प्रधानाचार्य को एपीओ (Awaiting Posting Orders) किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील ने इस कार्रवाई को राजनीतिक द्वेष से प्रेरित बताया है और इसका कड़ा विरोध किया है। संघ के जिला अध्यक्ष हरिराम खिलेरी के अनुसार, प्रधानाचार्य को राज कार्य में बाधा का कारण बताकर बीकानेर एपीओ किया गया है, जबकि उनका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं था। उन्होंने बताया कि एसडीएमसी द्वारा स्टे आदेश जारी होने के बावजूद विद्यार्थी धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

**निदेशक को भेजा ज्ञापन, बहाली की मांग**

शिक्षक संघ ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर (सांचौर) के माध्यम से निदेशक, बीकानेर को ज्ञापन भेजा, जिसमें निष्पक्ष जांच कर प्रधानाचार्य की बहाली की मांग की गई है।
प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में विरोध दर्ज : राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के प्रदेशाध्यक्ष भेराराम मांजू ने बताया कि 6 मार्च 2025 को आयोजित प्रदेश कार्यकारिणी की वर्चुअल बैठक में इस कार्रवाई पर कड़ा रोष जताया गया। संघ के पूर्व मुख्यमहामंत्री एवं शिक्षा प्रकोष्ठ कांग्रेस के अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह भदौरिया ने सरकार को पत्र लिखकर एपीओ आदेश रद्द करने की मांग की। इस बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष मनोहर दान चारण, उपशाखा अध्यक्ष नेमीचंद खोरवाल, जिला उपाध्यक्ष मेवाराम बाजक, नारायणसिंह अगड़ावा, रिड़मलदान, श्यामसिंह, अशोकसिंह सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

# सांचौर में किसानों का महापड़ाव 20 को

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** संयुक्त किसान मोर्चा की डांगरा में रविवार को बैठक आयोजित की गई। मोहनलाल साऊ की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। संयुक्त किसान मोर्चे के जिला अध्यक्ष ईशराराम बिश्नोई ने बताया कि रिलायंस कंपनी द्वारा रबी 2023 का बीमा क्लेम और तीन वर्षों से लंबित आदान अनुदान राशि के मुद्दे पर 20 मार्च को सांचौर उपखंड कार्यालय पर महापड़ाव किया जाएगा। पूर्व बीईईओ राणाराम ने किसानों की स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि अन्नदाता अकाल, अतिवृष्टि और कम भाव की तिहरी मार झेल रहा है। मकाराम चौधरी ने स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू न करने पर सरकार की आलोचना की। विरद सिंह चौहान ने बताया कि फसल खराबे के बावजूद रिलायंस कंपनी बीमा क्लेम की राशि रोके हुए है। बैठक में डांगरा की ग्राम इकाई का गठन किया गया। पथूराम मेघवाल को अध्यक्ष, बाबूलाल सोलंकी को सचिव, गिरधारी राम राणा को उपाध्यक्ष और ताराराम को कोषाध्यक्ष चुना गया। पथूराम मेघवाल ने बताया कि किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर आगामी दिनों में आयोजित महापड़ाव में डांगरा से 200 किसान भाग लेंगे।

■ **बीमा क्लेम और आदान अनुदान की बकाया राशि के लिए करेंगे प्रदर्शन**



## जालोर से वीकली स्पेशल ट्रेन शुरू

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** रेलवे की ओर से लालकुआं-राजकोट साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा फिर से शुरू की है। यह ट्रेन 9 मार्च से 27 अप्रैल तक 8 फेरे करेगी। इस ट्रेन के माध्यम से जालोर से जयपुर, भरतपुर व मथुरा के लिए सीधी कनेक्टिविटी होगी। ट्रेन संख्या 05045 प्रत्येक रविवार दोपहर 1.10 बजे रवाना होकर सोमवार को शाम 6.10 बजे राजकोट पहुंचेगी। वहीं ट्रेन संख्या 05046 राजकोट से प्रत्येक सोमवार रात 10.30 बजे रवाना होकर बुधवार सुबह 4.05 बजे लालकुआं पहुंचेगी। ऐसे में जालोर से राजकोट जाने के लिए सोमवार सुबह 8.20 बजे यह ट्रेन मिलेगी।



## सुविचार

आध्यात्मिक दृष्टि से विकसित हो चुकने पर धर्मसंघ में बना रहना अवांछनीय है।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## सुनीता विलियम्स की वापसी

भारतवंशी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की धरती पर वापसी की तारीख लगातार नजदीक आ रही है। जल्दी ही सुनीता विलियम्स अपने साथी अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर के साथ स्पेसएक्स के यान ड्रैगन पर सवार होकर वापस धरती पर लौटेंगी। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उनके बारे में मीडिया से बात की। ट्रंप ने कहा कि एलन मस्क से मेरी बातचीत हो चुकी है और जल्द ही वो दोनों वापस धरती पर आएंगे। अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन में दोनों यात्री पिछले 8 महीनों से फंसे हुए हैं। अच्छी बात यह है कि सुनीता पूरी तरह से सुरक्षित हैं और नासा से उनकी सेहत को लेकर लगातार अपडेट मिलती रहती है। पिछले दिनों उनकी तस्वीरों ने लोगों को हैरान और थोड़ा परेशान भी कर दिया था। तस्वीरों में वो काफी पतली नजर आईं थीं। बिगड़ती सेहत के बावजूद इन आठ महीनों में सुनीता विलियम्स ने दो अनोखे रिकॉर्ड बनाए। नासा के दो अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में नौ महीने बिताने के बाद आखिरकार धरती पर लौटने वाले हैं। बुच विल्मोर और भारतीय मूल की विलियम्स को अगले सप्ताह तक उनकी जगह अन्य अंतरिक्ष यात्री के आने तथा उसके अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने तक इंतजार करना होगा। उसके बाद ही वे इस महीने के अंत में अंतरिक्ष स्टेशन से बाहर निकल सकेंगे। वे अपने 'स्पेसएक्स राइड होम' में दो अंतरिक्ष यात्रियों के साथ शामिल होंगे। सुनीता विलियम्स ने इन आठ महीनों में एक नहीं दो कीर्तिमान स्थापित किए हैं। वह अब अंतरिक्ष में सबसे लंबे समय तक लगातार रहने वाली पहली महिला बन गई हैं। वह पिछले नौ महीने से भी ज्यादा समय से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में हैं। यह कोई पहला रिकॉर्ड नहीं है जो उन्होंने बनाया है। इसके अलावा सुनीता विलियम्स सबसे अधिक स्पेसवॉक करने वाली पहली महिला भी बन गई हैं। सुनीता विलियम्स की यह तीसरी अंतरिक्ष यात्रा है। तीनों यात्राओं को मिलाकर अब तक नौ बार स्पेसवॉक कर चुकी हैं। इस दौरान उन्होंने 62 घंटे 6 मिनट स्पेसवॉक में बिताए हैं। 2006-07 में अपनी पहली अंतरिक्ष यात्रा के दौरान सुनीता ने कुल 29 घंटे 17 मिनट तक स्पेसवॉक किया था। यह किसी भी महिला द्वारा किया गया सबसे लंबा स्पेसवॉक था। इससे पहले यह रिकॉर्ड कैथरीन थार्नटन के नाम था, जिन्होंने 21 घंटे से ज्यादा समय तक स्पेसवॉक किया था। अब तक, सुनीता अपनी तीन अंतरिक्ष यात्राओं के दौरान कुल नौ बार स्पेसवॉक कर चुकी हैं। इन सभी स्पेसवॉक का कुल समय 62 घंटे 6 मिनट तक पहुंच चुका है। खैर, जब तक वे दोनों धरती पर सुरक्षित नहीं आ जाते, समस्त पृथ्वीवासी उनकी सुरक्षा एवं सेहत की कामना में लगे हुए हैं।

### भारत को लेकर

# अधूरा और असंगत बोल रहे 'डोनाल्ड ट्रंप'



लोकमित्र गौतम

ये तो भविष्य बताएगा कि अमेरिका के मौजूदा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को इतिहास कैसे याद रखेगा? लेकिन वर्तमान में ऐसे लोगों की संख्या हजारों नहीं बल्कि लाखों में होगी, जो उन्हें एक सनकी, तुनकमिजाज और डिप्लोमेटिक प्रोटोकाल की परवाह न करने वाला वैश्विक राजनेता ही कहेंगे। क्योंकि ट्रंप बर्ताव ही कुछ ऐसा कर रहे हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद से अभी तक वो दुनिया के जितने भी राजनेताओं से मिले हैं, उनमें इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ही अकेले ऐसे हैं, जिनकी उन्होंने अपनी बातों, बॉडी लैंग्वेज या किसी अन्य हरकत से तौहीन नहीं की वर्ना सबके साथ उन्होंने सवालिया व्योहार ही किया है? फ्रांस के राष्ट्रपति, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री और जॉर्डन के राजा के साथ जहां वह झिड़काऊ शब्दों और उलाहनाभरी भंगिमाओं से मुखातिब हुए हैं, वहीं भारतीय प्रधानमंत्री के साथ भी उनका व्योहार न तो उनके दावे के अनुसार गहरे दोस्त वाला रहा है और न ही दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के मुखिया के अनुरूप ही उनको तवज्जो दी गई।

इमेज

भले व्यक्तिगत रूप से भारतीय प्रधानमंत्री पर ट्रंप ने कोई शब्दबाण न छोड़े हों, लेकिन दूसरे राजनेताओं की तरह प्रधानमंत्री मोदी को वाइट हाउस के पोर्च में न रिसीव करना, मुलाक़ात के पहले ही भारत को टैरिफ किंग कहना और साझी प्रेस कांफ्रेंस के दौरान 'रेसिप्रोकल' शब्द का इस्तेमाल करके माहौल को असहज करना, उनके गुरूरी और कूटनीतिक अशिष्ट होने का ही परिचायक था। लेकिन शायद यह सब अभी उन्हें कम लग रहा था, इसलिए गुजरे 7 मार्च 2025 को ट्रंप ने अपने ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए यह कह डाला कि हमने भारत की पोल खोल दी है। ट्रंप के मुताबिक, 'भारत हम पर बहुत ज्यादा टैरिफ लगाता है, आप भारत में कुछ भी नहीं बेच सकते। वैसे वे अब इस बात पर सहमत हो गए हैं कि वे अपने टैरिफ में कटौती करना चाहते हैं, क्योंकि आखिरकार कोई उनकी किए की पोल खोल रहा है।' राष्ट्रपति ट्रंप के ये शब्द बेहद छिछले और दो महान लोकतांत्रिक देशों के राजनेताओं द्वारा आपसी संबोधन के अनुकूल तो कतई नहीं है। लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप को किसी शिष्टता की परवाह नहीं है, न किसी से लेना देना। यहां तक कि वह बोलने के पहले किसी संदर्भ में कोई होमवर्क करने की भी जरूरत नहीं समझते। अमेरिका जिस तरह यूक्रेन पर दबाव डालकर उसके कीमती खनिजों को हथियाने की कोशिश कर रहा है, कुछ वैसी ही भूमिका बिना कहे भारत के साथ व्यापार संबंधों में बनाना चाहता है। अमेरिका चाहता है कि भारत अपनी सरकारी खरीद अमरीकी कंपनियों के लिए खोले, कृषि सब्सिडी घटाए और डेटा नियमों में पूरी तरह से छूट दे, जिसका फायदा अमरीकी उद्योगतंत्र उठा सकें। अमेरिकी राष्ट्रपति जिस अंदाज में बार बार भारत को टैरिफ किंग कह रहे हैं, उससे उनकी संवेदनहीनता की पराकाष्ठा का पता चलता है। वह एक बार भी यह जानने की कोशिश नहीं कर रहे कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार किन नियमों के आधार पर हो रहा है? क्या भारत नियमों के विरुद्ध कुछ कर रहा है? साल 1995 में भारत ने जब डब्ल्यूटीओ (वर्ल्ड



ट्रेड ऑर्गनाइजेशन) समझौते को मंजूरी दी थी, उसमें साफ शब्दों में विकासशील देशों को विकसित देशों के विरुद्ध ऊंचे टैरिफ की छूट दी गई थी। वास्तव में इसी आधार पर डब्ल्यूटीओ को वैश्विक मान्यता मिल सकी थी और तब विश्व व्यापार तथा भूमंडलीकरण से दोनों हाथ फायदा उलीच रहीं अमेरिका जैसी वैश्विक ताकतों का एकमात्र मकसद पूरी दुनिया को या दुनिया के बड़े हिस्से को भूमंडलीकरण के दायरे में लाने का था। आज डोनाल्ड ट्रंप अमरीकियों को सरलीकृत भावुकता से गुमराह करते हुए ऐसा माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जैसे भारत, मासूम अमरीका को टैरिफ लगाकर लूट रहा हो। जबकि हकीकत यह है कि अमरीका ने हर तरफ से दबाव बनाकर भूमंडलीकरण की छतरी का अपने लाभ के लिए इस्तेमाल किया है। क्या अर्थशास्त्र के किसी नियम से तकनीक की कीमत तय हुई है? अमरीका ने अपने ताकतवर होने के कारण ही तो इसकी मनमानी कीमत वसूली है। लंबे समय से अमरीका अपने तकनीकी नवाचार और उच्च प्रौद्योगिकी में अग्रणी होने के कारण वैश्विक व्यापार का एकतरफा लाभ उठाया है। सेमिकंडेक्टर, सॉफ्टवेयर और इंटरनेट प्रौद्योगिकियों में अमरीकी कंपनियों ने पूरी दुनिया से मनमानी राजस्व वसूला है। क्योंकि उनकी तकनीकी श्रेष्ठता की कीमत तय करने का आधार किसी और के पास नहीं था। अब जबकि चीन उन्हें तकनीकी के क्षेत्र में कड़ी टक्कर दे रहा है और भारत तकनीकी 'मैन पावर' का हब बनकर उभरा है, तो अमरीका को मिर्ची लग गई और राष्ट्रपति ट्रंप अमरीकियों के सामने बेहद सरलीकृत माहौल बनाकर इसे राष्ट्रवाद के मुद्दे की तरह उछाल रहे हैं। कई सालों पहले तकनीकी के मनमानीवाद को लेकर विश्व व्यापार में कुछ सवाल उठाये गए थे कि अंततः तकनीकी महज बौद्धिक संपदा ही तो है, जिसका शुरुआत के कुछ सालों में फायदा उठाना तो उस संपदा को खोजने वाला का हक बनता है, लेकिन यह क्या कि 700 ग्राम की प्लास्टिक से बना एचपी का प्रिंटर अपने आविष्कार के 30-40 सालों बाद भी क्यों पचासों हजार रुपए का बिके? यह तो छोड़िये, आखिर क्या आधार है कि अमरीकी डॉलर दुनिया की सबसे मजबूत मुद्रा हो? अगर किसी मुद्रा की मजबूती का आधार उस देश में, उस मुद्रा के एवज में मौजूद सोने का भंडार या दूसरी कीमती धातुएं हैं तो अमरीका तो पिछली सदी के 70 के दशक में ही इस आधार को खो बैठा था। साथ ही आज की तारीख में अमरीका दुनिया का सबसे बड़ा कर्जदार देश है। 100 बिलियन डॉलर से ज्यादा तो उसका व्यापार घाटा अकेले चीन के साथ ही है, बावजूद इसके डोनाल्ड ट्रंप ब्रिक्स देशों को धमकी दे रहे हैं कि अगर उन्होंने आपसी व्यापार के लिए डॉलर की बजाय कोई ब्रिक्स मुद्रा बनायी तो खैर नहीं। यह तो सीधे सीधे धमकी है। दुनिया के दो देश अगर आपस में कारोबार अपनी मुद्राओं में करना चाहते हैं, तो उनके लिए डॉलर क्यों जरूरी हो? क्या सिर्फ इसलिए कि अमरीका नहीं चाहता और दुनिया में उसकी दादागिरी है? यह तो दुनिया को अपने भैस समझकर लाठी से हांकना हुआ। जिस तरह ट्रंप बार बार भारत को टैरिफ किंग कह रहे हैं, जिस तरह दुनिया के सामने वह हमारी 'पोल खोल देने' जैसी बातों से तौहीन कर रहे हैं, उससे साफ पता चलता है कि उन्हें न तो हमारे साथ किसी तरह का लगाव है, न ही वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का सम्मान करना चाहते हैं, साथ ही कहने की बात और है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनकी किसी गहरी दोस्ती का व्योहार से पता भी नहीं चलता। एक तरह से ट्रंप बार बार हम पर हमला करके हमें मनोवैज्ञानिक रूप से झुकाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन पिछले 78 सालों का इतिहास है कि भारत आजादी के बाद विदेश संबंधों को लेकर या विदेशनीति के मामले में किसी भी देश के सामने कभी नहीं झुका।

## पंचांग

सोमवार, 10 मार्च 2025

- विक्रम संवत् - 2081
- शक संवत् - 1946
- ऋतु - वसंत
- माह - फाल्गुन
- पक्ष - शुक्ल
- तिथि - एकादशी 07.46 तक
- वार - सोमवार
- नक्षत्र - पुष्य 24.52 तक
- योग - शोभन13.57 तक
- करण - बव 19.56 तक
- सूर्योदय - 06.52 (मुंबई)
- सूर्यास्त - 06.45 (मुंबई)
- सूर्योदय - 06.55 (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 06.47 (भीनमाल)
- चंद्र राशि - कर्क
- अभिजित् मुहूर्त - 12.25 से 13.12
- राहु काल - 08.20 से 09.50
- व्रत, त्यौहार - आमलकी एकादशी (आंवला), गोविंद द्वादशी, भद्रा 07.46 तक, मेला खाटूश्यामजी प्रारंभ, रामस्नेही फूलडोल शाहपुरा मेवाड़
- दिशा शूल - पूर्व

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## महिलाएं आखिर पैरों में क्यों लगाती हैं आलता?

आपने महिलाओं को विशेष अवसरों जैसे पूजा, त्योहार और शादी पर अपने पैरों में महावर लगाते हुए देखा होगा। हालांकि बहुत से लोगों ने इसे देखा है, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि महिलाओं द्वारा महावर लगाने के पीछे क्या अर्थ और महत्व है। महावर को आलता के नाम से भी जाना जाता है। महिलाओं द्वारा अपने पैरों में महावर लगाना बहुत ही महत्व रखता है।

विंध्य क्षेत्र में किसी खास अवसर पर महिलाओं द्वारा महावर लगाना शुभता का प्रतीक माना जाता है। यही वजह है कि समूचे विंध्य क्षेत्र की जगहों पर दुल्हन का श्रृंगार आलता के बिना अधूरा माना जाता है।

महावर को सोलह श्रृंगार का हिस्सा माना जाता है। इसलिए शादीशुदा महिलाओं के लिए महावर लगाना जरूरी होता है। कहा जाता है कि महावर लगाने से महिलाओं का सौभाग्य बढ़ता है। सुहागिनों और लड़कियों को भी महावर लगाया जाता है। आलता लगाना बहुत शुभ माना जाता है और इसके बिना श्रृंगार भी अधूरा माना जाता है। सौभाग्य में वृद्धि के लिए होने वाली दुल्हन और कन्याओं को भी आलता लगाया जाता है। आलता लगाना काफी शुभ माना जाता है और इसके बिना श्रृंगार भी अधूरा माना जाता है। इसी वजह से बहुत सारे राज्यों में शुभ कार्यों के दौरान महावर लगाना जरूरी माना जाता है।

महावर को मां लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है। इसी वजह से नवजात बच्चियों और कुंवारी कन्याओं के पैरों में भी महावर लगाना शुभ होता है। कई जगहों पर बेटी के जन्म के बाद गृह प्रवेश के समय और नवरात्रि पूजन के दौरान कुंवारी कन्याओं के पैरों में महावर लगाकर, घर में इसकी छाप भी ली जाती है। जिससे घर सुख संपन्नता से भरपूर रहे।

बहुत से महिलाएं शुभ कार्य में महावर लगाना तो जरूरी समझती हैं, लेकिन किसी भी दिशा में बैठकर इसको अप्लाई कर लेती हैं। जबकि मान्यता के अनुसार महावर को कभी भी दक्षिण दिशा में मुख करके नहीं लगाना चाहिए। इसलिए आलता लगाते समय दिशा का ध्यान जरूर रखें।

पूजा-पाठ, त्योहार और शादी ब्याह के अवसर पर आलता लगाते समय दिन का भी ध्यान रखना बेहतर होता है। बता दें कि मंगलवार के दिन महावर नहीं लगाना चाहिए। यदि किसी घर में किसी की भी मृत्यु हो जाती है तो महिलाओं को महावर नहीं लगाना चाहिए जब तक कि शुध्द क्रिया नहीं हो जाती। तेरह दिन तक कर्म कांड में महिलाओं को श्रृंगार आदि करना वर्जित किया गया है।

## तारीख विशेष

### कुसुमाग्रज

विष्णु वामन शिरवाडकर कुसुमाग्रज मराठी कवि, नाटककार, उपन्यासकार और लघु कथाकार थे। उन्होंने स्वतंत्रता, न्याय और वंचितों की मुक्ति के बारे में लिखा। उन्हें मुख्यतः 'कुसुमाग्रज' नाम से जाना जाता था। विष्णु वामन शिरवाडकर ने पांच दशकों के अपने करियर में कविताओं के 16 खंड, तीन उपन्यास, लघु कथाओं के आठ खंड, निबंध के सात खंड, 18 नाटक और छः नाटक लिखे। 'विशाखा' जैसी उनकी रचना भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में एक पीढ़ी को प्रेरित करती है। आज इसे भारतीय साहित्य की उत्कृष्ट कृतियों में से एक माना जाता है। जब वह नासिक के एच.पी.टी. आर्ट्स कॉलेज में थे, तब उनकी कविताएं रत्नाकर पत्रिका में प्रकाशित हुईं। सन 1932 में 20 साल की उम्र में विष्णु वामन शिरवाडकर ने नासिक के कालाराम मंदिर में अछूतों के प्रवेश की अनुमति देने की मांग का समर्थन करने के लिए एक सत्याग्रह में भाग लिया। सन 1933 में उन्होंने 'ध्रुव मंडल' की स्थापना की और 'नवमनु' नामक एक समाचार पत्र में लिखना शुरू किया। उसी वर्ष उनका पहला कविता संग्रह 'जीवन लहरी' प्रकाशित हुआ। विष्णु वामन शिरवाडकर 1936 में गोदावरी सिनेटोन लिमिटेड में शामिल हुए और 'सती सुलोचना' फिल्म के लिए पटकथा लिखी। उन्होंने फिल्म में लक्ष्मण के रूप में भी काम किया। हालांकि यह फिल्म सफल नहीं हो पाई। स्वभाव से विष्णु वामन शिरवाडकर एकांत से लेकर अनन्य तक थे। उनके पास एक गहरी सामाजिक समझ थी और उन्होंने जमीनी स्तर की गतिविधियों में खुद को शामिल किए बिना दलितों का समर्थन किया। 1950 में उन्होंने नासिक में 'लोकहितवादी मंडल' की स्थापना की, जो अभी भी अस्तित्व में है। उन्होंने स्कूली छात्रों के लिए कुछ अकादमिक पाठ्य पुस्तकों का संपादन भी किया। उन्होंने 1964 में मडगांव में आयोजित 'अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन' के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया। विष्णु वामन शिरवाडकर की प्रसिद्धि एक कवि और लेखक के रूप में अधिक थी। विष्णु वामन शिरवाडकर कुसुमाग्रज की मृत्यु 10 मार्च, 1999 को नासिक, महाराष्ट्र में हुई।

### संस्कृति

# फुलेरा दूज से शुरु होती ब्रज में होली

धीरज बसाक

समूचे ब्रज क्षेत्र के लिए फुलेरा दूज का बहुत ही धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। इसी दिन से पूरे ब्रज क्षेत्र में फाग उत्सव की शुरुआत होती है। वृंदावन से फाग गाने वालों की टोली बरसाना आती है और फिर बरसाना की टोली और वृंदावन से आये फगहरियों की टोली के बीच खूब फाग गाये जाते हैं। इस दिन फूल, रंग, गुलाल सब कुछ का धमाल होता है और पूरे वेग से ब्रज क्षेत्र में होली का उत्सव शुरु हो जाता है। लेकिन फुलेरा दूज का महत्व सिर्फ होली के उल्लास तक ही नहीं सीमित, धार्मिक मान्यता के मुताबिक यह इतना मंगलकारी दिन होता है कि कोई भी शुभ कार्य जिसका मुहूर्त न निकला हो, वो सब इस दिन किए जा सकते हैं। मसलन बिना मुहूर्त के इस दिन विवाह हो सकता है। मुंडन संस्कार हो सकता है। गृह प्रवेश किया जा सकता है। जनेऊ संस्कार होते हैं और संपत्ति की खरीदारी तथा कोई नया बिजनेस शुरु करने के लिए भी यह सर्वाधिक शुभ दिन माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन जो दंपत्ति भगवान कृष्ण और राधा रानी की विधिवत पूजा करते हैं, उनका दांपत्य जीवन खुशियों से भरा होता है। इस दिन व्रत रखने का विधान है। इस दिन भगवान कृष्ण और राधा रानी की पूजा की जाती है और उन्हें सुगंधित रंग, अबीर, गुलाल चढ़ाया जाता है।

इमेज

यूं तो होली का त्योहार पूरे भारत में ही नहीं बल्कि जहां जहां भारतीय लोग बसे हैं, पूरी दुनिया में मनाया जाता है। मगर होली का जो महत्व राधा और कृष्ण की लीलाभूमि ब्रज क्षेत्र में है, होली का वैसा उल्लास, वैसा सांस्कृतिक महत्व कहीं और देखने को नहीं मिलता। ब्रज में सिर्फ रंगों से ही होली नहीं खेली जाती, यहां फूलों, लड्डू और लट्ठ से भी होली खेली जाती है। वैसे तो ब्रज में होली की शुरुआत बसंत पंचमी से ही हो जाती है। लेकिन होली खेलने की शुरुआत फाल्गुन महीने के शुक्ल पक्ष की द्वितीया से होती है, जिसे आम भाषा में फुलेरा दूज कहते हैं। यह दिन वास्तविक अर्थों में भगवान कृष्ण और राधा रानी को समर्पित है। माना जाता है कि इसी दिन भगवान कृष्ण ने राधा रानी को अपना प्रेम जताने के लिए फूल अर्पित किए थे और बदले में राधा रानी ने भी भगवान कृष्ण पर फूलों की वर्षा की थी। इसलिए समूचे ब्रज क्षेत्र के लिए फुलेरा दूज का बहुत ही धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। इसी दिन से पूरे ब्रज क्षेत्र में फाग उत्सव की शुरुआत होती है। वृंदावन से फाग गाने वालों की टोली बरसाना आती है और फिर बरसाना की टोली और वृंदावन से आये फगहरियों की टोली के बीच खूब फाग गाये जाते हैं। इस दिन फूल, रंग, गुलाल सब कुछ का धमाल होता है और पूरे वेग से ब्रज क्षेत्र में होली का उत्सव शुरु हो जाता है। लेकिन फुलेरा दूज का महत्व सिर्फ होली के उल्लास तक ही नहीं सीमित, धार्मिक मान्यता के मुताबिक यह इतना मंगलकारी दिन होता है कि कोई भी शुभ कार्य जिसका मुहूर्त न निकला हो, वो सब इस दिन किए जा सकते हैं। मसलन बिना मुहूर्त के इस दिन विवाह हो सकता है। मुंडन संस्कार हो सकता है। गृह प्रवेश किया जा सकता है। जनेऊ संस्कार होते हैं और संपत्ति की खरीदारी तथा कोई नया बिजनेस शुरू करने के लिए भी यह सर्वाधिक शुभ दिन माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन जो दंपत्ति भगवान कृष्ण और राधा रानी की विधिवत पूजा करते हैं, उनका दांपत्य जीवन खुशियों से भरा होता है। इस दिन व्रत रखने का विधान है। इस दिन भगवान कृष्ण और राधा रानी की पूजा की जाती है और उन्हें सुगंधित रंग, अबीर, गुलाल चढ़ाया जाता है। इस दिन व्रत करने वालों को दिन में एक बार ही और सात्विक भोजन करना चाहिए। घरों और मंदिरों में इस दिन साफ सफाई होती है और मूर्तियों को नए वसन पहनाए जाते हैं। इस दिन को साल का सबसे मंगलकारी मुहूर्त वाला दिन यानी अबूझ मुहूर्त दिन भी कहते हैं। कृषि आधारित जीवन जीने वाले लोग इसी दिन से होली की विधिवत तैयारियां शुरु कर देते हैं। घरों में गुझियां, पापड़ आदि बनने का उपक्रम शुरु हो जाता है। प्राकृतिक तरीके से रंग और गुलाल बनाये जाने की शुरुआत होती है और फुलेरा दूज से शुरू हुआ उल्लास ब्रज क्षेत्र में रंग एकादशी तक अपने उरूज पर पहुंच जाता है। गौरतलब है कि ब्रज में सबसे ज्यादा होली का रंगीन उत्सव रंग एकादशी को मनता है, जिसकी शुरुआत फुलेरा दूज पर राधा और कृष्ण को फूल गुलाल अर्पित करने से होती है। ब्रज में फाल्गुन का महीना पूरी तरह से उत्सव और उल्लास का महीना होता है। इस महीने में लाखों टन लड्डु होली खेलने में खर्च होते हैं और इस लड्डूमार होली का अलग ही महत्व होता है। देश में बहुत सारे त्योहारों को सामूहिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है, लेकिन समूचे ब्रज क्षेत्र में जिस उल्लास के साथ होली का उत्सव मनता है, वैसा उल्लास देश में शायद ही किसी दूसरे त्योहार पर कहीं देखा जाता हो। फाल्गुन के महीने में हर ब्रजवासी, हुरियारे (होली खेलने वाले) में बदल जाता है और इस होली का केंद्रीय स्थल वृंदावन और बरसाना होता हैं। फाल्गुन के महीने में पूरे समय ब्रज क्षेत्र में कृष्ण लीलाओं का आनंद लिया जाता है। हर साल इस पूरे एक महीने में हजारों विदेशी पर्यटक इस अद्भुत होली उत्सव का आनंद लेने के लिए ब्रज में आते हैं, जिसकी शुरुआत फुलेरा दूज से होती है। ब्रज में इसी दिन के साथ हर तरफ रसिया गानों की स्वर लहरी गमकने लगती है। फिज़ा में राधा कृष्ण के प्रेम के रसिया गीत गूंजने लगते हैं और इन्हीं रसिया गीतों की पृष्ठभूमि में कहीं लड्डुओं से होली की धमाचौकड़ी मची होती है, तो कहीं सुंदरियों के लट्ठ से ब्रज के पुरुष हुरियारे मीठी मीठी चोट खाकर होली का धमाल कर रहे होते हैं। यह पूरी तरह से हंसी खुशी और ठिठोली का उत्सव है। इस पूरे महीने ब्रज की फिज़ा में खूब रंग अबीर उड़ते हैं। बरसाना, नंदगांव, मथुरा और वृंदावन खास तौरपर इस उत्सव के मंच स्थल होते हैं। जहां ब्रज की खास होली की धूम पूरे महीने अलग अलग रूप रंग में दिखती है। आश्चर्य और उल्लास की बात यह है कि ब्रज की इस होली में संत, महंत भी जमकर थिरकते हैं, जमकर आनंद मनाते हैं। पूरे समय फाल्गुन के महीने में ब्रज में ढोल नगाड़ों की थाप गूंजती रहती है। हर तरफ रसिया धुनों पर हुरियारे (पुरुष भी महिलाएं भी) राधा कृष्ण के प्रेम के नशे में झूमते रहते हैं। तरह तरह के प्रेम गीतों की इस पूरे महीने बारिश होती रहती है।



## गीता सार

**अज्ञश्चाश्रद्दधानश्च संशयात्मा विनश्यति।**
**नायं लोकोऽस्ति न परो न सुखं संशयात्मन॥**

**-: हिंदी भावार्थ :-**

विवेकहीन, श्रद्धारहित और संशययुक्त मनुष्य (परमार्थ से) भ्रष्ट हो जाता है। उस के लिए न यह लोक सुखप्रद है और न परलोक ही॥

## बोले तो...



खेल में जीत हार तो लगी रहती है। हमारी टीम अगर नहीं जीतती है तब भी वो हमारी टीम है। अगर हमारी टीम जीतती है तो साफ तौर पर हमारी खुशी में इजाफा होता है। हमारा फोकस खेल पर होना चाहिए कि हमारी टीम अच्छा परफॉर्म करे।

-असद्दुदीन ओवैसी



हमने राजनीतिक उपनिवेशवाद देखा, आर्थिक उपनिवेशवाद भी देखा। अब बौद्धिक उपनिवेशवाद का एक नया युग शुरू हो गया है। इस बीच जबसे डोनाल्ड ट्रंप सत्ता में आए हैं, उन्होंने 'टैरिफ आतंकवाद' का एक नया विश्व कीर्तिमान रच दिया है।

- बाबा रामदेव



बिहार में आज भी नीतीश का कोई तोड़ नहीं है। नीतीश की सेहत बेशक खराब है, मगर आज भी कोई उन्हें टक्कर नहीं दे सकता है। मेरी विपक्ष को सलाह है कि लोग आपके बारे में क्या कहते हैं, उस पर फोकस करें न कि नीतीश के बारे में लोग क्या सोच रहे हैं इससे आपको मतलब नहीं होना चाहिए।

- पप्पू यादव

## कुछ अलग | अजब गजब

# हाथियों की बुद्धिमानी, पानी की न हो कमी इस लिए नाले पर ही बना दिया बांध

जंगलों में गर्मी की दस्तक देते ही वन्यजीवों के लिए पानी की समस्या गहराने लगी है। इस समस्या से निपटने के लिए कटघोरा वनमंडल के जटगा रेंज में विचरण कर रहे हाथियों ने एक अनोखा तरीका खोज निकाला है। हाथियों के एक दल ने जंगल के कक्ष क्रमांक पी-243 में स्थित एक नाले को पत्थरों से घेरकर एक मिनी बांध का रूप दे दिया है। इस वीडियो की पुष्टि कटघोरा डीएफओ कुमार निशांत ने की है। दरअसल गर्मी के मौसम में अक्सर नाले सूख जाते हैं, जिससे हाथियों और अन्य जानवरों को पानी के लिए भटकना पड़ता है। इस समस्या को समझते हुए हाथियों ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए नाले के आसपास मौजूद पत्थरों को अपनी सूंड से उठाकर नाले के चारों ओर जमा करना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे उन्होंने पत्थरों की एक दीवार बना दी, जिससे नाले का पानी रुक गया और एक छोटा सा जलाशय बन गया। जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

कटघोरा डीएफओ कुमार निशांत ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह वाकई में एक अद्भुत नजारा है। उन्होंने कहा कि हाथियों ने अपनी बुद्धिमत्ता और प्राकृतिक समझ का परिचय दिया है। उन्होंने यह



भी बताया कि वन विभाग द्वारा हाथियों की लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि वे सुरक्षित रहें और ग्रामीणों को भी उनसे कोई खतरा न हो।

बता दें, कि कटघोरा वनमंडल के केंदई, एतमानगर, पसान और जटगा रेंज में पिछले कई दिनों से लगभग 48 हाथी विचरण कर रहे हैं। हाथियों का यह दल अक्सर एक रेंज से दूसरी रेंज में घूमता रहता है, जिससे ग्रामीणों में चिंता बनी रहती है। वन विभाग लगातार ग्रामीणों को हाथियों से सुरक्षित रहने के लिए जागरूक कर रहा है और उन्हें हाथियों के आसपास न जाने की सलाह दे रहा है। वहीं हाथियों द्वारा बनाए गए इस मिनी बांध से न केवल हाथियों को पानी मिल रहा है, बल्कि अन्य छोटे जानवर और पक्षी भी इसका लाभ उठा रहे हैं। यह घटना दिखाती है कि वन्यजीव अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए कितने रचनात्मक हो सकते हैं। हाथियों द्वारा बनाए गए मिनी बांध का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है।

## पाठक पाती

### डोनाल्ड ट्रंप के विवादित बयानों से दुनिया में हलचल

डोनाल्ड ट्रंप का अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में कार्यकाल विवादों से भरा रहा है। उनके निर्णयों ने विश्वभर में हलचल मचा दी है। कई देशों से अमेरिका के संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव डाला है। ट्रंप ने अमेरिका को पेरिस जलवायु समझौते से बाहर निकाल लिया, जिसका मुख्य उद्देश्य वैश्विक तापमान वृद्धि को नियंत्रित करना है। अमेरिका को WHO से बाहर निकाल लिया, जो वैश्विक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर काम करता है। पनामा नहर को वापस लेने का फैसला किया, जो एक महत्वपूर्ण जलमार्ग है। ट्रंप ने ट्रांसजेंडर अधिकारों पर प्रतिबंध लगा दिया, जिससे ट्रांसजेंडर समुदाय को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। ट्रंप ने मैक्सिको बॉर्डर को सील करने का फैसला किया। अवैध प्रवासियों को अपमानजनक तरीके से देश के बाहर खदेड़ना और गोल्डन कार्ड बेचकर अमेरिका की नागरिकता देना कई प्रवासियों के साथ अन्याय है।

-मधु सुभाष बुडावन वाला,रतलाम, मप्र

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

**नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि.** के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# ओएसिस पब्लिक स्कूल चौमूं में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

## ओएसिस को सीबीएसई बोर्ड से मान्यता मिलने पर अतिथियों ने दी बधाई



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चौमूं।** ओएसिस पब्लिक स्कूल, चौमूं में शनिवार को वार्षिक उत्सव समारोह का बडे धूमधाम से भव्य आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री महामण्डलेश्रवर हरिकृष्णदास महाराज, (ग्वालिया बाबा) अंजनी हनुमान धाम एवं कैलाश राज सैनी चैयरपर्सन एमजेएफ ग्रुप ऑफ कॉलेजेज रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ समारोह मे पधारे अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक, देशभक्ति गायन, नृत्य, नाटक आदि शानदार प्रस्तुतिया देकर स्कूल परिसर को उत्सव के रंग मे सरोबार कर पधारे अतिथियों व छात्रों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों द्वारा विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों, प्रतियोगिताओं, खेलकूद, परीक्षाओं मे उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि हरिकृष्णदास महाराज ने छात्रों को संबोधित करते हुये बताया कि पढाई के साथ- साथ छात्रों को विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों मे भी भाग लेते रहना चाहिए व कई भाषाओं का ज्ञान भी लेना चाहिये। इससे बालक का सर्वागीण विकास होता है। साथ ही बताया की एमजेएफ ग्रुप शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही उत्कृष्ठ, सराहनीय कार्य कर रहा हैं। चैयरपर्सन कैलाश राज सैनी ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुये बताया की विद्यालय मे वार्षिक उत्सव का विशेष महत्व रहता है। वार्षिक उत्सव विद्यालय की उन्नति और प्रगती का परिचायक हैं। विद्यार्थी और अभिभावक दोनो के लिए यह हर्ष और उल्लास का पर्व हैं। यह दिन विद्यार्थियों की प्रतिभा, योग्यता और कार्यकुशलता के मूल्यांकन व प्रतिभावान छात्रों को पुरस्कृत करने का दिन है। कैलाश राज सैनी ने स्कूल स्टाफ़ व विद्यार्थियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। साथ ही विश्व महिला दिवश पर प्रकाश डालते हुये अपने विचार व्यक्त किये एवं समारोह मे पधारे अतिथियों का स्मृती चिन्ह भेट कर आभार व्यक्त किया। समारोह मे पधारें अतिथि, राजकुमार सैनी सरपंच, कमल भातरा समाज सेवी, पवन सैनी व्यापार मंडल अध्यक्ष, महेंद्र कुमावत पार्षद, रमेश सैनी पार्षद, अनिल सैनी पार्षद, मुकेश सैनी पार्षद, मुकेश जांगिड़ पार्षद, गोपाल शर्मा पार्षद, प्रहलाद सैनी, नन्छु सैनी, शंकर लाल सैनी आदि ने ओएसिस पब्लिक स्कूल को सीबीएसई बोर्ड से माध्यमिक स्तर तक की मान्यता मिलने पर बधाई दी एवं विद्यालय मे उपलब्ध संसाधनों, सुविधाओं व छात्र-छात्राओं को प्रदान की जा रही गुणवत्तापूर्ण के लिए प्रशंसा की व बताया की एमजेएफ ग्रुप विभिन्न शिक्षण संस्थाएं स्थापित कर क्षेत्र को एजुकेशन हब बना दिया हैं जहां पर कई राज्यों के छात्र प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। विद्यालय अध्यापिका मोनिका यादव ने मंच संचालन किया एवं बताया की ओएसिस पब्लिक स्कूल को वर्ष 2024 मे सीबीएसई बोर्ड द्वारा सेकेंडरी लेवल तक मान्यता प्रदान की गई है। विद्यालय सीबीएसई अनुसार आवश्यक सभी सुविधाओं से सुसज्ति हैं एवं छात्रों को उत्कृष्ठ शिक्षा प्रदान कर सर्वांगीण विकास किया जा रहा हैं।

# सातड़ा गांव की पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत करने की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** अखिल राजस्थान किसान मजदूर कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष व कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष प्रदेश के वरिष्ठ किसान नेता आदूराम न्यौल ने कहां की चूरू से रतनगढ़ की दूरी 50 किलोमीटर है इस मुख्य मार्ग पर आसपास सैंकड़ों गांव बसे हुए जिनकी आबादी लगभग पचास हजार है। इस मुख्य मार्ग पर बिनासर, सातड़ा, सेहला पीएचसी खुली हुई है, परंतु सीएचसी के अभाव में माकूल चिकित्सा व्यवस्था सुलभ नहीं है। किसान नेता न्यौल ने राजस्थान के मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर आग्रह किया है कि इस मुख्य मार्ग के सबसे बड़े गांव सातड़ा की आबादी लगभग 6500 है । यदि इस गांव की पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत कर दिया जावे तो आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं से ग्रसित लोगों को चिकित्सा लाभ मिल सके, इस दुर्गम एरिया की महिलाओं को डिलीवरी की व्यवस्था के साथ-साथ शिशु स्वास्थ्य लाभ सुलभ हो सके। न्यौल ने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त मरीज व डिलीवरी के लिए महिलाओं को चूरू या रतनगढ़ जाने में भारी सुविधा होती है। सातड़ा गांव में 1957 से राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय संचालित है परंतु आज तक क्रमोन्नत नहीं किया गया, पशु चिकित्सालय में आस-पास के हजारों बीमार पशु आते हैं परंतु उक्त चिकित्सालय को भी क्रमोन्नत नहीं करने पर चिकित्सा व्यवस्था में व्यवधान पड़ता है, डिस्कॉम का सहायक अभियंता कार्यालय यहां संचालित है परंतु विधानसभा के बजट में 1 वर्ष पूर्व 132 केवी जीएसएस की घोषणा के उपरांत आज तक कार्य शुरू नहीं हुआ। न्यौल ने पुरजोर शब्दों में मांग करते हुए कहा कि लोकतंत्र में सरकार जनहित से जुड़े सभी सरकारी संसाधनों को क्रमोन्नत कर जनहित की सभी आकांक्षाओं को सुविधा उपलब्ध कराएं। सभी सरकारी संसाधनों को जनहित में क्रमोन्नत किए जाने को मांग करने वालों में पूर्व सरपंच दुलाराम मेघवाल, मुकनाराम जाट, भगीरथ मेघवाल, हरिराम न्यौल, खेमचंद माली, कबीरदास स्वामी, नाथूराम मेघवाल, ओमप्रकाश जांगिड़, मनफूल रोलन, रामकुमार, श्यामलाल शर्मा, दुर्गाराम मेघवाल सहित सभी ग्रामीणों ने सरकारी संस्थाओं के रखरखाव एवं क्रमोन्नत किए जाने की पुरजोर शब्दों में राजस्थान सरकार के साथ ही सभी जनप्रतिनिधियों से मांग उठाने का आग्रह किया है।

# न्यूज ब्रीफ

## सुंदरकांड की चौपाइयां गूंजी, भजनों पर झूमे श्रद्धालु



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** वार्ड 42 में श्रीराम सुन्दरकाण्ड समिति की ओर से सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के शशिकांत क्याल, राजकुमार खत्री, अनिल भावसिंका,मुकुल खेमका, प्रेम सोनी, मुकेश चांदनी आदि ने सुन्दरकाण्ड पाठ का वाचन में हनुमान की चौपाईयों से वातावरण का आध्यात्मिक बना दिया। समिति के पदाधिकारियों ने पाठ का शुभारंभ ज्योत जलाकर किया। पाठ में वार्डवासियों व महिलाओं ने पाठ का वाचन कर देश व राज्य में खुशहाली के लिए मंगल कामना की। इस अवसर पर हनुमान सेवा समिति के कमल तंवर, नंदकिशोर तंवर, संजीव वर्मा, संजय सिलोदिया, संच्चिया माता मंदिर के सुदर्शन सिलोदिया, क्नक तंवर, अशोक तंवर आदि ने गायक कलाकारों का स्वागत किया।

## नि:शुल्क हृदय रोग जांच शिविर में 69 रोगी लाभान्वित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** श्री बिहारी लाल जैन चैरिटेबल ट्रस्ट कोलकाता बैंगलोर की ओर से रविवार को हृदय रोगियों के लिए से नि:शुल्क शिविर लगाया गया। उक्त शिविर का 69 रोगियों ने लाभ उठाया। सैनिक बस्ती में स्थित झाझरिया हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में संपन्न हुए शिविर में 34 रोगियों की ईको जांच और 10 की टीएमटी नि-शुल्क की गई। इसके अलावा सभी रोगियों की आवश्यकतानुसार जांचे की गई जिनमें लिक्विड प्रोफ़ाइल, शुगर, सीबीसी, केएफटी तथा रक्त जांच शामिल थी। शिविर में हर प्रकार की जांच व्यवस्थाएं नि-शुल्क थी। उल्लेखनीय बात यह रही कि शिविर में ग्रामीण क्षेत्र के रोगी तथा गरीब तबके की महिलाओं की संख्या ज्यादा रही। सेनि. सीएमएचओ मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. जयलाल झाझडिया ने शिविर का उदघाटन किया। ट्रस्ट प्रतिनिधि कोलकाता प्रवासी सुजानगढ़ के संजय रामपुरिया ने भी शिविर व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए संतुष्टि जताई। उन्होंने रोगियों के लिए और सुविधाएं मुहैया करवाने की बात कही। रोगियों की भीड़ तथा जांच के कारण शिविर दिनभर चला जो शाम को सम्पन्न हुआ। गुडग़ांव के फॉर्टिस हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज धांगड़ की सेवाएं शिविर में उपलब्ध रही। शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अरविंद झाझडिया, फिजिशियन डॉ. हिमांशु बेड़वाल ने भी सेवाएं दी।

## विद्यार्थी आश्रम समिति छात्रावास की मासिक बैठक का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** विद्यार्थी आश्रम समिति छात्रावास की मासिक बैठक रविवार को आश्रम समिति के अध्यक्ष रामनिवास पूनिया की अध्यक्षता में छात्रावास प्रांगण में आयोजित की गई मंत्री रणजीत सांगवान ने बताया कि बैठक में भवन निर्माण के बारे में चर्चा हुई और मासिक आय व्यय का लेखा-जोखा बताया गया जिसका सर्वसम्मति से कार्यकारिणी ने अनुमोदन किया इस अवसर पर उपाध्यक्ष झिन्डुराम पुनिया रामकुमार पूनिया कोषाध्यक्ष सतवीर कड़वासरा दुर्जन सिंह पूनिया व वार्डनर ओमप्रकाश बेडवाल एवं अन्य प्रमुख जन उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत सिधमुख साखुं नुहन्द हरपालु में चला सफाई अभियान जारी : राजेंद्र जोईया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** सादुलपुर के ग्रामीण क्षेत्र सिधमुख साखुं नुहन्द हरपालु में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत जिला कलेक्टर अभिषेक सुराना के



दिशा निर्देशन व उपखंड अधिकारी मीनू वर्मा एवं विकास अधिकारी राजेंद्र जोईया के मार्गदर्शन में तहसील के चार ग्राम पंचायत में सफाई अभियान चलाया गया विकास अधिकारी राजेंद्र जोईया ने जल भराव क्षेत्र का चिन्हीकरण कर सफाई कार्य शुरू किया गया साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया ग्रामीण क्षेत्र के सफाई अभियान में गांव के बाहर कूड़े के ढेर मैन चौक सड़क मंदिर परिसर आदि जगहों की सफाई की गई। इस दौरान विधायक मनोज न्यांगली ने कहा कि स्वच्छता में ही भगवान है हम अपने आसपास गली मोहल्ले सार्वजनिक स्थल आदि की सफाई की जिम्मेदारी हम सब की बनती है। उन्होंने बताया कि हम सफाई के प्रति ध्यान रखेंगे तो गांव स्वच्छ रहेंगे एवं बीमारियों से मुक्ति मिलेगी इस दौरान चूरू जिला कलेक्टर अभिषेक सुराना, एसडीएम मीनू वर्मा,पंचायत समिति प्रधान विनोद पूनिया सादुलपुर विधायक मनोज न्यांगली,सीओ श्वेता कोचर सहित सरपंच एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

होली का चंग माहेश्वरी समाज के संग

## होली पर डप, चंग कार्यक्रम का आयोजन

**सादुलपुर।** माहेश्वरी वयुवक मंडल के द्वारा होली पर डप, चंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में माहेश्वरी समाज की महिलाओं ,बच्चो एंव युवाओ ने होली के धमाल पर नृत्य किया जिसमें माहेश्वरी समाज के सौरभ, जगत, विष्णु, विकास, अंकित, विशाल, हर्ष, साकेत आदि ने बहुत ही सुन्दर ढप चंग के साथ होली के धमाल की प्रस्तुतियां दी एवं कार्यक्रम सम्मापन अल्पाहार के द्वारा किया गया।

# नेहरू युवा केंद्र खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** नेहरू युवा केंद्र चूरु युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में चल रहे जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन जिला खेल स्टेडियम चुरु में व स्वामी विवेकानंद युवा संस्थान बरड़ादास के सानिध्य में व जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शुरू हुआ जिसमें उद्धाटन करता नेहरू युवा केंद्र उपनिदेशक मंगल राम जाखड़, विशिष्ट प्रधानाचार्य ओमप्रकाश फ़गेडीया, जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत, दलीप नेहरा, नेमीचंद जागीड़ युवा मंडल जिला अध्यक्ष अनिल प्रजापत, विजय कुमार,युवाओं के द्वारा माला पहनाकर, प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया मंगल राम जाखड़ ने युवाओं का हौसला बढ़ाया उसी के साथ जो ने बताया कि आपसी भाईचारा बनाकर खेल खेले स द्वारा युवाओं को अपनी प्रतिभा व प्रस्तुति निखारने का एक अच्छा प्लेटफार्म बताकर प्रेरित किया संचालन बेगराज कसवां सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के नीतेश कुमार मुहाल, विजयपाल, अनिल, नरेश पुनिया, आनंद कुमार, महेन्द्र कुमार, विजय पाल, संतोष, दिनेश, विपिन,योगेश, शंकर महर्षि, सुशीला सिंहमार, रीना सैनी, कमल, आदि सहयोग से आदि मौजूद रहे।

# होळी रो त्युंहार ढप धमाल चंग के सागे राजस्थान रा नाच-गाणां



**चूरू।** आपणी दुकान सुनील टैक्सटाइल गढ चौराहा पर शानदार ढप चंग का आयोजन हुआ राजा बल के दरबार कानुडा लाल घडलो म्हारो भरदे ओर रंग दे रे, देवर म्हारो रे, जेसे मारवाडी धमाल पर शहर झुमा बुटीनाथ आश्रम महंत निरंजन नाथ झारिया धाम के आकाश नाथ के सानिध्य मे लोकप्रिय विधायक हरलाल सहारण भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा का साफा पहनाकर रमाकान्त भाऊवाला अजीत नमन आयुस मानस पंकज ने सम्मान किया इस अवसर पर लोक कलाकार सम्मान पत्र बाँसुरी वादक सोहन शर्मा मुन्ना शर्मा राजेश सेनी नगारा वादक पण्डित उमेश व्यास सुनील व्यास गायक राकेश दाधीच नीरज गोड नोगा पण्डित इन्तजार उमेश दाधीच का सम्मान पत्र और दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया। उम्र भी लगती है छोटी 93 वर्ष के मोतीलाल सोनी ने लगाये ठुमके। इस अवसर पर श्याम सुंदर शर्मा, अभिषेक चोटिया, दीनदयाल सैनी, अमित, पुरूषनानी, सुरेश सारस्वत, घनश्याम शर्मा, सुशील बजाज, सुरेश बजाज, विनोद बागला, सुशील अग्रवाल, राकेश गोयल, अनील कानखेडिया, विनोद सरावगी, मोहन चुलेट, राजेश शर्मा, कालु टाक, बन्टु सिगोंदिया, नितिन, विजय, लाला, राकेश अग्रवाल, सहित बाजार के अनेक लोगो ने कार्यक्रम का आनंद लिया।

# फागोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** सुराणा भवन में आयोजित फागोत्सव कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण, जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, प्रदेश मंत्री डॉ वासु चावला, जिला महामंत्री अभिषेक चोटिया, सुरेश सारस्वत, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र राकसिया, मोहन लाल गढ़वाल, सुनील ढाका ने शामिल होकर लोगो को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सोनू हरित, गजानंद गौड़ मंडल उपाध्यक्ष, पंकज ओझा, रुपेश टिमटिमिया, धनराज सैनी, परमेश्वरी प्रजापत, पुरुषोत्तम शर्मा, विनोद ओझा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि ये त्यौहार हम सब को प्रेम व भाईचारे का संदेश देता है। और आकाश नाथ जी महाराज झरिया धाम कभी आशीर्वाद प्राप्त हुआ। जिला अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा ने कहा कि चूरू की इस गंगा जमुनी तहजीब की विशेषता है कि हम सब मिलजुलकर त्यौहार मनाते है। प्रदेश मंत्री डॉ वासु चावला ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शेखावाटी अंचल के इस त्यौहार से हम सबमें एकता का भाव पैदा होता है।

# प्रजापति समाज ने किया 155 प्रतिभाओं का सम्मान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** प्रजापति समाज सरदारशहर द्वारा हनुमान बारवाल की अध्यक्षता में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर रामेश्वर धासोलीया एडवोकेट (चूरू) गोरुराम कुलासिया। संरक्षक जगदीश सिरस्वा, बुधाराम मारोठिया, अध्यक्ष योगेश्वर किरोड़ीवाल, पूर्व अध्यक्ष शिव भगवान छापोला, राकेश तूनवाल, के विशिष्ट आतिथ्य में श्रीयादे माता, महाराज दक्ष प्रजापति के चित्र के आगे दीप प्रज्जवलन व पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया स मंचस्थ अतिथियों का समाज के वरिष्ठ समाज बंधुओं ने शॉल, दुपट्टा, प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। संरक्षक जगदीश सिरस्वा ने स्वागत संबोधन में कहा कि समाजिक आयोजन से प्रतिभाओं की हौसला अफजाई होती है। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। पत्रकार संजय छापोला ने कहा कि परीक्षाओं में कम प्राप्तांक लाने वाले बच्चों को निराश न होते हुए लक्ष्य बनाकर मेहनत करनी चाहिए। वरिष्ठ अध्यापिका परीक्षा में राजस्थान टोपार रही कृष्णा सुवटा ने अपने संघर्ष के बारे में बताया और बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र के आगे आने के लिए प्रेरित किया। सिविल राइट्स सोसायटरी अध्यक्ष एडवोकेट रामेश्वर धासोलिया ने बच्चों व प्रतिभाओं को सुबह जल्दी उठकर अध्ययन करने के महत्व पर प्रकाश डाला व शैक्षिक व राजनीतिक उन्नति करने की प्रेरणा दी। अतिथियों ने सामाजिक प्रतिभाओं का प्रशस्ति पत्र, दूपट्टा व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# पेड़ लगाने से हवा शुद्ध होती है : राहुल द्विवेदी




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** ओम कॉलोनी स्थित ओंकार वाटिका में पर्यावरण वन एवं जलवायु सरंक्षण संस्थान की ओर से एक पेड़ मां के नाम कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ संस्थान के राष्ट्रीय चौयरमेन राहूल द्विवेदी व संस्थान की राष्ट्रीय निदेशक रश्मी शर्मा ने किया। राष्ट्रीय चौयरमेन राहूल द्विवेदी पे बताया कि आज के इस युग में हमें पर्यावरण को बचाने के लिए हर व्यक्ति अपने क्षेत्र में पौधा लगाना चाहिए। जिससे वातावरण को दूषित होने से बचाया जा सकता है। यह संस्थान पर्यावरण का बचाने के लिए शेखावाटी में ऐसे आयोजन कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। युवाओं को इस विषय पर ध्यान देने की जरूरत है कि वे शिक्षा के साथ पर्यावरण के प्रति सजग रहकर कार्य करें। पर्यावरण को बचाने के लिए हमें कचरे को कम करना है। पानी और बिजली का इस्तेमाल कम करना, पेड़ लगाने, और प्लास्टिक के उपयोग को कम करना चाहिए। कचरे को कम करने के लिए अनावश्यक वस्तुओं की खरीद से बचे। कचरे को रीसायकल करें ताकि उसे दोबारा इस्तेमाल किया जा सके। प्लास्टिक की बोतलों और बैग के बजाय, दोबारा इस्तेमाल होने वाले कंटेनर और बैग का इस्तेमाल करें। संस्थान की राष्ट्रीय निदेशक रश्मी शर्मा ने कहा कि पेड़ लगाने से हवा शुद्ध होती है और जलवायु परिवर्तन से लड़ने में मदद मिलती है। अपने आसपास पेड़ लगाकर उनकी देखभाल करें। पर्यावरण के मुद्दों के बारे में जानकारी प्राप्त कर पर्यावरण को बचाने के लिए दूसरों को भी प्रेरित करें। अपने समुदाय में पर्यावरण संरक्षण के लिए काम कर स्थानीय संगठनों से जुड़ें और उनकी गतिविधियों में भाग लेंवे। पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद खरीदें। पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों को खरीदने के लिए लेवल देखें। स्थानीय और जैविक उत्पादों को प्राथमिकता देंवे। मीट और डेयरी उत्पादों का सेवन कम करें। स्थानीय और मौसमी भोजन का सेवन करें। कचरे को कम करने के लिए 5 आर का पालन करें। अनावश्यक वस्तुओं की खरीद से बचें। वस्तुओं को दोबारा इस्तेमाल करने के लिए नए तरीके खोजें। प्लास्टिक के थैलों और अन्य एकल-उपयोग प्लास्टिक से बचें। वस्तुओं को फेंकने के बजाय मरम्मत करें।

संगठन का लंबा संघर्ष रंग लाया

# अनुदानित संस्थाओं से आए कॉलेज शिक्षक अब नहीं रहेंगे व्याख्याता या लेक्चरर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उच्च शिक्षा राजस्थान के खाते में एक और उपलब्धि दर्ज हो गई है। संगठन के दीर्घकालिक संघर्ष के फलस्वरूप पहले तो 2018 में नियमित भर्ती से आए प्रदेश के सरकारी कॉलेजों के शिक्षकों के पदनाम बदले गए और उन्हें यूजीसी नियमों के अनुरूप सहायक आचार्य, सह आचार्य और आचार्य अथवा असिस्टैंट प्रोफेसर, एसोशिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर कहलाने का गौरव प्राप्त हुआ। अब अनुदानित संस्थाओं से आए हुए व्याख्याताओं के पदनाम भी इसी अनुसार कर दिए गए हैं।

संगठन के प्रदेश महामंत्री प्रो. रिछपाल सिंह ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जारी आदेश से अब अनुदानित महाविद्यालयों से आए हुए व्याख्याताओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार बहरवाल ने बताया कि संगठन के प्रयासों के चलते को उप मुख्यमंत्री ने 8 मार्च को आरवीआरईएस शिक्षकों के पदनाम बदलने की घोषणा की। संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य और सेवा आयाम के प्रदेश प्रमुख प्रो. सुरेन्द्र सोनी ने बताया कि वर्तमान सरकार उच्च शिक्षा से जुड़े विषयों के प्रति संवेदनशील है और वह संगठन द्वारा रखी गई मांगों व समस्याओं पर गम्भीरता से विचार करती है। आशा की जानी चाहिए कि निकट भविष्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सरकार और भी सकारात्मक निर्णय लेगी।

# आगामी चुनावों को लेकर अभी से एकजुट हो कार्यकर्ता : राठौड़

## » भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ का जगह जगह स्वागत-सत्कार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के एक दिवसीय दौरे को लेकर यहां पहुंचने पर राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, सांसद लुंबाराम चौधरी व भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ रक्षा भंडारी के सान्निध्य में कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत अभिनंदन किया। रविवार को प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ सिरोही स्थित राज्यमंत्री ओटाराम देवासी के सेवा केंद्र पर पहुंचे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने साफा,तलवार, मोमेंटो देकर स्वागत सत्कार किया। राठौड़ ने सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत सत्कार करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। राठौड़ ने कहा कि सिरोही से मेरी पुरानी यादें जुड़ी हुई है पूर्व में सिरोही के कार्यकर्ताओं ने मुझे बहुत कुछ दिया है। राठौड़ पूर्व में सिरोही में भाजपा जिले के संगठन प्रभारी के नाते भी कार्य कर चुके हैं। राठौर ने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर अभी से आने वाले चुनाव में अपनी अपनी सहभागिता निभाने के लिए कहा। स्वागत के पश्चात भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश के उपाध्यक्ष गणपत सिंह राठौर के कुशल क्षेम पूछने के लिए उनके निवास स्थान पर गए। इस अवसर पर जिला प्रमुख अर्जुन राजपुरोहित, पूर्व जिला अध्यक्ष कमलेश दवे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र सिंह चौहान, जिला महामंत्री योगेंद्र गोयल, दीपाराम पुरोहित, नरपतसिंह राणावत, जिला उपाध्यक्ष अरुण ओझा, पूर्व जिला उप प्रमुख कानाराम चौधरी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष ताराराम माली, नारायण देवासी, जुझारसिंह, गंगा सिंह राठौर, भवानीसिंह सिंघल, प्रधान हंसमुख मेघवाल, मंडल अध्यक्ष चिराग रावल, कृपाराम देवासी, ताराचंद कुमावत, जितेंद्र सिंह देवड़ा, भंवर रावल, शिवगंज से विशन सिंह देवड़ा, मोर्चा जिला अध्यक्ष गोपाल माली, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष अमराराम प्रजापत, पूर्व मंडल अध्यक्ष महिपाल चारण, लोकेश खंडेलवाल, गणपत सिंह कैलाशनगर, महेंद्र माली, महामंत्री रामलाल मेघवाल, बाबूसिंह मकरोड़ा, राकेश सोनी, ललित देवासी, हार्दिक देवासी, शैतान सिंह सोनगरा, घनश्याम सिंह देवड़ा, राजेंद्र सिंह चौहान, कैलाश मेघवाल, गोविंद सैनी, दमयंती डाबी, मणि देवी, हेमलता पुरोहित, गीता पुरोहित, ऊषा देवी,कुंदन मल राठी, इंदरसिंह मकवाना, गोविंद माली, अमृत सुथार, शिवलाल जीनगर, रामेश्वर कंसारा, प्रकाश भाटी, प्रवीण राठौर,जबरसिंह चौहान, शंकर सिंह परिहार, दिनेश वैष्णव, हिम्मत छीपा, मोहन माली, भंवर माली, रोहित खत्री, हिम्मतराम भाटी, लक्ष्मण परिहार, विकास रावल, लक्ष्मी नारायण गहलोत, सुनील गुप्ता, कलाराम देवासी, वेनाराम प्रजापत, महेंद्र सिंह परिहार, चंपालाल जटिया, महेंद्र दवे, अशोक कुमावत, राजेंद्र राजपुरोहित सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।





**रेवदर।** भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठोड़ के रेवदर प्रवास के दौरान रेवदर मण्डल अध्यक्ष हरीश लौहार के नेतृव्य में स्वागत किया गया। मण्डल अध्यक्ष की ओर से प्रदेशाध्यक्ष को गुलदस्ता व साफा पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया। मण्डल अध्यक्ष की ओर से पंचायत व निकाय चुनाव से तीन संतान को बाध्यता हटाने और रेवदर में अग्निशमन वाहन कार्यालय खोलने को लेकर ज्ञापन दिया गया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण पुरोहित, विधायक जगसीराम कोली, जिला महामन्त्री नरपत सिंह राणावत, भोपेन्द्र गोयल, जिलामंत्री प्रकाश रावल, जगसीराम कोली, महिला मोची जिलाध्यक्ष दक्षा देवड़ा, मण्डल महामंत्री अनिल वैष्णव, मीडीया प्रभारी तरुण अग्रवाल, प्रविण, आत्माराम वैष्णव, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, भीमाराम लोहार, अनील अग्रवाल, जोराराम कोली, रमेश कोली, मालाराम उपस्थित थे।



**पिण्डवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के दूसरी बार राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद रविवार को सिरोही जिले के दौरे पर रहे। जिस पर भारतीय जनता पार्टी पिंडवाड़ा मण्डल एवं झाड़ोली मण्डल के अध्यक्ष संतोष गहलोत और कालूराम माली के संयुक्त रूप जनापुर चौराहे पर प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ का साफा एवं दुपट्टा पहनाकर विधायक समाराम गरासिया का साफ़ पहनाकर एवं जिलाध्यक्ष श्रीमती रक्षा भंडारी का शॉल ओढ़ाकर स्वागत सत्कार किया। जिस पर प्रदेश अध्यक्ष ने पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का उत्साह देखकर सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान भाजपा पिंडवाड़ा एवम् झाड़ोली मण्डल के कई पदाधिकारी एवम् कार्यकर्ता मौजूद थे। इधर पूर्व मंडल अध्यक्ष महावीर यति ने इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष को मूलभूत सुविधाओं के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कॉलेज की मांग, टोल की समस्या, किसानों के लिए बांध और बड़ी नहर का अभाव, जनापुर चौराहा पर अंडरग्राउंड पुल की आवश्यकता, रोजगार का अभाव, केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिलना, अस्पताल में डाक्टरों की कमी इत्यादि का उल्लेख करते हुए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने की मांग की।



## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**सरूपगंज।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के रविवार को सरूपगंज पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। वही राजस्थान पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक संघ जिला सिरोही के बैनर तले प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को राजस्थान पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक संघ ब्लॉक पिंडवाड़ा के ब्लॉक प्रवक्ता अमराराम उर्फ अमन मेघवाल के नेतृत्व में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष को पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायकों के पद सृजित कर नियमित करने बाबत ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि हम पिछले कई वर्षों से संविदा रूपी नौकरी में शोषण के शिकार हो रहे हैं और हमारा अनुभव भी पूरा हो रहा है सरकार हमारे पदों का सृजन कर एवं पूर्व अनुभव का लाभ देकर नियमित करें। इस पर प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने जयपुर जाकर मामले को दिखाने का आश्वासन दिया। इस दौरान स्थानीय विधायक आबू पिंडवाड़ा समाराम गरासिया, पिंडवाड़ा पंचायत समिति प्रधान नितिन बंसल सहित पदाधिकारी छगनलाल मकवाना वाटेरा, कालूराम मेघवाल नितोड़ा सहित भाजपा कई पदाधिकारी मौजूद थे। वही पेशुआ, आदर्श, रामपुरा एवं बसंतगढ़ के ग्रामीणों ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत किया। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष नेमाराम, किशोर रावल, जिला मीडिया प्रभारी रतनराज रावल, रोहिड़ा मंडल उपाध्यक्ष वागेंद्र पुरोहित, भारतीय किसान संघ तहसील अध्यक्ष जयंतीलाल जनवा, महिला मोर्चा महामंत्री मनीषा, अंतर देवी, जसोदा, शिल्पा देवी सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।



## निजी कार्यक्रम में शामिल हुए प्रदेशाध्यक्ष



**मंडार।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ रायपुर में आयोजित एक निजी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की। आयोजनकर्ता डॉ रमेश बोराणा व समाजसेवी नरेश बोराणा की ओर से प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का माला व साफा पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष चुन्नीलाल गरासिया, सिरोही-जालोर सांसद लुंबाराम चौधरी, सिरोही जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी, जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, रेवदर पूर्व विधायक जगसीराम कोली, सरपंच छगनलाल कोली व पप्पुसिंह देवड़ा मौजूद रहे।





**निम्बज।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ एक दिवसीय दौरे रविवार को निम्बज पहुंचने पर स्वागत किया गया एवं ग्राम पंचायत निम्बज को पंचायत समिति रेवदर में यथावत बनाए रखने के बाबत मे प्रदेशाध्यक्ष को ज्ञापन दिया गया। पूर्व सरपंच भवानी सिंह देवड़ा, मोहन सिंह देवड़ा, भीमा राम छिपा, भेरा राम पुरोहित, महेंद्र सिंह, गुलसन खान,लक्ष्मण राम, प्रेमा राम, मगलसिंह,एवं कई ग्रामीण मौजूद थे। रेवदर बीजेपी ब्लॉक मंडल उपाध्यक्ष विष्णु जोशी ने बताया कि निकटवर्ती रायपुर में आयोजित एक निजी कार्यक्रम में शिरकत की इस दौरान निम्बज मे स्वागत किया गया राज्यसभा सांसद व प्रदेश उपाध्यक्ष चुन्नीलाल गरासिया, सांसद लुंबाराम चौधरी, जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी, पूर्व विधायक जगसीराम कोली, विधायक समाराम गरासिया प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ रायपुर निवासी डॉ. रमेश बोराणा व समाजसेवी नरेश बोराणा के यहां आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।



# खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने माउंट में की कार्रवाई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राज्य सरकार एवं चिकित्सा विभाग की ओर से आमजन को शुद्ध एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से होली के त्योहार पर आयुक्तालय खाद सुरक्षा जयपुर एवं जिला कलक्टर के निर्देशानुसार चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से सघन अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सिरोही डॉ दिनेश खराड़ी ने बताया कि होली के त्योहार पर विशेष अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश प्रजापत एवम खाद सुरक्षा अधिकारी धर्मवीर की संयुक्त टीम ने माउण्ट आबू में निरीक्षण एवम नमूनीकरण किया। जिसमे मैसर्स आशापुरा रेस्टोरेंट, आबू जो बिना लाइसेंस संचालित था, जहां पर एक्सपायरी खाद पदार्थ थे, को मौके पर ही नष्ट करवाया गया तथा रेस्टोरेंट पर सीज की कार्रवाई की गई । इसके अलावा खोडियार काठियावाड़ी रेस्टोरेंट, मॉयल डेयरी, मिरानी डेयरी, आबू से विभिन्न खाद्य पदार्थों के लिए गए नमूने जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला को भिजवाए गए एवं लिए गए नमूनों की जांच रिपोर्ट में अगर मिलावट पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवम मानक अधिनियम के अंतर्गत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



# सरगरा समाज का द्वितीय स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** सरगरा समाज आबू पट्टे का द्वितीय स्नेह मिलन समारोह अध्यक्ष शंकरलाल मारु की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समारोह में नवनियुक्त सरकारी कर्मचारियों दसवीं व बाहरवीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को एवं 75 वर्ष से अधिक उम्र वाली प्रतिष्ठित महिलाओं का शॉल ओढाकर सम्मान किया। इस मौके पर आबू पट्टे के प्रेमनाथ, हनुमान टेकरी, नारायण लाल परिहार, प्रेमचंद चौहान, जितेन्द्र मारु, किशनलाल चौहान, शंकरलाल परिहार, प्रभुराम पडियार, जयन्तीलाल मारु सहित कई जने मौजूद थे।



# होली के उपले बनाए

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** होलिका दहन के मद्देनजर ग्रामीण महिलाओं ने होली के उपले तैयार किए। अरठवाडा के सरपंच मुकेश कुमार राणा ने बताया कि पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार गोबर के छोटे छोटे गोलाकार उपले बनाकर बीच में छेद कर धूप में सुखाया जाता है। सूखने पर माला के रूप में पिरोया जाता है। होली दहन के दिन होली के साथ अग्नि दी जाती है। मान्यता है इसे जलाने दरिद्रता खत्म होती ओर खुशहाली आती है। सरपंच के निर्देशन में ग्रामीण महिलाओं ने होली के लिए गोबर के उपले बनाए। इस अवसर पर गांव की ग्रामीण महिलाएं एवं गांव के सामाजिक कार्यकर्ताओं में किरण रावल, भंवर राणा, कौशल्या, सुशीला देवी मेघवाल, सरोज मीणा उपस्थित थीं।



# अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर आबूरोड पहुंची

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर आबूरोड पहुंची। वे यहां विजय वैंकेटश्वर तिरुपति बालाजी धाम फिल्म जटाधारा की शूटिंग में शामिल होंगी। अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा व तेलगू फिल्मों के अभिनेता सुधीर बाबू भी इस फिल्म के मुख्य किरदार होंगे। अरुणा अग्रवाल व प्रेरणा अग्रवाल के निर्देशन में बन रही इस फिल्म की करीब चालीस दिनों तक शूटिंग चलेगी।



## न्यूज ब्रीफ

# देवल बने सोजत विधानसभा क्षेत्र प्रभारी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से संगठन को मजबूती देने के लिए संगठन में फेरबदल के साथ ही सक्रिय पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। इसी कड़ी में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने संपूर्ण प्रदेश की 200 विधानसभा क्षेत्रों पर समन्वयक प्रभारी नियुक्त किए है। पाली जालोर सिरोही तीनों जिलों को जहां भाजपा का गढ़ माना जाता है वहीं पाली जिले की सोजत विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को मजबूती देने एवं समन्वय स्थापित करने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कांग्रेस वरिष्ठ नेता हिमपाल सिंह देवल को जिम्मेदारी देते हुए सोजत प्रभारी नियुक्त किया है। कर्नाटक विधानसभा चुनावों के दौरान युवा कांग्रेस की तरफ से देवल को एक विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी भी नियुक्त किया गया था। वर्तमान में सिरोही जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं वरमाण ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष पद पर अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे है।

# स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान, योग, व्यायाम व प्रार्थना की

## महाविद्यालय में एक दिवसीय शिविर आयोजित




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजकीय महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई संख्या 1 और 2 का तृतीय एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो. अजय शर्मा ने बताया कि शिविर की शुरुआत स्वयंसेवकों ने योग, प्राणायाम व प्रार्थना से की। तत्पश्चात इकाई संख्या 1 के कार्यक्रम अधिकारी प्रदीप कुमार एवं इकाई संख्या 2 की कार्यक्रम अधिकारी सियाराम चौधरी के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के विज्ञान परिसर के आगे वाले भाग में श्रमदान किया। जिसके अंतर्गत स्वयंसेवकों ने व्यर्थ में उगी हुई झाड़ियों को हटाया तथा इधर उधर पड़े कचरे को इकट्ठा कर उसका उचित निस्तारण किया। साथ ही महाविद्यालय के स्वयंसेवकों की ओर से विकसित भारत युवा संसद के जिला स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पोर्टल पर पंजीकरण के लिए प्रेरित किया ताकि अधिकाधिक संख्या में इस कार्यक्रम में युवाओं की भागेदारी सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम का उद्देश्य लोकतंत्र में युवाओं की भागेदारी बढ़ाना है। साथ ही सभी स्वसेवकों को पी.एम. इंटर्नशिप प्रोग्राम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमे कार्यक्रम अधिकारी वीरेन्द्र सिंह गुर्जर ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य अगले पांच वर्षों में शीर्ष 500 कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ इस एकदिवसीय शिविर का समापन हुआ।

# बजरी का अवैध परिवहन, डम्पर जब्त



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** पुलिस ने बजरी का अवैध परिवहन करते डम्पर को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई की है। थानाधिकारी रविंद्रपाल सिंह ने बताया कि बजरी खनन व परिवहन को लेकर उच्च अधिकारियों एवं जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल निर्देशानुसार अभियान चलाया जा रहा है। जिसको लेकर थानाप्रभारी रविन्द्रपाल सिंह मय जाब्ता ने माटासन सरहद पर बजरी से भरे डंपर को रुकवाया, जो रानीवाड़ा की ओर जा रहा था। अनुज्ञापत्र तथा चालक गुलाब खान के संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर चालक को दस्तियाब कर प्रकरण दर्ज कर बजरी से भरे वाहन को जब्त किया तथा खनन विभाग के अधिकारियों को सूचित किया गया। --

# निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर संपन्न, मरीज हुए लाभांवित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** निकटवर्ती गांव मेथीपुरा में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन भामाशाह रसिकलाल कोठारी की ओर से उनकी दिवंगत पत्नी मंजुला देवी कोठारी की स्मृति में ग्लोबल हॉस्पिटल आबूरोड की ओर से किया गया। जांच शिविर में नेत्र चिकित्सक डॉ पूनाराम द्वारा जांच की गई जिसमें 178 मरीजों को जांच शिविर का लाभ मिला और उसमें से मोतियाबिंद के 17 मरीज निकले जिसमें से 12 मरीज का सफल ऑपरेशन करने के लिए ग्लोबल हॉस्पिटल नेत्र संस्थान तलहटी आबूरोड भेजा गया। शिविर का शुभारंभ स्थानीय सरपंच मरगादेवी और सामाजिक कार्यकर्ता मफतलाल बुनकर ने किया । शिविर में धीराराम, गणेशकुमार गरासिया, पूर्व पंचायत सदस्य मेघा राम, कालूराम और ग्लोबल हॉस्पिटल टीम की ओर से, डॉ. पुनाराम, टीम प्रभारी प्रवीण सिंदल, सहायक पिन्टू मेघवाल, फरजाना बानो, आमरीन, भावना, गणेश, संगीता आदि उपस्थित थे ।

# विप्र बंधु को सरकार की योजना का लाभ दिलाने में कार्यकर्ता भूमिका निभाएं : मुकेश रामपुरा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** स्थानीय आदर्श विद्या मंदिर के प्रांगण में विप्र फाउंडेशन राजस्थान जोन प्रथम बी की बैठक विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय सचिव मुकेश रामपुरा, प्रदेशाध्यक्ष धनसुख तावनिया, प्रभारी भवर पुरोहित, विप्र युवा प्रकोष्ठ के सुनील मिश्रा, सीमा मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वनाथ शर्मा राजगुरु जिलाध्यक्ष शंभू दयाल शर्मा के सानिध्य में हुई। मीडिया प्रभारी डॉ. श्रवण शर्मा ने बताया कि सर्वे प्रथम अतिथियो ने मां सरस्वती व भगवान परशुराम जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर स्वस्तिवाचन कर किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव मुकेश रामपुरा ने कहा कि कोई भी विप्र बंधु जो गांव व ढाणी में निवास कर रहा है और सरकार की योजना से वंचित हैं तो विप्र फाउंडेशन के कार्यकर्ता का यह दायित्व है कि वह सरकार की मुख्य धारा से जोड़ कर उसे योजना का लाभ दिलावे। उन्होंने महिलाओं को विप्र फाउंडेशन के कार्यक्रम में अधिकाधिक जोड़ने का आहवान किया। इस अवसर पर उन्होंने विप्र बंधु पर कहीं पर किसी तरह के हो रहे अत्याचार पर उसे न्याय दिलाने के लिए उसको साथ देने की आवश्यकता जताई। प्रदेश प्रभारी भवर पुरोहित ने कहा कि ब्राह्मण जाति नही है ब्राह्मण एक संस्कृति ह। जो हरेक समाज को सही दिशा देकर उसके व्यवहार में बदलाव लाता ह । जिससे न केवल एक अच्छे समाज का निर्माण होता है बल्कि देश भी मजबूत बनता है उन्होंने ब्राह्मण समाज के अनेक संगठन बनने पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि इससे ब्राह्मण समाज को क्षति हो रही है जो कभी भी पूरी नही की जा सकेगी उन्होंने विप्र बंधुओ को संगठित होने पर बल दिया। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष धनसुख सारस्वत ने कहा कि विप्र फाउंडेशन के कार्यकर्ता धरातल से जुड़कर कार्य करता है जिसके परिणाम स्वरूप आज यह अंतराष्ट्रीय संगठन बन गया है उन्होंने हरेक कार्य में महिलाएं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्रा ने कहा कि विप्र फाउंडेशन की नीति रीति के अनुसार हमे काम करना होगा जिससे विप्र समाज आगे बढ़ सके उन्होंने सकारात्मक सोच के साथ सभी को काम करने का आह्वान किया महिला प्रकोष्ठ कि प्रदेशाध्यक्ष सीमा मिश्रा ने समाज में व्याप्त कुरीतियों का त्याग करने पर जोर दिया और कहा कि शिक्षा का सहारा लेकर हमे समाज को बदलने की आवश्यकता जताई जिलाध्यक्ष शंभू दयाल शर्मा ने आभार व्यक्त किया। बैठक कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वनाथ शर्मा राजगुरु, प्रमेंद्र शर्मा व राजीव शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में बीकानेर किशन जोशी, गंगानगर मदन जोशी चुरू शम्भू दयाल नागौर पवन सारस्वत व हनुमानगढ़ प्रेम सारस्वत सहित विप्र फाउंडेशन की जय दाधीच चंद्रकला आचार्य, पंकज शर्मा, सुनील तावनिया, लक्ष्मी शर्मा, दीपक शर्मा, प्रेम जोशी, वेदप्रकाश तिवाड़ी, पंकज पिपलावा, मदन लाल, पवन सारस्वत, प्रतीक पारीक सरिता शर्मा आदि उपस्थित होकर अपने जिलों के प्रतिवेदन प्रस्तुत किए।

# भारतीय शिक्षा बोर्ड कार्यालय का उद्‌घाटन विधायक भांबू ने किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** विधायक राजेंद्र भांबू ने शहर में भारत सरकार द्वारा गठित भारतीय शिक्षा बोर्ड कार्यलय का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं फीता काटकर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजेंद्र भांबू एवं विशिष्ट अतिथि पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी पवन कुमार, केंद्रीय विद्यालय के पूर्व प्रिंसिपल एवं आर्य समाज के प्रधान डीवी शास्त्री मंच पर उपस्थित थे। प्रारंभ में अतिथियों का साफा, माला एवं प्रतीक चिह्न देकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विधायक भांबू ने कहा कि मैकाले की शिक्षा पद्धति के विकल्प के तौर पर भारत का स्वदेशी शिक्षा बोर्ड नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि यह बोर्ड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं योग गुरु रामदेव का ड्रीम प्रोजेक्ट हैं। पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी पवन कुमार ने भारतीय शिक्षा बोर्ड कि रूपरेखा इसकी कार्य पद्धति एवं रूल्स व रेगुलेशन के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर भारतीय शिक्षा बोर्ड के झुंझुनूं संपर्क प्रमुख डॉ. संपत्त बारूपाल ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में निजी स्कूल संचालकों के अलावा पतंजलि योग समिति के अनेक योग साधक रामपाल सिहाग, जमन सिंह, बनवारीसिंह राठौड़, राजकुमार तुलस्यान, संजय सिंगोदिया, सुभाष सोनी आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### कुचामन में आरएसएस का कार्यकर्ता प्रशिक्षण: जिले के 218 गांव के स्वयंसेवक शामिल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्यकर्ता प्रशिक्षण मंडल टोली अभ्यास वर्ग कुचामन शहर में संपन्न हुआ। जूसरी रोड पर आयोजित इस कार्यक्रम में राजस्थान क्षेत्र के प्रचारक निम्बाराम और जिला संघचालक रामावतार सराफ ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम ने कहा कि संघ अपना शताब्दी वर्ष मनाने जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले 100 वर्षों से संघ समाज के सभी भेदभाव मिटाकर हिंदू समाज को संगठित करने का कार्य कर रहा है। संघ की एक घंटे की शाखा के माध्यम से स्वयंसेवकों के जीवन में संस्कार का निर्माण किया जाता है। निम्बाराम ने कहा कि हिन्दू संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति है। उन्होंने बताया कि वसुधैव कुटुंबकम और विश्व कल्याण की बात केवल हिन्दू समाज ही करता है। शाखा से प्रशिक्षित स्वयंसेवक देश के विभिन्न क्षेत्रों में समाज परिवर्तन का कार्य कर रहे हैं। सह जिला कार्यवाह रामनिवास पूरी के अनुसार, इस प्रशिक्षण वर्ग में डीडवाना जिले के 218 गांवों से स्वयंसेवक शामिल हुए। प्रत्येक मंडल केंद्र और मंडल से कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

### बाबा श्याम के फाल्गुन महोत्सव का आगाज: आज निकलेगी भव्य निशान यात्रा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** शहर में तीन दिवसीय अष्टम श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव की शुरुआत हो गई है। श्री श्याम दरबार फाउंडेशन की ओर



से आयोजित इस महोत्सव का आगाज रविवार को बाबा श्याम के महाभिषेक से हुआ। पंडितों ने मंत्रोच्चार के साथ बाबा का अभिषेक किया। इसमें बड़ी संख्या में श्याम भक्तों ने हिस्सा लिया। रविवार रात सवा 8 बजे विशाल भजन संध्या 'एक शाम बाबा श्याम के नाम' का आयोजन किया गया। इसमें नोखा बीकानेर के कलाकार अनिल नागौरी ने भजनों की प्रस्तुतियां दीं। सोमवार सुबह सवा 9 बजे चारभुजा मंदिर से भव्य निशान यात्रा निकलेगी। यात्रा पलटन गेट, गोल प्याऊ, सेवा समिति की गली, न्यू कॉलोनी और स्टेशन रोड़ होते हुए बाबा श्याम के मंदिर पहुंचेगी। हजारों श्याम भक्त हाथों में निशान लेकर चलेंगे। मंदिर में बाबा श्याम को निशान चढ़ाने के साथ यात्रा सम्पूर्ण होगी। सोमवार रात सवा 8 बजे गौशाला स्थित श्याम मंदिर परिसर में श्याम कीर्तन होगा। इसमें गायिका आरती बुगालिया भजन प्रस्तुत करेंगी। मंगलवार सुबह सवा 10 बजे मंदिर परिसर में महायज्ञ होगा। महाप्रसाद भंडारे के साथ तीन दिवसीय महोत्सव का समापन होगा।

### कुचामन खटीक समाज की अच्छी पहल : राहगीरों के लिए बनाया जल मंदिर



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** कुचामन शहर में आम लोगों को गर्मी से राहत देने के लिए एक नई पहल की गई है। हॉस्पिटल रोड स्थित खटीक मोहल्ला में रविवार को जल मंदिर यानी पानी की प्याऊ का शुभारंभ हुआ। भाजपा के युवा नेता आशीष चौधरी ने फीता काटकर इस जल मंदिर का उद्घाटन किया। खटीक समाज के सदस्यों ने बताया कि गर्मी के मौसम में लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस प्याऊ का निर्माण किया गया है। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने आशीष चौधरी का माला और साफा पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बाबूलाल कुमावत और पूर्व पालिकाध्यक्ष राधेश्याम गट्टानी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। विक्की चावला, सुनील चावला, ताराचंद चावला, विजू चावला, दिनेश चावला, विजय पाल चावला, योगेश चावला, गौतम चंदेलिया, गणेश सोनी, अविनाश राजोरिया, खेताराम सिसोदिया, गोविंद कुमावत, किशन गुर्जर और मनजीत चावला भी मौजूद रहे।

### आज पशु चिकित्सा संस्थाएं रहेगी बंद, घेराव में शामिल होंगे चिकित्सा कर्मचारी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** पशुपालन विभाग में पशुधन निरीक्षक व पशुधन प्रसार अधिकारी के खिलाफ विभागीय दमनात्मक कार्यवाही के विरोध में 10 मार्च सोमवार को राजस्थान विधानसभा का घेराव किया जाएगा। प्रदेश संयुक्त मंत्री अनिल बाडेटिया ने बताया कि वर्तमान में पशुपालन विभाग द्वारा द्वेषता पूर्वक कार्मिकों को पांच से 10 मिनट की देरी होने पर ही बिना किसी सुनवाई के ही निलंबित करने की दमनात्मक कार्यवाही के विरोध में विधानसभा का घेराव किया जाएगा। जिलाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि जिले के समस्त पशु चिकित्सा कर्मचारी जयपुर के लिए कूच करेंगे। अखिल राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ के उपाध्यक्ष गुमानसिंह ने बताया कि संपूर्ण जिले से छह बसों के द्वारा सुबह 4.30 बजे जिले के समस्त पशु चिकित्सा कार्मिक पशुधन निरीक्षक, पशुधन प्रसार अधिकारी जो सैंकड़ों की संख्या में है, विधानसभा घेराव के लिए जयपुर कूच करेंगे।

# डीवाईएफआई की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नवलगढ़।** रविवार को भारत की जनवादी नौजवान सभा तहसील कमेटी नवलगढ़ की मीटिंग तहसील अध्यक्ष दीपक रणवां की अध्यक्षता में आयोजित की गई। तहसील महासचिव देव जैदिया ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने के खिलाफ भारत की जनवादी नौजवान सभा द्वारा 11 मार्च 2025 सुबह 11ः00 बजे शहीद स्मारक जयपुर पर विशाल विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। पटवारी और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती के पदों का वर्गीकरण एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण के नियमानुसार करने, सभी युवाओं को तुरंत प्रभाव से पीछे के बकाया सहित नियमित रूप से बेरोजगारी भत्ता जारी करने तथा युवा मित्रों को वापस बहाल करने की मांग को लेकर यह प्रदर्शन होगा। जिसमें नवलगढ़ से भी कार्यकर्ता पहुंचेंगे। तहसील उपाध्यक्ष सुनिल यादव ने बताया नौजवान सभा बेरोजगारों व नौजवानों की मांगों को लेकर गांव गांव ढाणी ढाणी सदस्यता अभियान चलाएगी व बड़ा जन आंदोलन चलाएगी तथा नौजवान सभा ने यह निर्णय लिया कि भगत सिंह के शहादत दिवस की पूर्व संध्या पर मसाल जुलूस व 23 मार्च शहादत दिवस पर विचार संगोष्ठी रखी जाएगी।

बैठक में पर्यवेक्षक के तौर पर जिला सचिव योगेश कटारिया, हेमलता शर्मा, दीपक रणवां, देव जैदिया, सिकंदर, हरिसिंह बुरड़क, सुनिल यादव, जुबेर खोखर, मुकेश काजल सहित कमेटी के पदाधिकारी व नौजवान साथी उपस्थित रहे।


# छात्राओं को आठों प्राणायाम, मुद्राओं व एक्यूप्रेशर के प्वाइंटों की जानकारी प्रदान की



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला पतंजलि योग समिति झुंझुनूं की जिला प्रभारी गीता नूनियां, महामंत्री शकुंतला आबूसरिया, नवलगढ़ तहसील प्रभारी संतोष चौधरी ने राउमावि आबूसर के विद्यालय स्टाफ व छात्र छात्राओं को आठों प्राणायाम का अभ्यास करवाते हुए मुद्राओं व एक्यूप्रेशर के प्वाइंटों की जानकारी प्रदान की। महिला शक्ति को नमन करते हुए जानकारी दी कि महिला परिवार व समाज की धूरी है। सभी बहनें योग से स्वस्थ रहकर ही एक स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण कर सकती हैं। अपने आप को आत्मनिर्भर बना सकती है। एक महिला मां के रूप में आदरणीय है। पत्नी के रूप में सम्माननीय है बहन और बेटी के रूप में रक्षा योग्य है। महिला पतंजलि योग समिति झुंझुनूं की जिला प्रभारी गीता नूनियां ने योगाभ्यास के साथ नियमित योग करने का संकल्प दिलाते हुए सुक्ष्म क्रियाओं व आसनों का भी अभ्यास करवाया। आबूसर विद्यालय स्टाफ राजकुमार, सतपाल ढाका, सुनिता कस्वां, सुमन खीचड़ तथा अन्य समस्त शिक्षकगणों को योग की दिशा में अग्रसर करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। महिला पतंजलि द्वारा प्रधानाचार्या मीना कुमारी को साफा पहनाकर समाज की अग्रणी महिला के रूप में सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने महिला समिति की सभी बहनों का स्वागत कर भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए फिर से विद्यालय में योगाभ्यास करवाने के लिए निवेदन किया। महिला दिवस के रूप में किसी दिन को निर्धारित करना एक औपचारिकता है। बल्कि प्रतिदिन महिला के बिना अधूरा है। महिला सृष्टि की रचयिता और आदिशक्ति है महिला के बिना परिवार, समाज व राष्ट्र अधूरा है। जहां नारी का सम्मान होता है। वहां देवता निवास करते हैं। अर्थात नारी सम्माननीय है पूजनीय है और रक्षा योग्य है।

# लॉयंस क्लब झुंझुनूं ने महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान किया



**झुंझुनूं।** लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वावधान में रविवार को बगड़ रोड स्थित पंसारी लॉयंस अस्पताल में महिला दिवस के उपलक्ष में क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉ. बबिता कुमावत द्वारा लॉयन विनिता शर्मा, लॉयन शकुंतला पुरोहित, लॉयन उषा शर्मा का दुपट्टा व साफा पहना कर एवं पौधा लगा गमला भेंट कर सम्मान किया गया। लॉयन शकुंतला पुरोहित द्वारा क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉ. बबिता कुमावत का दुपट्टा साफा पहना कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉ. बबिता कुमावत, क्लब सचिव गोपाल कृष्ण गुप्ता, लॉयन शकुंतला पुरोहित, लॉयन विनिता शर्मा, लॉयन महिपाल सिंह, लॉयन भागीरथप्रसाद जांगिड़, लॉयन ओमप्रकाश जांगिड़, लॉयन डॉ. एनएस नरुका, लॉयन डॉ. उम्मेदसिंह शेखावत, लॉयन पीएल हलवाई, लॉयन डॉ. देवेंद्रसिंह शेखावत, एमजेएफ लॉयन रघुनाथप्रसाद पोद्दार, लॉयन रामप्रताप कुमावत, लॉयन दयाशंकर अरड़ावतिया, लॉयन उषा शर्मा, लॉयन मुबारक अली पठान सहित लॉयंस क्लब चूरू एवं लॉयंस क्लब सुजानगढ़ के लॉयन साथी उपस्थित रहे।

# पीपली में दिन दहाड़े लूट करने के मामले में दो साल बाद पकड़ा गया मास्टरमाइंड



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिलानी।** थाना इलाके के पीपली में करीब दो साल पहले 28 जनवरी 2023 को दिन दहाड़े एक कॉटन फैक्ट्री में हुई लूट की वारदात के मामले में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पिलानी पुलिस ने एजीटीएफ जयपुर और झुंझुनूं की मदद से वारदात के मास्टर माइंड और आरोपियों को शरण देने वाले आरोपी को धर दबोचा है। सीआई रणजीत सिंह सेवदा ने बताया कि मंडावरा निवासी धुनेश्वर एग्रो इंडस्ट्रीज लाडून्दा रोड पीपली निवासी अनूप कुमार शर्मा ने थाने में रिपोर्ट दी थी कि उसने लाडून्दा रोड पर कॉटन फैक्ट्री लगा रखी है। 28 जनवरी 2023 को दोपहर के करीब साढ़े तीन बजे वह और मूलचंद दोनों गेट पर बैठे बातें कर रहे थे। उसी दौरान एक छोटी कार आई और उसमें से दो लड़के उतरे। एक के हाथ में एक पिस्टल थी और दूसरे के हाथ में धारदार हथियार कुल्हाड़ी थी। दोनों ने अनूप और उके साथी मूलचंद को धमकाना शुरू कर दिया। आरापियों के साथ एक युवक और था। जो गाड़ी में ड्राइवर सीट पर बैठा था। एक लड़के ने अनूप और मूलचंद पर बंदूक तान दी और दूसरा अनूप के ऑफिस में घुस गया और उसके स्टाफ को धमकाने लगा और उनको बाहर निकाल दिया। अनूप ने उसका विरोध किया तो उसने अपने दूसरे हाथ से एक और छोटी बंदूक निकाली और सभी पर तान दी।

बंदूक की नोक पर आरोपी लगभग 8 लाख 23 हजार 530 रूपए लूटकर ले गए। पुलिस ने इस मामले का अनुसंधान करते हुए एक आरोपी लोहारू के वार्ड नंबर छह लोको कॉलोनी निवासी 21 वर्षीय शेखर को तथा उसके साथी राकेश निवासी जिला सतनाली को गिरफ्तार कर लिया था। मामले में दर्शन सिंह और एक अन्य की तलाश थी। पुलिस को सूचना मिली कि दर्शन सिंह अपने गांव आया हुआ है। जिस पर पुलिस ने गांव में दबिश देकर दर्शनसिंह को गिरफ्तार कर लिया।

# श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था की चौथी श्री श्याम निशान पदयात्रा आज, 211 ग्राम चांदी का निशान भी चढ़ाएंगे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के तत्वावधान में श्री श्याम भक्त झूमते, गाते, गुलाल लगाते बाबा श्याम के जयकारे के साथ मार्च सोमवार को चौथी श्री श्याम निशान पदयात्रा खेतानों का मोहल्ला स्थित श्री श्याम मंदिर झुंझुनूं धाम बाबा के दरबार में पहुंचकर बाबा के चरणों में निशान अर्पण करेंगी। रंग बिरंगे सजे—धजे निशान और साथ में फूलों की बारिश के बीच निशान पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। संस्था के मुख्य ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि चौथी श्री श्याम निशान पदयात्रा में 31 निशान होंगे। जिसमें एक निशान बालाजी का एवं कुछ छोटे निशान बच्चों के भी बाबा श्याम को चढाए जाएंगे। जिसमें केशरदेव देवकीनंदन तुलस्यान, कैलाशचंद्र सिंघानिया, विजय कुमार सुनिल कुमार तुलस्यान, श्रवण कपिल केजड़ीवाल, सीए पवन केडिया, इंद्रचंद तुलस्यान, विजय विपिन राणासरिया एवं गुप्त श्याम भक्त सहित कुल आठ श्याम भक्तों की ओर से एक 211 ग्राम का चांदी का निशान भी बाबा श्याम को अर्पित किया जाएगा। इससे पहले चूणा चौक राणी सती रोड आशीर्वाद पैलेस स्थित आशीर्वाद बालाजी मंदिर में 10 मार्च सोमवार एकादशी सुबह 9:15 बजे निशानों की पूजा अर्चना एवं बाबा श्याम की ज्योत पंडित महावीरप्रसाद शर्मा बिदासर वालों के आचार्यत्व में ली जाएगी। उन्होंने बताया कि पूर्व की भांति श्री श्याम मंदिर झुंझुनूं धाम खेतान मोहल्ला में बाबा श्याम के दरबार में श्याम भक्त सुशील श्रवण रिंगसिया एवं रघुनाथ प्रसाद पोद्दार की ओर से छप्पन भोग एवं फलों का प्रसाद लगाया जाएगा। श्री श्याम निशान पदयात्रा को गरिमामय रूप से संपन्न करवाने में श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान, परमेश्वर हलवाई, सीए पवन केडिया, रोहिताश्व बंसल, आशीर्वाद पैलेस के परिवारजनों में केशरदेव तुलस्यान, सीए प्रशांत तुलस्यान, केशव पंसारी, अरुण ढंढारिया, सुशील रिंगसिया, सौरभ रिंगसिया, अशोक अनुज गाडिया, रोहित भगत, नवीन जालान, कालूराम तुलस्यान, इंद्रचंद तुलस्यान, स्मित जालान, कृष्ण गोपाल चौधरी, दिलीप हंसासरिया, राकेश एवं मुकेश टेकड़ीवाल गणमान्य जन में विजयकुमार तुलस्यान, माधव तुलस्यान, कैलाशचंद्र सिंघानिया, रघुनाथ पोद्दार, अशोक तुलस्यान, शिवचरण पुरोहित, योगेश खंडेलिया, हरीश खंडेलिया, आशीष जालान, प्रदीप पाटोदिया, नरेंद्र व्यास एवं आशीष श्रीमोहन तुलस्यान सहित अन्य गणमान्य जन का सपरिवार प्रतिवर्ष सराहनीय योगदान रहता है।

## श्री श्याम मंदिर झुंझुनूं धाम में फाल्गुनी मेला आज से

**झुंझुनूं।** खेतान मोहल्ला स्थित श्री श्याम मंदिर झुंझुनूं धाम में 10 व 11 मार्च को दो दिवसीय फाल्गुनी मेले का आयोजन होगा। इसे लेकर बड़े स्तर पर तैयारियां की जा रही है। मंदिर ट्रस्ट के सचिव श्रीकांत गाडिया ने बताया कि कार्यक्रम में पहले दिन 10 मार्च को शिव कॉलोनी, मुकुंद सेवा सदन, आशीर्वाद पैलेस के सैंकड़ों की तादाद में भक्तगण निशान लेकर मंदिर पहुंचेंगे और बाबा के दरबार में धोक लगाएंगे। रात्रि को भजन संध्या होगी। जिसमें युवा कलाकार रींगस के संतोष व्यास, मनोज कुमार ठठेरा, मनीष भाटी, सज्जन दाधीच, रवि तुलस्यान आदि भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। इसी प्रकार 11 मार्च को विशेष पूजा व मेले का आयोजन होगा। इस दिन शाम को फाल्गुनी मस्ती से सराबोर कार्यक्रम होगा। इस दिन चूरू की रास बिहारी भजन मंडली के कलाकार फाल्गुनी गीतों पर बाबा के भजन व गुणगान करेंगे। फाल्गुनी मेले पर दरबार की साज सज्जा के लिए बेंगलुरू और कोलकाता से फूल मंगाए गए हैं।

## ढप-चंग पर हो रहा धमाल और गीतों का आयोजन

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं सहित शेखावाटी क्षेत्र में होली का त्योहार बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया जाता हैं। होली के त्योहार यहां के लोगों के लिए सांस्कृतिक विरासत और सामुदायिक एकता का प्रतीक है। फाल्गुन माह शुरू होते ही गांवों मे फाल्गुन की मस्ती परवान पर हैं। गांवों में शाम के समय लोग पारंपरिक लोकगीत गाते हुए ढप-चंग की थाप पर नाचते हैं। जो फाल्गुन की मस्ती को और भी खास बना देता है। गांवों में होली के दौरान गाए जाने वाले गीतों में प्रेम, भक्ति और मस्ती के भाव छिपे होते हैं। जो इस त्यौहार को और भी मनमोहक बना देते हैं। यहां की होली त्योहार सिर्फ रंगों का नहीं, बल्कि सांस्कृतिक विरासत और सामुदायिक एकता का प्रतीक है। होली पर्व से पहले गांवों में फाल्गुन की ढप-चंग की थाप पर थिरकते ग्रामीणों से बताया की बसंती पंचमी से ही गांवों में फागोत्सव शुरू हो जाता हैं। गांवों में ढप-चंग मंडलिया धमाल गायन करती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि धमाल लोक संस्कृति को बताती हैं।

# सौहार्द और स्वस्थ वातावरण बनाने का माध्यम खेल : मेवाड़ा

## पुराड़ा में चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू, उद्घाटन मैच मालनू ने जीता

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** उपखंड के पुराडा गांव स्थित न्यू कॉलोनी खेल मैदान में रविवार को चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुमेरपुर विधानसभा 121 कांग्रेस प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा के सानिध्य में किया गया। समस्त मेघवाल समाज पुराड़ा की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि मेवाड़ा ने सर्वप्रथम बाबासाहेब अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें याद कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर समस्त मेघवाल समाज युवा कार्यकर्ताओं ने मेवाड़ा का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। आयोजकों त्रिलोक दहिया व दिलीप परिहार ने बताया कि मुख्य अतिथि मेवाड़ा ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर टॉस का सिक्का उछालकर टूर्नामेंट का आगाज किया। उन्होंने पहली बोल खेलकर प्रतियोगिता शुरू करवाई। प्रतियोगिता में आस-पास क्षेत्र से कुल 20 टीमें भाग ले रहीं हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच मालनू व पुराड़ा-2 के बीच खेला गया। मालनू ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ऑवर में तीन विकेट में 140 रन बनाते हुए पुराड़ा-2 को 141 रनो का टारगेट दिया। रनो का पीछा करने उतरी पुराड़ा-2 टीम सीत विकेट खोकर 112 रन ही बना सकी। मालनू टीम विजेता रहीं। आयोजक प्रवीण दादावत व महेन्द्र परिहार ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 20 टीमें भाग ले रहीं हैं। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 12 मार्च को खेला जाएगा। जिसमें विजेता टीम को 21 हजार नकद व ट्रॉफी व उप विजेता टीम को 11 हजार व ट्रॉफी से नवाजा जाएगा। प्रतियोगिता में लीग मैच आठ-आठ ऑवर, सेमी फाईनल 10 व फाईनल 12 ऑवर के होंगे। इससे पूर्व उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए हरिशंकर मेवाड़ा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल जीत-हार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में सौहार्द और स्वस्थ वातावरण बनाने का माध्यम है और तन, मन को भी स्वस्थ रखते हैं। खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए उत्कृष्ट खेल दिखाए। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उम्दा प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी अपने नाम करने की शुभकामनाएं दी। उद्घाटन के मौके पर जरावी देवी, युवा कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष शैतान कुमार, युवा नेता लखन मीणा, त्रिलोक दहिया, दिलीप परिहार, प्रवीण दादावत, महेंद्र परिहार, मांगीलाल दहिया, अमृत परिहार पराखिया, देवाराम, भरत, सुरेंद्र, रमेश कुमार एवं सैकड़ों ग्रामीणजन दर्शक उपस्थित रहें।



# ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त बनाने की शपथ दिलाई

**सुमेरपुर।** टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान कार्यक्रम की समीक्षा बैठक रविवार को ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. गोविंद सिंह चुंडावत के अध्यक्षता में पंचायत समिति सभागार में संपन्न हुई। ब्लॉक कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार गिरी ने बताया कि सुमेरपुर में पांच मार्च से चल रहे टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर ब्लॉक से आए सभी आशा, एएनएम को अपने क्षेत्र की ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीसीएमओ डा. गोविंद सिंह ने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत प्रदेश में राज्य क्षय अनुभाग राजस्थान की ओर से संपूर्ण राज्य में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत की दिशा में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। प्रदेश में 24 मार्च तक संचालित होने वाले इस अभियान का उद्देश्य टीबी (क्षय रोग) उन्मूलन को गति देना, समुदाय में टीबी की समय पर पहचान, उपचार एवं रोकथाम को सुदृढ़ करना है।



ब्लॉक कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद गिरी ने बताया कि अभियान के तहत प्रमुख इंडिकेटर्स संदिग्ध टीबी मामलों की जांच (प्रति 1000 जनसंख्या पर 30 से अधिक), टीबी नोटिफिकेशन दर (प्रति 1000 जनसंख्या पर से कम से कम एक मरीज की पहचान), उपचार सफलता दर (85% लक्ष्य), ड्रग सेप्टिबिलिटी टेस्ट (60% मरीजों के लिए), निक्षय पोषण योजना का लाभ (100% लक्ष्य), निक्षय मित्र द्वारा पोषण किट वितरण (100% लक्ष्य) निर्धारित किए गए हैं। कार्यशाला में सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर कल्पेश जोशी के द्वारा उपस्थित कार्मिकों को अपने क्षेत्र की ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने के संबंध में शपथ दिलवाई तथा विस्तृत जानकारी दी गई। इस बैठक में वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन बिन्जाराम, नर्सिंग ऑफिसर अशोक कुमार, फार्मासिस्ट मोडाराम व कविता, कंप्यूटर ऑपरेटर इमरान महेंद्र व अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

## एक शाम शनिदेव के नाम विशाल भजन संध्या

# भामाशाहों जनप्रतिनिधियों ने शनिदेव मंदिर निर्माण में हिस्सा लिया

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नारलाई।** कस्बे में एक शाम शनिदेव के नाम विशाल भजन संध्या शनिवार रात्रि में राजस्थान के सुप्रसिद्ध भजन गायक श्याम आचार्य, जेठाराम माडल व दिपक राठौड़ द्वारा गणपति वंदना के साथ भजन संध्या का आगाज किया। दिपक राठौड़ ने चलों बुलावा आया है शनिदेव ने बुलाया है। अजय सुदामा ग्रुप दिल्ली द्वारा शानदार प्रस्तुति दीं गई। भजन संध्या के मुख्य अतिथि सरपंच शेखर मीणा, सूर्य वीर सिंह रावला नारलाई, देवाराम पुत्र इंदाराम चोधरी, कैलाश ठक्कर समाजसेवी, बाबुलाल चौधरी को टेस्ट कमेटी द्वारा माला और साफा द्वारा स्वागत किया गया। भजनों की प्रस्तुती पर ग्रामीणों ने जमकर नृत्य किया। इस अवसर पर मनोहर सिंह चौहान, वक्ता राम माली, दरगाराम कुम्हार, प्रेम दास वैष्णव, वरदाराम चौधरी, सवाराम बोस, अन्नाराम सरगरा, दिनेश मीणा, भरत टेलर, नरेश सुथार सहित सभी कार्यकर्ता और सभी ग्रामीण मोजूद थे। मंच संचालन राजेन्द्र सिंह गहलोत ने किया।



# कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय का किशोरी बाल मेला कल

**नाड़ोल।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हो रहा है। देसूरी ब्लॉक स्तरीय किशोरी बाल मेला एवं वार्षिकोत्सव के साथ विदाई समारोह 11 मार्च मंगलवार सुबह 9.30 बजे आशापुरा माताजी मंदिर परिसर में आयोजित होगा जिसके मुख्य अतिथि पुष्पेन्द्रसिंह राणावत विधायक, बाली, अति विशिष्ट अतिथि संगीता कंवर अमरसिंह राजपुरोहित, प्रधान-देसूरी, राहुल राजपुरोहित, जि.शि.अ. (मा. शि.) मुख्यालय-पाली, अध्यक्षता फूलकंवर सरपंच नाडोल, विशिष्ट अतिथि करणसिंह उचियारड़ा, अध्यक्ष आशापुरा माताजी मंदिर ट्रस्ट नाडोल, ठाकुर अभिमन्युसिंह उद्योगपति एवं समाजसेवी- फालना गांव, सुशीला गौड़ पूर्व प्रधान एवं ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस-देसूरी, चन्द्रशेखर मेवाड़ा सरपंच घाणेराव एवं जिलाध्यक्ष सरपंच संघ पाली भवानीसिंह राजपुरोहित, उप सरपंच नाडोल एवं समस्त जनप्रतिनिधिगण समस्त भामाशाह संरक्षकलालाराम प्रजापत जि.शि.अ. (नवपदौन्नत) सी.बी.ई.ओ. कार्यालय देसूरी मोहनलाल बलाई मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, देसूरी मंगलाराम नायक अति. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी देसूरी, हिराराम घांची पूर्णिमा स्वीट्स, सुरेश कुमार माली एवन फास्ट फुड, मनीष भाई मेवाड़ा रुप रजत वॉटर सप्लायर,रमेश भारती रुप रजत एम्पोरियम, विजयसिंह चौहान नाडोल, शेषाराम राठौड़, नोडल प्रधानाचार्या मधु पांडे रा.बा.उ.मा.वि. नाडोल, प्रधानाध्यापिका गरिमा डांगी एवं वार्डन मनीषा कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय टाइप एक नाडोल का सहयोग रहेगा।

# वृक्षों के बीना पर्यावरण की वायु शुद्ध नहीं हो सकती : योगेश शुक्ला

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** वैश्विक पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए नेशनल हाइवे -62 पर टोल प्लाजा कंपनी इंटराइज-ब्यावर पाली पिंडवाड़ा टोलवे प्राइवेट लिमिटेड और मार्केटिंग द डिफेंस एनजीओ टीम के साथ मिल कर वृक्षारोपण (डेंस फॉरेस्ट) कर पर्यावरण को बचाने और शुद्ध प्राणवायु से स्वच्छ जीवन देने का संदेश दिया। वैश्विक तापमान में वृद्धि और ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते खतरे से पर्यावरण को पुनर्जीवन देने के उद्देश्य से टोल प्लाजा कंपनी और एनजीओ टीम व स्थानीय विद्यालय छात्रों द्वारा 3000 से अधिक पौधे लगाए गए, साथ ही विद्यालय के छात्रों को हरियाली व पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रिशिता सिंह, मैनेजरटेक एनएचएआई सतीश कुमार, इंटराइज प्रोजेक्ट हैड दीपक विश्वकर्मा, फाउंडर मार्किंग द डिफरेंश, संजय मारवाड़ी आपरेशन हेड बीपीपीटीएल, योगेश कुमार शुक्ला बिरामी टोल मैनेजर, मनीष श्रीवास्तव एजीएम मेंटेनेंस, सुनील बाजपेयी लाइजनिंग मैनेजर, लोकेश प्रोजेक्ट मैनेजर मिया वाकी, रूट मैनेजर मूलचंद खिची, हेमंत शर्मा, शाद खान, अक्षय जगराम, हितेश तकनीकी विशेषज्ञ, इंदर सिंह केनपुरा एवं समस्त इंटराइज टीम ब्यावर पाली पिंडवाड़ा टोलवे आदि सम्मिलित थे। वृक्षों के बिना पर्यावरण की वायु शुद्ध नहीं हो सकती। वृक्ष हमारे लिए ऑक्सीजन प्रदाता का कार्य करते हैं। इसके अतिरिक्त वृक्षों से हमें अनेक उपयोगी वस्तुएं, पदार्थ प्राप्त होते हैं। वृक्षों को लगाने से आसपास का वातावरण शुद्ध होता है और वातावरण में ऑक्सीजन की मात्रा में बढ़ोतरी होती है व वातावरण में ठंडक रहती है।



# बीसलपुर में निःशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बीसलपुर के श्री भैरव आय हॉस्पिटल में एक विशेष पहल की गई। भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर और श्री भैरव चेरिटेबल ट्रस्ट बीसलपुर ने संयुक्त रूप से निःशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन किया। यह शिविर ट्रस्ट के संस्थापक श्री राजमल एस जैन के 92वें जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित किया गया। बाली के तहसीलदार जितेन्द्र सिंह राठौड़ ने बतौर मुख्य अतिथि शिविर का उद्घाटन किया। नरेन्द्र परमार, महावीर सिंह देवड़ा और महिपाल राठौड़ विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। आयोजक अनिल जैन के नेतृत्व में शिविर में दिव्यांगजनों को विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए गए। इनमें व्हीलचेयर, ट्राई साइकल, बैसाखी, कृत्रिम पैर, कृत्रिम हाथ, कान की मशीन और कैलीपर शामिल थे। नरेन्द्र परमार ने कहा कि राजमल जैन का सेवा कार्य न केवल गोडवाड बल्कि पूरे राजस्थान के लिए प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने बताया कि अनिल जैन भी उन्हीं के पदचिह्नों पर चल रहे हैं। विशेष रूप से बीसलपुर और सुमेरपुर में की जा रही सेवाएं सराहनीय हैं। कार्यक्रम का संचालन नवीन जोशी ने किया।



## ब्रहमकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय देसूरी

# शिव बाबा का झंडारोहण किया

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** राठेलाव चौराहे स्थित ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा देसूरी में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर शिव बाबा का झंडारोहण किया गया। साथ ही अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था। शिव बाबा के झंडारोहण और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इस आयोजन में आत्मा के कल्याण, ध्यान और सतधर्म की पुनर्स्थापना पर जोर दिया गया। बीके सुचिता बहन ने योग और ध्यान के महत्व को रेखांकित किया। वहीं योग गुरु मांगू नाथ महाराज ने महिलाओं को झांसी की रानी की तरह अत्याचार के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा दी। महिलाओं के उत्थान और समाज में आध्यात्मिक जागरूकता लाने के इस आयोजन में स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों और ब्रह्मकुमारीज के सदस्यों की भागीदारी ने इसे और अधिक प्रभावशाली बनाया। ऐसे आयोजनों से समाज में नैतिकता और आत्मिक उन्नति को बल मिलता है। इस अवसर पर राजयोगिनी बी.के सुचिता बहन, बी.के कविता बहन, विदेशी बी.के दलीला, योग गुरु बाबा मांगू नाथ महाराज, सरपंच केसाराम भील, मुकेशपुरी गोस्वामी, फूआ राम चौधरी, भंवर प्रजापति, दित्वीय प्रकाश त्रिवेदी, मांगीलाल गहलोत, भीखसिंह, हीरालाल, लक्ष्मीनारायण, प्रवीण, रक्मा राम, गुलाब राम, गीता, संगीता, कलावती, कमला, लीला, सुशीला, पारसी, चंदा, नीतिका, केसर, पवन, जशोदा, संतोष आदि मौजूद रहे।



# महावीर इंटरनेशनल का स्वास्थ्य जांच शिविर संपन्न

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** महावीर इंटरनेशनल के द्वारा आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन श्री चंद्रभोलेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में किया गया। संस्था के सदस्यों द्वारा व्यवस्था बनाते हुए 70 सदस्यों का स्वास्थ्य जांच हेतु रजिस्ट्रेशन प्राप्त कर सैंपल लिए गए। स्वास्थ्य जांच शिविर को अध्यक्ष शैलेश बोहरा के सानिध्य में श्रीगणेश कर आरंभ किया गया। सचिव गिरीश अग्रवाल ने बताया कि थायरोकेयर मुंबई के द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर में आमजन ने मात्र तीन घंटे के अल्प समय में रक्त जांच के माध्यम से करीब 72 तरहों की जांच से होने वाली बीमारियों का पूर्वानुमान लगाया जा सकता है। पुनः आने वाली 16 मार्च रविवार को श्री चंद्रभोलेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में आई रिपोर्ट पर मौजूद थायरोकेयर मुंबई के विशेष डाक्टरों से निःशुल्क परामर्श ले सकते है। उपस्थित सदस्यों में अध्यक्ष शैलेश बोहरा, सचिव गिरीश अग्रवाल, उपाध्यक्ष अमित मेहता, सह सचिव जगदीश सोनी, शिविर कार्यकर्म प्रभारी अमित मेहता, संभव जैन, पुनीत खाटेड, उमेश शर्मा एवं वरिष्ठ सदस्यों में मौजूद अनिल अग्रवाल, अंकित राठौड़, राकेश अग्रवाल, उमेश शर्मा, अंशुमान गोयल आदि सदस्य मौजूद रहे। संस्था के अध्यक्ष शैलेश बोहरा ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी संस्था द्वारा अनेकों कार्यकर्मों को इसी प्रकार से आमजन के लिए सफल बनाएं जाने पर जोर दिया।



# नाना क्षेत्र के विकास के लिए विधायक को पत्र

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** नाना क्षेत्र के स्थानीय लोगों ने विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत को विकास कार्यों के लिए पत्र सौंपा है। पत्र में चार प्रमुख मांगें रखी गई हैं। पहली मांग नाना ग्राम पंचायत मुख्यालय पर नई पंचायत समिति स्थापित करने और उपतहसील को तहसील में क्रमोन्नत करने की है। भौगोलिक, व्यापारिक, आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से नाना इस दर्जे का अधिकारी है। क्रेसर मोड से पाररिया तक सड़क निर्माण की मांग 1994 से लंबित है। यह मार्ग कोयलवाव, काकराड़ी और तिलकेश्वर महादेव समेत कई गांवों को उदयपुर से जोड़ेगा। इससे यात्रा दूरी कम होगी। क्षेत्र में राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय और महाविद्यालय की मांग भी की गई है। वर्तमान में छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए 38 से 42 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। मगरा क्षेत्र के छात्रों को 60 किलोमीटर तक की यात्रा करनी पड़ती है। यह स्थिति विशेषकर छात्राओं की शिक्षा को प्रभावित करती है। नाना के राजकीय प्राथमिक चिकित्सालय को सामुदायिक चिकित्सालय में बदलने की मांग है। यहां स्त्री रोग विशेषज्ञ नहीं है। भीमाना और चामुंडेरी के मरीजों का दबाव भी इस अस्पताल पर है। नियम के अनुसार एक लाख की आबादी पर सामुदायिक चिकित्सालय होना चाहिए। स्थानीय लोगों को महंगी निजी चिकित्सा सेवाओं का सहारा लेना पड़ता है।

इस दौरान- पूर्व जिला महामंत्री प्रताप सिंह भाटी, युवा मोर्चा अध्यक्ष हरयेश सिंह भाटी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष कानाराम देवासी, एसटी मोर्चा अध्यक्ष हेमाराम भील, महिला मोर्चा अध्यक्ष मनीषा कंवर, एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मदन मेघवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष कानाराम माली, मंडल उपाध्यक्ष सादलाराम देवासी, सोनाराम मेघवाल, पंचायत समिति सदस्य कन्या, सगीता गरासिया, पूर्व सरपंच चिमन सिंह मीणा, अजमी बाई, अम्बा देवी, रमेश माली, व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेंद्र बाफना, वरिष्ठ नागरिक अध्यक्ष महेंद्र सिंह भाटी, गोमाराम मीणा, कालूराम गरासिया, भारतीय किसान संघ अध्यक्ष बाली भवानी सिंह चौहान, नारायण लाल मारू, नाणा प्रशासक कमला देवी, लालपुरा रकमा देवी, लुन्दाडा जवानाराम, काकराड़ी राजाराम, खेतरली भूराराम, ठंडी बेरी रिंकू कुमारी, कुरन सवदी बाई, रामपुरा कैलाश गरासिया, कोयलवाव बासु बाई, आमलिया पोखरी बाई, मालनु रमेश मीणा नाडिया मीरा बाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।





▶▶ सड़क निर्माण, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग और तहसील बनाने की भी मांग

# चिकित्सालय परिसर में 11 परिंडे लगाए

**सुमेरपुर।** पशु चिकित्सालय सुमेरपुर में रविवार को पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत एवं शासन सचिव समित शर्मा के आदेशानुसार प्रदेश में गर्मी के मौसम की शुरुआत को देखते हुए भामाशाह योग प्रशिक्षक व आयुष नर्सेज महासंघ प्रदेश उपाध्यक्ष ललित मेघवाल द्वारा 11 परिंडे लगाए। ब्लॉक पशु चिकित्सालय अधिकारी डा. मुकेश कुमार चावला ने बताया कि राजस्थान सरकार के पशुपालन मंत्री एवं शासन सचिव के निर्देशानुसार भामाशाह के सहयोग से चिकित्सालय में पशु-पक्षियों के लिए मेघवाल ने 11 परिंडे लगाए और ब्लॉक की समस्त गोशालाओं में मुख बधीर पंछियों के दाना पानी के लिए 10-10 परिंड़े लगवाने की घोषणा की है। इस मौके पर पशु चिकित्सा अधिकारी डा. रामावतार यादव, पशु चिकित्सा अधिकारी डा. रणवीर सिंह मीणा, पशुधन प्रसार अधिकारी राधा कृष्ण जाट, पशुधन निरीक्षक प्रकाश मेघवाल, कार्मिक धर्मेंद्र और हर्षवर्धन सिंह राठौड़ मौजूद रहे।



# संत मनसुख हिरापुरीजी महाराज का जीवंत भंडारा

**सांडेराव।** रामेश्वर महादेव मंदिर हरि ओम आश्रम रामनगर में पिछले 26 वर्षो से विराजित संत मनसुख हिरापुरीजी महाराज का जीवंत भंडारा एवं उनकी शिष्या श्रीमती सायरी देवी मेवाड़ा की पुण्यतिथि पर शांति पाठ, कृष्ण होली फाग महोत्सव के साथ विभिन्न धार्मिक आयोजन 10 मार्च सोमवार को होगा। आयोजन को लेकर सभी तरह की तैयारियां पूरी कर दी गई है। रामेश्वर महादेव मंदिर परिसर व हरि ओम आश्रम रामनगर कों दुल्हन की तरह रंग बिरंगी रोशनी व फरियो से सजाया गया है। हरि ओम आश्रम रामनगर के भक्तराज सोनाराम कुमावत व रूघाराम चौधरी ने बताया कि 10 मार्च सोमवार अल सुबह ब्रह्म मुहूर्त में यहां पहुंचने वाले संत महात्माओं की पावन निश्रा में पंडितों की ओर से मुख्य यजमान की मौजूदगी में विशेष पूजा-अर्चना के साथ वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ शांति पाठ के बाद हवन-यज्ञ की शुरुआत होगी जिसकी पुर्णा आहुती दोपहर अभिजित मुहूर्त में होगी। इसके बाद 251 किलो गुलाल के पुष्प से कृष्णा होली फाग महोत्सव को लेकर फागों उत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान दूर-दूर से पहुंचने वाली भजन मंडलियों की ओर से गुरु देव के वंदावने करते हुए भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। सुबह 11 बजे बाल भोग के साथ महाप्रसादी का आयोजन शुरू होगा जो दोपहर डेढ़ बजे तक चलेगा। आयोजन को लेकर सोहन भाई माली चौटीला, नटवर मेवाड़ा सांडेराव, बालकिशन सोनी, नंदुभाई सोनी, जयकिशन कांजाणी, मांगीलाल चौधरी, सत्तुभाई अग्रवाल, पुखराज कुमावत सहित दुर-दराज से पहुंचे गुरुभक्त हरि ओम आश्रम रामनगर पहुंच तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हुए है।

# एनएसएस ने गोद ली बस्ती नीलकंठ महादेव में श्रमदान किया

**सुमेरपुर।** राजकीय महाविद्यालय सुमेरपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छठे दिन रविवार को प्रथम सत्र ध्यान और मानसिक स्वच्छता को समर्पित रहा। इस सत्र में डा. राजेंद्र राठौड़ एवं अनुपमा द्वारा स्वयंसेवकों को ध्यान (मेडिटेशन) की क्लीनिंग प्रोसेस करवाई गई। जिससे उन्हें मानसिक शांति और एकाग्रता बढ़ाने के महत्वपूर्ण उपायों की जानकारी मिली। द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में असिस्टेंट प्रोफेसर चक्रवर्ती सिंह ने एनएसएस के मूल कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वयं के बोध कार्य, परिवार नियोजन, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक स्वच्छता की महत्ता पर विस्तृत चर्चा की। उनके प्रेरणादायक विचारों से स्वयंसेवकों को समाज सेवा और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक होने की प्रेरणा मिली। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी राहुल पलसानिया ने बताया की शिविर के अंत में एनएसएस स्वयंसेवकों ने गोद ली गई बस्ती नीलकंठ महादेव में श्रमदान किया और स्थानीय निवासियों को नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। स्वयंसेवकों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता का संदेश फैलाकर जनमानस को जागरूक करने का कार्य किया।

# मातृ शक्ति सम्मान समारोह में 25 महिलाएं सम्मानित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** नवभारत सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट परिवार द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में मातृ शक्ति सम्मान समारोह एवं निःशुल्क फिजियोथेरेपी कैंप का आयोजन ट्रस्ट के संस्थापक व अध्यक्ष पंकज राज मेवाड़ा के सानिध्य में आर्य समाज के सामने डा. हाउस में किया गया। जिसमें डा. विनोद सुथार, डा. अयोध्या प्रसाद एवं डा. मेहराम चौधरी द्वारा 68 महिलाओं की जांच कर उन्हें गठिया, जोड़ों में दर्द, पीठ दर्द, डिस्क हर्नियशन, साइटिका, स्ट्रोक, मल्टीपल स्केलेरोसिस, सर्जरी के बाद गतिशीलता और कार्यक्षमता को बहाल करने की वार्ता कर घर पर ही सरल तरीके से व्यायाम और योग करने के तरीके बताए गए।

सचिव डा. कमलेश कुमार ने बताया कि एएसआई ललिता मीणा के सानिध्य में समाज सेवा में अग्रणी सेवा कार्य करने वाली महिला उषा अग्रवाल (अध्यक्ष सनातन धर्म महिला सेवा समिति शिवगंज-सुमेरपुर, सचिव हस्तु खंडेलवाल, सुशीला माली, पुष्पा सोनी, शशि गुप्ता, मीना अग्रवाल, कृष्णा कुमावत, नर्मदा सोनी, लीला चौहान, ललिता सुथार, लता ओझा, उषा माली, शकुंतला अग्रवाल, उषा गोयल, गुंजन मित्तल, ईदू मौर्यवंशी, मंजू सेन, पूनम भारद्वाज, नंदनी शर्मा, भाग्यश्री शर्मा, अंजली अग्रवाल, प्रियंका मेवाड़ा आदि महिलाओं का अपर्णा पहनाकर व शाल ओढ़ाकर बहुमान किया। सभी महिलाओं के साथ केक काटकर महिला दिवस मनाया। सम्मान समारोह में सरंक्षक नेनमल सोनी, झुमरलाल गर्ग, चंपालाल सोनी, गोविंद राठौड़, हरिराम सोनी, एडवोकेट जयंतीलाल माली, नरेंद्र सिंह चौधरी, मदन प्रजापत एवं बलवंत सिंह देवड़ा का सहयोग रहा।



महिला प्रीमियर लीग

# गुजरात जाइंट्स से आज मुंबई इंडियंस की भिड़ंत





**गुजरात जाइंट्स**
- एशले गार्डनर (कप्तान), लॉरा वोलवार्ट, भारती फुलमाली, फोबे लिचफील्ड, सिमरन शेख, डेनिएल गिब्सन, डी हेमलता, डिएंड्रा डोटिन, हरलीन देओल, सयाली सतघरे, तनुजा कंवर, बेथ मूनी, केशवी गौतम, मन्नत कश्यप, मेघना सिंह, प्रकाशिका नाइक, प्रिया मिश्रा और शबनम शकील।

**मुंबई इंडियंस**
- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), अक्षिता माहेश्वरी, अमनदीप कौर, अमनजोत कौर, अमेलिया केर, क्लो ट्रायोन, हेली मैथ्यूज, जिंतिमनी कलिता, कीर्तना बालाकृष्णन, नेदिन डि क्लर्क, नैट स्काइवर-ब्रंट, सजीवन सजना, संस्कृति गुप्ता, जी कमालिनी, यस्तिका भाटिया, पारुणिका सिसोदिया, सेइका इशाक और शब्निम इस्माइल।

**मुंबई।** लीग चरण में अब सिर्फ दो मैच बचे हैं तब मुंबई इंडियंस की नजरें सोमवार को यहां फॉर्म में चल रहे गुजरात जाइंट्स के खिलाफ जीत के साथ महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल करने पर टिकी होंगी। यूपी वारियर्स ने शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को 12 रन से हराकर इस गत चैंपियन टीम को प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर किया। इसके साथ ही दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियंस और गुजरात जाइंट्स का प्ले ऑफ में जगह बनाना तय हो गया। हालांकि अब भी अंक तालिका में टीमों का स्थान तय नहीं है। तीसरे डब्ल्यूपीएल का अंतिम चरण ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला जाएगा जो हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली मुंबई इंडियन्स का घरेलू मैदान है और उन्होंने 2023 में यहां पहले सत्र का खिताब जीता था। टीम अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल करने की कोशिश करेगी। लीग चरण के अंत में अंक तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम को सीधे फाइनल में प्रवेश मिलेगा और सोमवार और मंगलवार को लगातार दो मैच खेलने वाले मुंबई इंडियंस का लक्ष्य दिल्ली कैपिटल्स से आगे निकलना होगा जो अभी 10 अंक और 0.396 के नेट रन रेट के साथ पहले स्थान पर है। तालिका में शीर्ष पर रहने से मुंबई इंडियंस की टीम छह दिन के भीतर चौथा मैच खेलने से भी बच जाएगी जो एलिमिनेटर होगा। यहां की गर्म और आर्द्र परिस्थितियों में लगातार मुकाबले खेलना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होता। मुंबई की टीम अभी आठ अंक और 0.267 के नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है। टीम अगर गुजरात जाइंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ अपने अंतिम दोनों मैच जीत लेती है तो 12 अंक के साथ शीर्ष पर जगह बना सकती है।

> दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम बृहस्पतिवार को एलिमिनेटर से भिड़ेंगी

वर्तमान में आठ अंक और 0.334 के नेट रन रेट के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद गुजरात की टीम मुंबई इंडियंस को हराने पर अधिकतम 10 अंक हासिल कर सकती है जिससे टीम दिल्ली कैपिटल्स के समान अंक बना लेगी।
ऐसी स्थिति में नेट रन रेट यह निर्धारित करेगा कि अंक तालिका में टीमों की स्थिति कैसी होगी। दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम बृहस्पतिवार को एलिमिनेटर में भिड़ेंगी जबकि फाइनल शनिवार को खेला जाएगा।
लेकिन मुंबई की राह आसान नहीं होगी क्योंकि जाइंट्स ने लगातार तीन बड़ी जीत दर्ज करके अंतिम तीन में जगह बनाई है। गुजरात का बल्लेबाजी क्रम एकजुट होकर रन बना रहा है जबकि गेंदबाजों ने भी लय हासिल कर ली है। प्लेऑफ में पहली बार जगह बनाने से भी जाइंट्स की टीम प्रेरित होगी जिन्होंने अपने शुरुआती चार मैच में से तीन गंवाने के बाद जोरदार वापसी की। दूसरी ओर मुंबई ने अब तक छह मैच में से चार जीते हैं जबकि दो गंवाएं हैं।

# विश्व चैंपियन गुकेश सभी प्रारूप में प्रतिस्पर्धा को तैयार

## ▶▶ क्लासिकल शतरंज को बताया महत्वपूर्ण



**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर और विश्व चैंपियन डी गुकेश ने कहा कि वह सभी प्रारूपों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं। गुकेश ने हालांकि, क्लासिकल शतरंज को सबसे महत्वपूर्ण बताया। गुकेश ने पिछले साल चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया था। गुकेश का मानना है कि वह इस बात से इत्तेफाक नहीं रखते कि शतरंज दो गुटों में बंट जाएगा। गुकेश ने कहा कि फ्रीस्टाइल शतरंज जहां रोमांच पैदा करता है वहीं अपने समृद्ध इतिहास के साथ क्लासिकल शतरंज हमेशा सबसे महत्वपूर्ण बना रहेगा। शतरंज में अभी दो वर्ग सामने आ रहे हैं। इनमें एक वर्ग जहां फ्रीस्टाइल का समर्थक है तो दूसरा वर्ग क्लासिकल शतरंज के प्रति वफादार बना हुआ है। इससे शतरंज में विभाजन की संभावना बन गई है। गुकेश ने एक समाचार चैनल के कार्यक्रम में कहा, मैं इसके बारे में ज्यादा नहीं सोचता। फ्रीस्टाइल काफी रोमांचक है और मैं इसमें खेल कर खुश हूं, लेकिन यह कहना जल्दबाजी होगी कि यह तेजी से आगे बढ़ रहा है। फ्रीस्टाइल में अभी तक केवल दो ही बड़े टूर्नामेंट हैं। मैं चाहता हूं कि फ्रीस्टाइल सशक्त हो जाए लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह शतरंज के मूल प्रारूप पर हावी हो जाएगा। क्लासिकल शतरंज का इतिहास और विरासत इसे और अधिक महत्वपूर्ण बनाती है। क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज के साथ फ्रीस्टाइल का जुड़ना खेल के लिए अच्छा है लेकिन यह देखना बाकी है कि यह प्रारूप कैसे आगे बढ़ता है। मैं सभी प्रारूपों में खेलने के लिए तैयार हूं।

**शतरंज ग्रैंडस्लैम टूर में खेलने की पुष्टि की**

गुकेश ने इसके साथ ही सात से 14 अप्रैल तक होने वाले फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंडस्लैम टूर के पेरिस चरण के लिए अपनी भागीदारी की पुष्टि की। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन और गुकेश उन चोटी के 12 ग्रैंडमास्टर में शामिल है जिन्होंने इस टूर्नामेंट के पेरिस चरण में भाग लेने की पुष्टि की है।

# मोहाली में पांच अप्रैल को आईपीएल



**मोहाली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन में पंजाब किंग्स फ्रेंचाइजी अपने होम ग्राउंड महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, मुल्लांपुर मोहाली में होने वाले मैचों के लिए टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग (रविवार) दोपहर 1 बजे से शुरू हो गई है।

**महेंद्र धोनी और विराट कोहली होंगे मैदान में**

इस बार दर्शकों को पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली को पहली बार इस मैदान पर खेलते देखने का मौका मिलेगा। इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स के अधिकतर मैच धर्मशाला में होते थे, लेकिन इस बार धोनी और कोहली दोनों ही मुल्लांपुर स्टेडियम में पहली बार खेलते नजर आएंगे। पंजाब किंग्स ने बताया कि टिकट डिस्ट्रिक्ट एप, पंजाब किंग्स की आधिकारिक वेबसाइट और एप के जरिए खरीदे जा सकते हैं। जनरल अपर टियर और जनरल टैरेस स्टैंड के टिकट 1250 और 1750 रुपए से शुरू होंगे।

# तलाक के कुछ ही दिन बाद प्यार में पड़े चहल?

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार स्पिनर युजवेंद्र चहल का पिछले महीने धनश्री वर्मा से तलाक हुआ था। हालांकि, अब चहल अपने पुराने रिश्ते को पीछे छोड़ आगे बढ़ चुके हैं और खुश हैं। चहल को भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मैच के दौरान दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में स्पॉट किया गया। खास बात ये थी कि उनके साथ एक मिस्ट्री गर्ल भी बैठी हुई नजर आई। इस मिस्ट्री गर्ल के साथ युजवेंद्र चहल काफी खुश नजर आ रहे थे। मैच के दौरान जैसे ही कैमरामैन की नजर चहल पर गई फैंस भी चौक गए।

# रवींद्र जडेजा ODI से लेंगे संन्यास?



**नई दिल्ली।** रवींद्र जडेजा, चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल मैच के बाद संन्यास ले सकते हैं। यह हम नहीं कह रहे हैं, बल्कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल मैच में ऐसे संकेत मिले हैं। दरअसल जब रवींद्र जडेजा ने अपने स्पेल के 10 ओवर पूरे किए तो विराट कोहली ने उन्हें गले लगाया। बस इसी लम्हे को देख कयास लगाए जा रहे हैं कि फाइनल मैच के बाद जडेजा संन्यास की घोषणा कर सकते हैं। बताते चलें कि जडेजा पहले ही टी20 फॉर्मेट से रिटायरमेंट की घोषणा कर चुके हैं। सोशल मीडिया पर अभी से रवींद्र जडेजा की रिटायरमेंट का टॉपिक वायरल हो चला है। लोग उन्हें अभी से भारतीय क्रिकेट के प्रति अपने योगदान के लिए धन्यवाद देने आगे हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल मुकाबले में जडेजा ने 10 ओवरों में सिर्फ 30 रन दिए और एक विकेट भी लिया। उन्होंने टॉम लैथम का विकेट लिया, जिन्होंने 14 रन बनाए। जडेजा चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में चार मैच खेलकर केवल चार ही विकेट ले पाए, जबकि फाइनल से पहले दो पारियों में बैटिंग करते हुए उन्होंने केवल 18 रन बनाए हैं। रवींद्र जडेजा ने फरवरी 2009 में श्रीलंका के खिलाफ अपना ODI डेब्यू किया था। पिछले करीब 16 सालों में जडेजा लंबे समय तक आईसीसी रैंकिंग में दुनिया के टॉप ऑलराउंडर खिलाड़ियों में से एक बने रहे। उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल मैच से पूर्व अपने 203 मैचों के वनडे करियर में 2,797 रन बनाए।

# शाहीन अफरीदी को पूरी दुनिया के सामने किया था बेइज्जत

## ▶▶ आईपीएल के लिए गुजरात टाइंटस से जुड़ा



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज मैथ्यू वेड आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस के साथ फिर से जुड़ेंगे। इस बार वे सहायक कोच की भूमिका निभाएंगे। 37 साल के मैथ्यू वेड आशीष नेहरा (मुख्य कोच), पार्थिव पटेल (बल्लेबाजी कोच), आशीष कपूर और नरेंद्र नेगी (सहायक कोच) वाली टीम के सहयोगी स्टाफ का हिस्सा बनेंगे। वेड ने टाइटंस के लिए दो सीजन (2022, 2024) में 12 मैच खेले हैं। उन्होंने कुल 161 रन बनाए। मैथ्यू वेड ने पिछले साल अक्टूबर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। उन्होंने 2011 में ऑस्ट्रेलिया के लिए डेब्यू किया था। अपने करियर में 36 टेस्ट, 97 वनडे और 92 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले।

## म नो रं ज न

IIFA अवाड्‌र्स

# शाहरुख-माधुरी का डांस रिहर्सल वीडियो लीक







IIFA 2025 का ग्रैंड आगाज हो चुका है। अब IIFA इवेंट से एक वीडियो सामने आ रहा है जिसमें शाहरुख खान और माधुरी दीक्षित साथ रिहर्सल करते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर ये वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में शाहरुख और माधुरी को दिल तो पागल है के हिट ट्रैक 'कोई लड़की है' पर बच्चों के ग्रुप के साथ डांस करते हुए देखा जा सकता है। शाहरुख काले रंग की ड्रेस में नजर आए, जबकि माधुरी काले और सफेद रंग के खूबसूरत एन्सेम्बल में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। दोनों को सालों बाद इस गाने पर डांस करते देख फैंस की यादें ताजा हो गईं। ये वीडियो X यूजर ने शेयर किया है जिसपर फैंस ने कमेंट्स किए हैं।
एक फैन ने लिखा, 'आज का प्यार वीडियो', एक अन्य यूजर ने लिखा, 'ये लोग तो बूढ़े नहीं हो रहे', एक और यूजर ने लिखा, 'ये बेस्ट परफॉरमेंस होने वाली है', एक यूजर ने लिखा, 'नॉस्टैल्जिया'। शाहरुख और माधुरी ने कई फिल्मों में साथ काम किया है, जिनमें हम तुम्हारे हैं सनम, दिल तो पागल है, देवदास, कोयला, अंजाम जैसी हिट फिल्में शामिल हैं। इन फिल्मों में उनकी जोड़ी को ऑडियंस ने बहुत पसंद किया है। उनके ऑन-स्क्रीन रोमांटिक केमिस्ट्री ने दिलों को जीता है। IIFA 2025 का ग्रैंड अवार्ड शो जयपुर के एक्सीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित हो रहा है। इस साल, कार्तिक आर्यन, करण जौहर के साथ ये अवार्ड नाइट होस्ट करने वाले हैं। शाहरुख और माधुरी के अलावा, कृति सेनन, करीना कपूर और शाहिद कपूर परफोर्म करने वाले हैं।

# 'किंग' की शूटिंग के दौरान जख्मी हुए शाहरुख?

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान अभी अपनी अपकमिंग फिल्म 'किंग' की शूटिंग में बिजी हैं। बॉलीवुड के बादशाह की हाई ऑक्टेन एक्शन मूवी में खान के अलावा उनकी बेटी सुहाना खान भी अहम किरदार निभाती नजर आएंगी। अनाउंसमेंट के वक्त से ही फिल्म सुर्खियों में बनी हुई है और अब खबर है की मूवी की शूटिंग के दौरान खान चोटिल हो गए हैं। शाहरुख हाल ही में जयपुर एयरपोर्ट पर नजर आए जहां उनके फैंस काफी वक्त से उनका इंतजार कर रहे थे। एक इवेंट के सिलसिले में राजस्थान पहुंचे खान के फैंस ने उनका जोरदार स्वागत किया। पापाराजी और फैंस की भीड़ के बीच से निकलते शाहरुख के कंधे पर एक ब्लैट टेप साफ नजर आ रहा था। किंग खान के कुर्ते के अंदर से झांकता यह टेप लोगों की जिज्ञासा बढ़ा रहा था। खान की तस्वीरें जब सोशल मीडिया पर आईं तो लोगों ने यह कयास लगाने शुरू कर दिए कि शायद किंग खान फिल्म की शूटिंग के दौरान इंजर्ड हो गए हैं। उन्होंने यह बैन्डेज किसी और वजह से तो नहीं लगाया था यह अभी साफ नहीं है, लेकिन अभी तक इसकी वजह शूटिंग के दौरान इंजरी ही मानी जा रही है। फिल्मों के स्टंट करने के दौरान शाहरुख खान को पहले भी कई बार चोटें लग चुकी हैं। मांसपेशियों में खिंचाव या फिर किसी और तरह की इंजरी में इस तरह के टेप का इस्तेमाल डाक्टर्स करते हैं। फिल्म 'किंग' का एक्शन सीक्वेंस शूट करना शाहरुख ने बीते दिनों ही शुरू किया है और अब इसी दौरान उनके कंधे पर यह टेप नजर आना इसी ओर इशारा कर रहा है कि शाहरुख को यह चोट शूटिंग के दौरान लगी है।

# कैटरीना कैफ के बार्बी लुक की हो रही तारीफ



बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ पिछले कुछ दिनों से अपनी बेस्ट फ्रेंड करिश्मा कोहली के शादी के फंक्शन में बिजी थीं। एक्ट्रेस के कई वीडियोज सामने आए जिसमें उन्हें परफॉर्म करते देखा गया था। अब एक नए वीडियो ने फैंस को खुश कर दिया है। दरअसल, बीती रात कैटरीना ने पति विक्की कौशल के साथ दोस्त की शादी के रिसेप्शन में बार्बी डॉल बनी हुईं शामिल हुई। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें स्टार कपल रिसेप्शन के बाद अपने घर को लौटते देखे गए। इस मौके पर दोनों बेहद खूबसूरत लग रहे थे। वीडियो में देखा जा सकता है कि ब्लैक सूट में विक्की, कैटरीना का हाथ पकड़ कर उन्हें गाड़ी तक एस्कॉर्ट कर रहे हैं। एक्ट्रेस पिंक ऑफ शोल्डर ड्रेस में किसी बार्बी डॉल से कम नहीं लग रही हैं। उन्होंने अपने इस लुक को मिनिमल मेकअप के साथ पूरा किया। इस वीडियो के सामने आने के बाद फैंस, स्टार कपल की तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट कर विक्की को ग्रीन फ्लैग हस्बैंड बताया, एक दूसरे यूजर ने लिखा, 'केन को बार्बी मिल गई', एक अन्य यूजर ने लिखा, 'ये फिल्म इंडस्ट्री की बेस्ट जोड़ी है', एक और यूजर ने लिखा, 'काश ये भी फिल्म में साथ आए।' बता दें, विक्की कौशल और कैटरीना कैफ ने साल 2021 में राजस्थान के उदयपुर के ग्रैंड फंक्शन में शादी की थी। फंक्शन में दोनों की तरफ से सिर्फ 120 लोग ही शामिल हुए थे।

# फैमिली के साथ बीच पर वेकेशन एंजॉय कर रही अनन्या पांडे



बॉलीवुड की गॉर्जियस गर्ल अनन्या पांडे इन दिनों अपनी फैमिली के साथ वेकेशन पर हैं। जिसकी तस्वीरें उन्होंने हाल ही में फैंस के साथ शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस सनकिस्ड फोटोज में हसीन पोज देती नजर आई। अनन्या पांडे इन दिनों विदेश में अपनी फैमिली के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड कर रही हैं। दरअसल पूरी पांडे फैमिली इस वक्त वेकेशन पर हैं। अनन्या पांडे इन दिनों विदेश में अपनी फैमिली के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड कर रही हैं। दरअसल पूरी पांडे फैमिली इस वक्त वेकेशन पर हैं। इस वेकेशन की कई खूबसूरत तस्वीरें अनन्या और उनकी मां भावना पांडे ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। जिसमें वो समुद्र किनारे पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। इस वेकेशन की कई खूबसूरत तस्वीरें अनन्या और उनकी मां भावना पांडे ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। जिसमें वो समुद्र किनारे पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं एक तस्वीर में अन्नया पांडे ट्रांसपेरेंट ड्रेस पहने बीच पर इठलाती हुई नजर आ रही हैं। भीगे बालों ने उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा दिए हैं। वहीं एक तस्वीर में अन्नया पांडे ट्रांसपेरेंट ड्रेस पहने बीच पर इठलाती हुई नजर आ रही हैं। भीगे बालों ने उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा दिए हैं। इस फोटो में भी अनन्या का लुक देखते ही बन रहा है। एक्ट्रेस की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। जिनपर फैंस भी प्यार लुटा रहे हैं। इस फोटो में भी अनन्या का लुक देखते ही बन रहा है। एक्ट्रेस की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं।

बॉलीवुड

# 'लव एंड वॉर' की तैयारी में जुटे रणबीर कपूर



एक्टर रणबीर कपूर की अगली फिल्म का फैंस को बड़ी बेसब्री से इंतजार है। संदीप रेड्डी वांगा के साथ 'एनिमल' जैसी ब्लॉकबस्टर हिट फिल्म देने के बाद अब रणबीर कपूर जल्द ही फिल्म 'लव एंड वॉर' में नजर आएंगे। निर्देशक संजय लीला भंसाली की इस फिल्म के लिए रणबीर कपूर अभी से तैयारियों में जुट गए हैं। रणबीर खुद तो सोशल मीडिया पर नहीं हैं, लेकिन उनके पर्सनल ट्रेनर ने सोशल मीडिया पर उनकी ट्रेनिंग की तस्वीरें और क्लिप साझा की हैं, जिनमें आप रणबीर कपूर को कड़ी मेहनत करके फिजीक बनाते देख सकते हैं।
एक पोस्ट में रणबीर कपूर को अलग-अलग तरह की पुल अप्स और क्रंचेज करते देखा जा सकता है, तो वहीं दूसरी पोस्ट में वह एक हाई बार से लटक रहे हैं। रणबीर कपूर के अलावा 'लव एंड वॉर' में विकी कौशल और आलिया भट्ट भी अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। फिल्म की कहानी या टीजर अभी तक सामने नहीं आया है, लेकिन जिस तरण रणबीर इसके लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं, उससे लगता है कि फिल्म में एक्शन और रोमांस दोनों ही भर-भरकर मिलने वाला है। रणवीर कपूर की तस्वीरों और वीडियोज पर लोगों ने उनकी खूब तारीफ की है। एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा- रणबीर फिल्म रामायण के लिए बिलकुल सही एक्टर हैं। प्रभास की तरह उन्हें किरदार के लिए VFX या CGI की जरूरत नहीं पड़ेगी। वहीं एक फैन ने लिखा- कड़ी मेहनत कर रहे हैं रणबीर। लव एंड वॉर में एक्शन का लेवल अप होने वाला है शायद।
बता दें कि इससे पहले रणबीर संजू और एनिमल जैसी फिल्मों के लिए तगड़ी बॉडी बना चुके हैं, लेकिन इस बार चुनौतियां अलग-अलग हैं।

# आमिर खान से शादी पर किरण राव के माता-पिता थे परेशान



आमिर खान ने दो शादियां कीं। पहली रीना दत्ता से और दूसरी किरण राव से। मगर दोनों से ही इनका तलाक हो चुका है, मगर रिश्ते अच्छे हैं। अब फिल्ममेकर ने एक्टर संग अपनी शादी के बारे में बताया है कि उनकी फैमिली का क्या रिएक्शन था। बातचीत में वह बोलीं कि मम्मी-पापा के लिए ये एक बड़ा झटका था कि कहीं उनकी बेटी आजादी न खो दे। किरण राव ने बताया कि उनका परिवार बहुत हैरान था। माता-पिता की नजरों में उनके लिए बहुत सारी उम्मीदें थीं। 'मैं एक ऐसी इंसान थी जो बहुत कुछ करना चाहती थी और उन्हें चिंता थी कि आमिर की बड़ी पर्सनालिटी के आगे मैं दब जाऊंगी। उनकी पॉप्युलैरिटी भारी पड़ सकती है।' किरण ने बताया कि उन्हें प्रेशर महसूस हुआ लेकिन सबसे ज्यादा सुकून इस बात से मिला कि एक्टर ने उन्हें वैसे ही अपनाया, जैसी वह थीं। किरण ने बताया, 'आमिर ने कभी मुझसे कभी ये नहीं कहा कि मुझे किस तरह से रहना है। उन्होंने मुझसे कोई ऐसी उम्मीद नहीं रखी। उन्होंने मुझे हमेशा वैसे ही रहने दिया, जिसमें मुझे खुशी मिली। और यह उनके बारे में सबसे अच्छी चीजों में से एक है।' आमिर खान और किरण राव ने 2005 में शादी की थी और 2021 में तलाक ले लिया था। इस बीच बेटे आजाद को जन्म दिया था। इतने साल की शादी भले टूट गई लेकिन दोनों आज भी दोस्त हैं। साथ में नजर आते हैं। इसके पहले उन्होंने रीना दत्ता के साथ 16 साल बिताए थे और 2002 में तलाक ले लिया था और दो बच्चों के पिता बने थे।


▸ बोले- नारायण पुरोहित धन्यवाद के पात्र, अपने स्तर पर गोसेवा में तल्लीन

▸ गोशाला में गोवंश को पदाधिकारियों के साथ खिलाई लापसी

# जागरूक गोशाला पहुंचे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़, गोसेवा देख गद्गद् हुए

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ रविवार को अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान जीरावला स्थित जागरूक गोशाला पहुंचे। जहां भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं गोशाला संचालकों के साथ ग्रामीणों ने अभूतपूर्व स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने कहा कि वे इस गोशाला में जहां करीबन सवा दो सौ के आसपास गोवंश पल रहा है, उनकी सेवा सुश्रुता हो रही है, वो एक सेवा की मिसाल है। गोशाला संचालक इसके लिए धन्यवाद के पात्र है। उन्होंने कहा कि वे यहां कई मर्तबा आ चुके है और हर बार गोवंश की सेवा से अभिभूत हुए। इधर रविवार को गोशाला पहुंचने पर माल्यार्पण, साफापोशी और तहे दिल के अभिवादन से स्वागत- सत्कार किया गया। करीब चार बजे गोशाला में राठौड़ सीधे गोवंश के पास पहुंचे और वहां भाजपा पदाधिकारियों के साथ गोवंश को लापसी खिलाई। इस मौके पर भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण पुरोहित ने आगंतुक मेहमानों को आभार व्यक्त कर उनका शीर्ष अभिवादन किया।

















## गो ग्रास की उपयोगिता बताई

प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ करीब एक घंटे तक गोशाला व सभा स्थल पर रहे। इस दौरान उन्होंने गोशाला की उपयोगिता के साथ साथ गो ग्रास की महत्ता और मान्यता भी बताई। उन्होंने कहा कि कमोबेश हर घर में भोजन के दौरान और विभिन्न आयोजनों में गो ग्रास निकाला जाता है। जो धार्मिक मान्यता के साथ सेवा का प्रकल्प भी है। जागरूक गोशाला में तो प्रतिदिन सैकड़ों गोवंश को ग्रो ग्रास उपलब्ध करवाया जा रहा है। इस सेवा के जज्बे को तहे दिन से सलाम है।

## शून्य टैक्स बजट, प्रदेशासियों के लिए खुशहाली का पैगाम

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने इस मौके पर बजट घोषणाओं को रेखांकित करते हुए कहा कि यह शून्य टैक्स बजट प्रदेशवासियों के लिए खुशहाली का पैगाम है। संगठन के कार्यकर्ताओं को चाहिए कि वे इस बजट की आम लोगों के बीच जाकर चर्चा करें और इस बजट से कमोबेश हर वर्ग, किसान, सड़कें, फ्लाइट्स, हवाई अड्डे, मूलभूत समस्याओं से निजात को बखूबी से अवगत कराएं।









## पूर्व जिलाध्यक्ष के गोसेवा जज्बे का कोई सानी नहीं

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने मंच पर दिए उदबोधन में कहा कि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण पुरोहित जो अपने स्तर पर दो सौ से अधिक गोवंश का संरक्षण और सेवा करते है, उनका कोई सानी नहीं है। उनके मन और कर्म में जो गोसेवा का जज्बा है, उनका फल भी अवश्य मिला है और भविष्य में मिलेगा भी। पूर्व में भी मैं गोसेवा को लेकर पुरोहित को धन्यवाद दिया है और मैं ही नहीं बल्कि शीर्ष पदाधिकारी भी पुरोहित की गोसेवा से वाकिफ है।

## मैं सिरोही जिले का ऋणी हूं

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने मंच पर कहा कि वे सिरोही जिले के ऋणी हूं। नारायण पुरोहित के जिलाध्यक्ष का जो कार्यकाल रहा में उसमें कई संगठन के ऐतिहासिक आयोजन हुए है। यहां प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के कार्यक्रम भी सफलतम रहे। मैं जिले का ही नहीं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष नारायण पुरोहित का भी सदैव ऋणी रहूंगा। आज उन्होंने अभूतपूर्व स्वागत सत्कार किया है। पुरोहित के कार्यकाल में यहां संगठन की नींव मजबूत हुई है।



## एक पौधा मां के नाम शुरु करें, यह क्षेत्र अनुकूल है

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने कहा कि यहां गोशाला सरीखी उम्दा सेवा की जा रही है और इस क्षेत्र का पानी व मिट्टी भी अनुकूल है। कार्यकर्ता यह मन बना लें कि उन्हें एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत अपनी सेवाएं शुरु करें ताकि गोसेवा के साथ-साथ यह समूचा क्षेत्र हरितिमा का लबादा ओढ सके।



## कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायणसिंह, जिलाध्यक्ष डा. रक्षा भंडारी, सांसद लुम्बाराम चौधरी, पिंडवाड़ा विधायक समाराम गरासिया, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश कोठारी, जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण पुरोहित, जिला महामंत्री योगेंद्र गोयल, पूर्व विधायक जगसीराम कोली, पूर्व जिला महामंत्री जयसिंह राव, मंडल अध्यक्ष हरीश चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष आत्माराम, दिपेंद्रसिंह पिथापुरा, माधुसिंह, मंडल मंत्री सुरेश पुरोहित, मंडल महामंत्री अनिल वैष्णव, मीडिया प्रभारी तरुण अग्रवाल, मुकेश पुरोहित, पूर्व प्रधान प्रज्ञा कुंवर, जिला उपाध्यक्ष बाबूभाई चौधरी, जोधाराम देवासी, गोशाला रक्षक मंछाराम सुथार, नरेश पांचाल, भीमाराम पांचाल, गोपाल माली, लोकेश खंडेलवाल, कुंदनमल राठी इत्यादि मौजूद थे।



---

एमओयू क्रियान्वयन की तृतीय समीक्षा बैठक

# राजस्थान को प्रमुख औद्योगिक केंद्र बनाना हमारा लक्ष्य : भजनलाल शर्मा

**जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के अंतर्गत हुए एमओयू को धरातल पर लागू करने की दिशा में प्रभावी कार्य किया जा रहा है, जिसके सुखद परिणाम आ रहे हैं। संबंधित विभागों को एमओयू की क्रियान्विति के लिए परस्पर सामंजस्य और सतत् मॉनिटरिंग करने के लिए निर्देशित किया। शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हुए एमओयू के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश को 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ राज्य सरकार राइजिंग राजस्थान समिट के तहत हुए एमओयू की क्रियान्विति सुनिश्चित कर रही है।**





## नए औद्योगिक क्षेत्र को जमीन करें चिह्नित

- शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार राजस्थान को देश का प्रमुख औद्योगिक केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में उन्होंने रीको को प्रदेश में नए औद्योगिक क्षेत्र के लिए जमीन की संभावना तलाश करने के लिए भी निर्देशित किया।

## मुख्यमंत्री करेंगे जिला प्रशासन की समीक्षा

- विकसित राजस्थान 2047 के लक्ष्य के दृष्टिगत प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र का विकास अतिआवश्यक है। इसलिए जिलों से लेकर गांव-ढ़ाणी तक राज्य सरकार की योजनाओं एवं नीतियों की प्रगति, बजट 2025-26 एवं राइजिंग राजस्थान एमओयू के क्रियान्वयन की सघन समीक्षा की जाए।

## इनकी रही उपस्थित

- मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) आलोक गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव उपस्थित रहे।

# स्नेहमिलन एवं नागरिक अभिनंदन समारोह संपन्न

▸▸ जनता जनार्दन के सुख-दु:ख में सहभागिता निभाने का आह्वान

▸▸ पूर्व विधायक पूराराम चौधरी के आवास पर आयोजन





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** भीनमाल के पूर्व विधायक पूराराम चौधरी के कावतरा स्थित आवास पर रविवार को स्नेह मिलन एवं नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। पूर्व विधायक कुछ समय से तबियत खराब होने की वजह से मुंबई के एक प्रतिष्ठित अस्पताल में भर्ती थे। जहां से पूर्ण स्वस्थ होकर वापिस लौटने एवं भीनमाल विधानसभा क्षेत्र से पहली बार भारतीय जनता पार्टी द्वारा जसराज राजपुरोहित को संगठन का जिलाध्यक्ष बनाने के उपलक्ष में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भीनमाल विधानसभा क्षेत्र के भारी तादाद में कार्यकर्ता शामिल हुए। जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित एवं पूर्व विधायक पूराराम चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। दोनों नेताओं ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने एवं जनता जनार्दन के सुख-दुख में सहभागिता निभाने का आह्वान किया। साथ ही पार्टी के लिए काम करने वाले समर्पित एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं को संगठन एवं सरकार में उचित मान स मान दिलाने का भी भरोसा दिलाया।

## यह भी रहे मौजूद

- कार्यक्रम में जोगसिंह नरसाणा, भरत मेघवाल, पीराराम गोरसिया, टीकमसिंह राणावत, रमेश रावल, प्रवीण एम दवे, महेंद्र सोलंकी, भरतसिंह भोजाणी, किशोर सांखला, जोरावरसिंह राव, भंवरलाल विश्नोई, सांवलाराम भील, बागोडा सरपंच मदनसिंह, कावतरा सरपंच गजेंद्रसिंह, वाड़ा भाडवी सरपंच किसनाराम, ठाकराराम रंगाला, पुखराज बगौटी, भागीरथराम विश्नोई, रतन खिलेरी, छैलपुरी गोस्वामी, हीराराम चौधरी वाली, चेलाराम चौधरी बगोटी, इंदरसिंह राणावत, एडवोकेट हेमलता जैन, लता व्यास, स्वामी दिव्यस्वरूप महाराज, बागोडा विकास अधिकारी अंकित कुमार, डीस्कॉम के अधिशाषी अभियंता पुनमाराम विश्नोई, तहसीलदार रामलाल जाट, रमेश विश्नोई, भादाराम देवासी, शंकरदान चारण सहित कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य मौजूद थे।